दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल
बिलासपुर, बुधवार, 21 जनवरी 2026 कृष्ण पक्ष-तृतीया, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 273 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

आम आदमी पार्टी ऐसे ही देश की खास राजनीतिक पार्टी नहीं कहलाती है। यह चुनाव आयोग और सरकारी खजाने का राजस्व बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभाती है। देश में कहीं भी कोई चुनाव हो आम आदमी पार्टी वहां चुनाव लड़ने पहुंच जाती है। अपने सभी प्रत्याशियों की जमानत जप्त करा कर एक नया रिकॉर्ड बनाती है। बिहार में सभी सीटों पर अपनी जमानत जप्त करा कर वह महाराष्ट्र भी पहुंच गई थी। बीएमसी के चुनाव में उसने ताल ठोकी और उसके सभी प्रत्याशियों ने कुल 481 वोट प्राप्त किये। इस उपलब्धि के लिए घुंघरू सेठ को नोबल पुरस्कार मिलना ही चाहिए।

साय कैबिनेट की अहम बैठक आज, कई बड़े फैसले की उम्मीद

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक 21 जनवरी को आयोजित की जाएगी। यह बैठक सुबह 11 बजे नवा रायपुर अटल नगर स्थित मंत्रालय, महानदी भवन में होगी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक 21 जनवरी को आयोजित की जाएगी। यह बैठक सुबह 11 बजे नवा रायपुर अटल नगर स्थित मंत्रालय, महानदी भवन में होगी। बैठक में राज्यहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा होने की संभावना है। सरकार की विभिन्न योजनाओं, नीतिगत निर्णयों और प्रशासनिक मुद्दों को लेकर मंत्रिपरिषद विचार-विमर्श कर सकती है। बजट से पहले होने वाली इस बैठक को खास माना जा रहा है, जिसमें विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर अहम निर्णय लिए जा सकते हैं।

चैतन्य की जमानत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची ईओडब्ल्यू-एसीबी

रायपुर/नवप्रदेश। शराब घोटाला मामले में चैतन्य बघेल की जमानत को ईओडब्ल्यू-एसीबी ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। वहीं अब इस मामले में 28 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। 3 जनवरी को 6 महिने बाद छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल जेल से बाहर आए थे। शराब घोटाले मामले में चैतन्य बघेल को ईडी ने 18 जुलाई को गिरफ्तार किया था। पिछले 6 महीने से चैतन्य बघेल रायपुर सेंट्रल जेल में बंद थे। शराब घोटाले मामले में आरोपी चैतन्य बघेल को बिलासपुर हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद जेल से रिहाई हुई थी। बता दें कि ईडी के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में शराब घोटाला मामले में चैतन्य बघेल मुख्य आरोपी हैं। आरोप है कि शराब घोटाले से हुई कमाई के पैसे को चैतन्य बघेल ने अपने कंपनी में निवेश किया है। ईडी की चार्जशीट में चैतन्य बघेल को लगभग 1000 करोड रुपए का फायदा होने की बात कही गई है। इस मामले में भ्रष्टाचार को लेकर ईओडब्ल्यू भी चैतन्य बघेल के खिलाफ जांच कर रही है। दोनों मामलों में जमानत मिलने के बाद आज चैतन्य बघेल की रिहाई हुई है।

70 करोड़ की चांदी ले उड़े व्यापारी तो बाजार में पसरा सन्नाटा

मथुरा/ए.। मथुरा सराफा बाजार में सन्नाटा पसरा हुआ है। चांदी की कीमत में बेतहाशा बढ़ोतरी से जूझ रहे कारोबार को चांदी लेकर गायब होने वाले व्यापारियों ने बड़ा झटका लगाया है। बाजार में भरोसे का संकट पैदा होने के कारण लेनदेन बहुत सीमित रह गया है। अभी तक 2300 किलो चांदी जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 70 करोड़ रुपये है, गायब होने की जानकारी मिली है। उधर, पुलिस भी गायब व्यापारियों की तलाश में जुट गई है। गायब कारोबारियों के मोबाइल सर्विलांस पर लगाए गए हैं। हालांकि पुलिस ने भी तक किसी मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं की है। सराफा बाजार से दो व्यवसायियों के 1500 किलो चांदी लेकर गायब होने के साथ ही एक अन्य व्यापारी के 800 किलो की चांदी के गबन के मामले सामने आए थे। इन घटनाओं के बाद कुछेक अन्य व्यापारी भी सामने आए हैं, जिनकी चांदी बाजार से ही जुड़े व्यापारियों के पास फंसी हुई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोले- हमारे यहां अध्यक्ष बदलते हैं आदर्श नहीं, भाजपा में 'नबीन' अध्याय की शुरुआत, छत्तीसगढ़ भाजपा ने मनाया जश्न

युवा नेतृत्व का जोश, 'नबीन' भाजपा के नए 'बॉस'

मोदी ने नितिन नबीन की पीठ थपथपाई, हाथ पकड़कर भाजपा अध्यक्ष की कुर्सी पर बिठाया

नई दिल्ली/ए.। नितिन नबीन मंगलवार को भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए। नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में उनके नाम का ऐलान किया गया। वे 14 दिसंबर 2025 को कार्यकारी अध्यक्ष बने थे। सोमवार को फुल टाइम अध्यक्ष पद के लिए इकलौता नामांकन आने पर वे निर्विरोध चुने गए। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने उन्हें माला पहनाई, फिर 55 मिनट के भाषण में कहा, 'मैं भाजपा का कार्यकर्ता हूं। मैं मानता हूं कि नितिनजी मेरे बॉस हैं। अब वे मेरे काम का आकलन करेंगे।'

बतौर अध्यक्ष नितिन नबीन ने पहले भाषण में कहा, 'राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मेरा निर्वाचन एक साधारण कार्यकर्ता की असाधारण यात्रा को मिला सम्मान है।'

नितिन ने पीएम मोदी का स्वागत किया: भाजपा मुख्यालय में नितिन नबीन ने पीएम मोदी का स्वागत किया। उनके साथ पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद थे। इस दौरान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नबीन का कार्यकाल पार्टी को नई गति प्रदान कर राष्ट्रसेवा के संकल्प को अधिक मजबूत करेगा : साय

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को श्री नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी का निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बधाई एवं शुभकामना दी और विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में उनका कार्यकाल पार्टी को नई गति प्रदान करते हुए राष्ट्र सेवा के संकल्प को और अधिक मजबूत करेगा। श्री साय ने श्री नबीन के कार्यकाल सफल, प्रेरक और

स्मरणीय रहने की मंगलकामना करते हुए कहा कि उनका संगठनात्मक अनुभव, कार्यकुशलता एवं समर्पण पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त बनाएगा। श्री नबीन के नेतृत्व में भाजपा संगठनात्मक रूप से नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगी और उनका मार्गदर्शन पार्टी संगठन एवं कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री नबीन का निर्वाचन राष्ट्रीय स्तर पर संगठन में युवा नेतृत्व पर विश्वास का प्रतीक है। उनकी प्रशासनिक और संगठनात्मक क्षमता उनके जमीन और कार्यकर्ताओं से संवेदना के स्तर पर जुड़े होने का प्रमाण है।

भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए राष्ट्र प्रथम, व्यक्तिगत हित बाद में: नबीन

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नये अध्यक्ष नितिन नबीन ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी में काम करने वालों के लिये राष्ट्र का हित सबसे ऊपर होता है और व्यक्तिगत हित का स्थान अंत में है। पार्टी के संगठनात्मक चुनाव में सोमवार को निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने के बाद नबीन ने आज पार्टी मुख्यालय में औपचारिक रूप से अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की उपस्थिति में श्री नबीन ने पार्टी के अध्यक्ष के रूप में कार्यकर्ताओं के समक्ष अपने पहले संबोधन में कहा, 'हम ऐसे राजनीतिक दल से जुड़े हैं, जहां...राजनीति सत्ता नहीं, साधना है। राजनीति भोग नहीं, त्याग है। राजनीति ऐशो-आराम नहीं, तपस्या है।राजनीति कोई

पदभार नहीं, उत्तरदायित्व है। नये भाजपा अध्यक्ष ने कहा, 'हम मन में राष्ट्र प्रथम, पार्टी उसके बाद तथा व्यक्तिगत हित सबसे बाद, के भाव से काम करते हैं।' उन्होंने अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर पार्टी का आभार व्यक्त करते हुए कहा, ' भाजपा के विस्तार में योगदान देने वाले हमारे शीर्ष नेतृत्व ने मुझ जैसे साधारण कार्यकर्ता को पार्टी के सर्वोच्च पद तक पहुंचाने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आप सभी को प्रणाम करता हूं। श्री नबीन ने इस अवसर पर पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों के योगदान का भी स्मरण किया और समारोह में उपस्थित मौजूद पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों का अभिवादन किया। उन्होंने कहा, ' 2006 में जब मैं पहली बार विधायक बना, तब से मैं देख रहा हूं कि राजनाथ सिंह जी ने किस प्रकार हर कार्यकर्ता से जुड़ने का प्रयास किया। नितिन गडकरी जी ने संगठन के हर मोर्चे को गढ़ने का काम ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एनडीए नेताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को दी बधाई

केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के प्रमुख जीतन राम मांझी ने नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बधाई दी। मांझी ने कहा कि नितिन नबीन का भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जाना हर बिहारी के लिए गौरव की बात है। अपने सौम्य और अनुशासित व्यवहार के कारण सभी के हृदय में जगह बनाने वाले नितिन नबीन को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नबीन का भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होना एक ऐतिहासिक क्षण है। एनडीए की प्रमुख सहयोगी दल भाजपा में इसे 'नबीन युग' की शुरुआत के तौर पर देखा जा रहा है। यह पल हर बिहारी के लिए गौरव का है क्योंकि दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल का नेतृत्व एक युवा बिहारी को मिला है। उन्होंने कहा कि अपने दल में संगठन के अंदर निष्ठा रखने वाले नबीन से युवा राजनीतिक कार्यकर्ताओं को सीखना चाहिए कि आखिर कैसे अपने कार्य संकल्प से शीर्ष पर पहुंचा जा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा- हमारी टिप्पणियों को मजाक नहीं समझें

■ आवारा कुत्तों के हमले में मौत तो डॉग फीडर्स होंगे जिम्मेदार: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के हमलों पर सख्त टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा, 'आवारा कुत्तों के किसी हमले में चोट या मौत होती है, तो नगर निकाय के साथ ही डॉग फीडर्स की जिम्मेदारी भी तय की जा सकती है।' कोर्ट ने कहा- पिछली सुनवाई की टिप्पणियों को मजाक समझना गलत होगा। हम गंभीर हैं। कोर्ट जिम्मेदारी तय करने से पीछे नहीं हटेगा क्योंकि मौजूदा व्यवस्था में स्थानीय प्रशासन की विफलता सामने आई है।

जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की बेंच ने कहा- कोर्ट निजी पक्षों की दलीलें पूरी करके आज ही सुनवाई खत्म करना चाहती है। इसके बाद राज्यों को एक दिन का मौका दिया जाएगा। आज की सुनवाई में- पीड़ितों की ओर से एडवोकेट हर्ष जैदका, डॉग लवर्स/एनजीओ की ओर से एडवोकेट प्रशांत भूषण, मेनका गांधी की ओर से सीनियर एडवोकेट राजू रामचंद्रन दलीलें दे रहे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अविमुक्तेश्वरानंद बोले- सुप्रीम कोर्ट के कंधे पर बंदूक मत रखो

प्रयागराज/ए.। प्रयागराज में रथ रोकने को लेकर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने माघ मेला प्रशासन पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के कंधे पर बंदूक रखकर जो गलती प्रशासन से हुई है, उसको ये लोग पीछे करना चाह रहे। सुप्रीम कोर्ट का गलत हवाला देकर ये लोग कब तक बच पाएंगे? खुद सरकार ने महाकुंभ में एक पत्रिका छापी थी, उसमें मुझे शंकराचार्य के रूप में छापा था। इससे पहले धरने पर बैठे शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को माघ मेला प्रशासन ने नोटिस दिया।

ट्रंप ने दिखाया यूएस का नया नक्शा यूरोपीय सहयोगी हो गए नाराज

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने आधिकारिक ट्रुथ सोशल अकाउंट पर एक फोटो शेयर की है जिसे देख उनके यूरोपीय सहयोगी नाराज हो गए हैं। तस्वीर में ग्रीनलैंड, कनाडा और वेनेजुएला को अमेरिकी क्षेत्र बताया गया है। तस्वीर में कनाडा और ग्रीनलैंड को अमेरिकी झंडे के लाल, सफेद और नीले रंगों में दिखाया गया है। बिना कैप्शन वाली इस पोस्ट को ट्रंप के ग्रीनलैंड को हासिल करने की नई कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। ट्रंप बार-बार कह चुके हैं कि अमेरिकी किसी भी तरह से डेनमार्क के स्वायत्त क्षेत्र ग्रीनलैंड को अपना हिस्सा बनाएगा क्योंकि यह अमेरिका और दुनिया की सुरक्षा के लिए अहम है। ट्रुथ पर शेयर की गई तस्वीर में ट्रंप यूरोपीय ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हरिओम इंगोट्स के दफ्तर में जीएसटी की रेड, मचा हड़कंप

रायपुर/भिलाई। छत्तीसगढ़ के भिलाई जिले में हरिओम इंगोट्स एंड पावर लिमिटेड के कार्यालय में जीएसटी विभाग की टीम ने दबिश दी। कार्रवाई की खबर मिलते ही कंपनी परिसर में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार जीएसटी विभाग की दो टीमें अलग-अलग वाहनों से कंपनी कार्यालय पहुंचीं और परिसर को अपने अधिकार क्षेत्र में लेकर जांच शुरू की। जीएसटी विभाग के सात अधिकारियों की टीम ने कंपनी के बिल, जीएसटी रिटर्न, इनवॉइस सहित अन्य वित्तीय दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। दस्तावेजों की संख्या अधिक होने के कारण जांच लंबी खिंच गई, जिस वजह से यह कार्रवाई मंगलवार को भी जारी रही। अधिकारी टैक्स भुगतान, इनपुट टैक्स ■ शेष पृष्ठ 6 पर

डीएसपी-कारोबारी कंट्रोवर्सी: गृह विभाग पहुंची जांच रिपोर्ट

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के होटल कारोबारी दीपक टंडन और दंतेवाड़ा की डीएसपी कल्पना वर्मा कंट्रोवर्सी की जांच रिपोर्ट गृह विभाग को भेजी गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि डीएसपी ने कारोबारी से न सिर्फ बड़ी रकम और महंगे गिफ्ट लिए, बल्कि वॉट्सऐप चैट के जरिए विभाग की खुफिया जानकारियां भी साझा की है। जांच रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चैट में 3 आईपीएस के नाम भी सामने आए हैं। इनसे जुड़ी जानकारियां भी लीक की गई हैं।

एएसपी कीर्तन राठौर के नेतृत्व में टीम ने 30 दिन में जांच की। ये जांच रिपोर्ट करीब 1,400 पन्नों की है। रिपोर्ट को वरिष्ठ अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ गृह विभाग को सौंप दी है। एएसपी कीर्तन राठौर की टीम ने रायपुर के होटल कारोबारी दीपक टंडन के आरोपों पर जांच की है। कारोबारी ने दंतेवाड़ा की डीएसपी कल्पना वर्मा पर रिश्वत, ब्लैकमेलिंग और धोखाधड़ी जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। वहीं कारोबारी के आरोपों के बाद डीएसपी के परिजनों ने भी पुलिस से शिकायत दर्ज कराई है, जिसकी जांच की गई है।

वॉट्सऐप चैट में खुफिया जानकारी साझा करने का जिक्र: जांच रिपोर्ट में महिला डीएसपी कल्पना वर्मा और कारोबारी दीपक टंडन के बीच हुई वॉट्सऐप चैट ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सबरीमाला मंदिर सोना का घोटाला: ईडी की 21 जगहों पर छापेमारी

नई दिल्ली(वार्ता)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कोच्चि क्षेत्रीय कार्यालय ने मंगलवार को केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक में 21 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। ये छापेमारी सबरीमाला मंदिर से जुड़े सोने और अन्य संपत्तियों की कथित गबन से संबंधित हैं। ईडी की इस छापेमारी का उद्देश्य अपराध से अर्जित धन का पता लगाना, लाभार्थियों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

सराफा

सोना 1.48 लाख के पार चला गया, आम आदमी के पहुंच से दूर हो रहे कीमती धातु

एक दिन में 10 हजार बढ़े दाम, 3.20 लाख किलो पहुंची चांदी

नई दिल्ली। सोमवार को तीन लाख प्रति किलोग्राम का स्तर पार करने के बाद मंगलवार को चांदी 3.20 लाख प्रति किलोग्राम के भाव के करीब पहुंच गई। वहीं, सोना 1.48 लाख के पार चला गया है। एमसीएक्स पर मंगलवार को कीमती धातुओं में भारी खरीदारी देखी गई। अखिल भारतीय सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार दिल्ली में मंगलवार को सोना पहली बार 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गया। वहीं चांदी फिर एक लंबी छलांग लगाते हुए 3.23 लाख प्रति किलोग्राम के भाव पर पहुंच गई।

क्या है फरवरी और मार्च डिलीवरी का मतलब?

वायदा बाजार यानी एमसीएक्स में 'फरवरी और मार्च डिलीवरी कॉन्ट्रैक्ट' का मतलब उन समझौतों से है जिनका निपटान या फिजिकल डिलीवरी भविष्य की निर्धारित तारीखों पर होनी है। आसान शब्दों में, निवेशक आज की तारीख में एक तय भाव पर सौदा करते हैं, लेकिन उसकी अंतिम परिपक्वता अवधि फरवरी (सोने के लिए इस आलेख में) या मार्च (चांदी के लिए इस आलेख) होती है।

चांदी की छलांग: मार्च डिलीवरी वाली चांदी का वायदा भाव 9,674 रुपये (3.2%) उछलकर 3,19,949 रुपये प्रति किलोग्राम के नए सर्वकालिक उच्च स्तरपर पहुंच गया।

सोने की चमक: फरवरी डिलीवरी वाला सोना 2,560 रुपये (1.76%) बढ़कर 1,48,199 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर ट्रेड करता दिखा।

ग्लोबल संकेत: अंतरराष्ट्रीय बाजार (कॉमेक्स) में भी सोना पहली बार 4,700 डॉलर के पार निकलकर 4,722.55 डॉलर प्रति औंस पर और चांदी 94.74 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गई।

चांदी की ऐतिहासिक रैली: 14 महीने बनाम 1 महीना आंकड़ों पर नजर डालें तो चांदी की हालिया तेजी अभूतपूर्व है।

लाल निशान पर बंद हुआ बाजार सेंसेक्स 1065 अंक गिरा

नई दिल्ली। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में एक प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट की दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1065.71 अंक या 1.28 प्रतिशत गिरकर 82,180.47 अंक पर बंद हुआ। दिन के दौरान, यह 1,235.6 अंक या 1.48 प्रतिशत गिरकर 82,010.58 पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 353.00 अंक या 1.38 प्रतिशत गिरकर 25,232.50 पर बंद हुआ।

नौ लाख करोड़ रुपये का नुकसान

बाजार में जारी गिरावट के बीच बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के निवेशकों की संपत्ति को बड़ा झटका लगा। दिनभर के कारोबार में बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण करीब नौ लाख करोड़ रुपये घट गया। यह गिरावट साल की शुरुआत से जारी कमजोरी को और गहरा करती है। वर्ष की शुरुआत से अब तक बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियां कुल मिलाकर 20 लाख करोड़ से अधिक के मार्केट कैप का नुकसान झेल चुकी हैं।

न्यूज गैलरी

पोंडी-मुंगेली हाईवे सड़क व बायपास निर्माण में देरी, सांसद ने जताई नाराजगी, कार्रवाई के लिए लिखा पत्र

कबीरधाम/नवप्रदेश। सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण सड़क है। इसके निर्माण के लिए केंद्र सरकार ने करोड़ों रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इसके निर्माण में अनावश्यक विलंब होना कतई उचित नहीं है। क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय ने राष्ट्रीय राजमार्ग 130 अंतर्गत पोंडी से मुंगेली तक सड़क, बायपास व पुल निर्माण में हो रही देरी को लेकर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। सांसद संतोष पांडेय ने पोंडी से मुंगेली तक सड़क, बायपास व पुल निर्माण में हो रही देरी, संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने, निर्माण कार्य अविलंब प्रारंभ कराने व निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी किए जाने की शिकायत को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग रायपुर के अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखा है। मार्ग में पोंडी, पंडरिया, मुंगेली व तखतपुर में बायपास सड़क का निर्माण होना है। साथ ही पांडातराई के पास फोंक नदी, पंडरिया के पास हाफ नदी व हरी नाला में पुल का निर्माण होना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण सड़क है। इसके निर्माण के लिए केंद्र सरकार ने करोड़ों रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इसके निर्माण में अनावश्यक विलंब होना कतई उचित नहीं है। उन्होंने शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने की स्थिति में आगे और आवश्यक कार्रवई करने की बात कही है।

आईटीबीपी ने 20 युवाओं को दिखाया नया रास्ता, केवड़िया के लिए रवाना

नारायणपुर/ बेनूर/नवप्रदेश। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें देश की विविध संस्कृति व प्रगति से अवगत कराने के उद्देश्य से 17वां आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। गृह मंत्रालय भारत सरकार के प्रोत्साहन पर आयोजित इस कार्यक्रम के तहत 53वीं वाहिनी भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल नारायणपुर से 20 युवा छात्र-छात्राओं का दल गुरुवार को केवड़िया (गुजरात) के लिए रवाना हुआ। दल में 12 युवक और 8 युवतियां शामिल हैं। 53वीं वाहिनी के सेनानी संजय कुमार के मार्गदर्शन और द्वितीय कमान अधिकारी संजय कुमार भारद्वाज द्वारा सामरिक मुख्यालय बेनूर से सभी प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी भारद्वाज ने सभी युवाओं से परिचय प्राप्त कर उनका स्वागत किया और कार्यक्रम के उद्देश्य व महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आदिवासी युवाओं का विकास इस योजना का मुख्य लक्ष्य है। देश के अलग-अलग राज्यों की संस्कृति, भाषा, परंपराएं, तकनीकी उन्नति और रोजगार के अवसरों से युवाओं को परिचित कराने का यह अनूठा प्रयास है।

ड्यूटी से लौट रहे कर्मियों की बस को रोककर बदमाशों ने किया हमला

सूरजपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में ड्यूटी से लौट रहे एसईसीएल कर्मचारियों से बदमाशों की गुंडागर्दी का मामला सामने आया है। दिनदहाड़े हुए इस घटनाक्रम ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, आमगांव एसईसीएल खदान से कर्मचारियों को लेकर बस वापस लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में कुछ बदमाशों ने बस को रुकवाकर ड्राइवर से गाली-गलौज की। इसके बाद वे बस में घुस गए और एक एसईसीएल कर्मचारी के साथ मारपीट की। घटना के दौरान बस के अंदर हुई मारपीट और विवाद का एक वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो गया है। वायरल वीडियो के बाद कर्मचारियों ने पुलिस से आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत मिलने पर कोतवाली पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस अब वीडियो और गवाहों के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है।

पति ने पहले की पिटाई, फिर जहर पिलाकर पत्नी को उतारा मौत के घाट

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले के लोहारा थाना क्षेत्र के महाराटोला गांव में दहेज की आग ने एक और विवाहिता की जान ले ली। आरोप है कि पति ने दहेज को लेकर पहले पत्नी की बेरहमी से पिटाई की, फिर उसे ज़हर पिलाकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद आरोपी पति जोहन साहू ने अपने जुर्म को छिपाने के लिए लोकेश्वरी को लोहारा अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर किया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और हत्या के आरोप में आरोपी पति जोहन साहू को गिरफ्तार कर लिया गया है। इधर, मायके पक्ष के परिजन एसपी कार्यालय पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष के लोगों ने मिलकर लोकेश्वरी के साथ मारपीट की और ज़हर पिलाकर उसकी हत्या की। परिजनों ने आरोपी के माता-पिता की भी घटना में संलिप्तता होने का आरोप लगाया है।

बेटे की सियासत में एंट्री पर चरणदास महंत बोले-वह मेरे बुढ़ापे की लाठी

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के बेटे सूरज महंत के राजनितिक गलियारे में एक्टिव होने के बाद उन्हें आने की सरगर्मियां तेज हो गई है। बेटे के बयान के बाद नेता प्रतिपक्ष श्री महंत ने इसे मीडिया की कल्पना करार देते हुए साफकिया कि सूरज फिलहाल केवल उनके और सांसद ज्योत्सना महंत के सहारे के तौर पर साथ खड़े हैं। हमें भी घूमने के लिए एक सहारा चाहिए। बेटे के भविष्य पर पूछे गए सवालों पर श्री महंत ने कहा कि, ये सब आप लोगों (मीडिया) की कल्पनाएं हैं। स्वाभाविक है, लड़का मां के साथ घूमता है और जब मां नहीं रहती तो मेरे साथ घूमता है। हमें भी इस उम्र में घूमने के लिए एक सहारे की जरूरत होती है। वह अभी एक बच्चे की तरह हमारे साथ काम कर रहा है। जब हम राजनीति से हट जाएंगे, तब वह कोशिश करेगा या उसे लाएंगे तब वह देखेगा। फिलहाल उसे आगे बढ़ाने की कोई जल्दबाजी या आवश्यकता नहीं है।

मंत्री टंकराम और गुरु खुशवंत साहेब को लेकर बलौदाबाजार में लगे अनोखे पोस्टर

छत्तीसगढ़ की सियासत में 'जय-वीरू' की एक और जोड़ी

बलौदा बाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजनीति में इन दिनों एक दिलचस्प 'फिल्मी जोड़ी' सुर्खियों का केंद्र बनी हुई है। ये जोड़ी किसी फिल्म की स्क्रीन पर नहीं, बल्कि सरकारी मंचों पर दिखाई देती है। नाम है- मंत्री टंकराम वर्मा और मंत्री गुरु खुशवंत साहिब, जिन्हें समर्थक अब प्यार से जय-वीरू की जोड़ी कह रहे हैं।

बलौदा बाजार में दिखा सबसे बड़ा पोस्टरः इस नई राजनीतिक ब्रांडिंग की सबसे आकर्षक झलक बलौदा बाजार में नजर आई। नगर पालिका की नवनिर्मित चौपाटी के लोकार्पण कार्यक्रम में जैसे ही दोनों मंत्री पहुंचे, गेट पर लगे विशाल फ्लेक्स ने सबका ध्यान खींच लिया। पोस्टर पर लिखा था 'जय-वीरू की जोड़ी का स्वागत है'। यह पोस्टर सिर्फ स्वागत नहीं था, बल्कि यह संदेश भी था कि जनमानस ने इस जोड़ी को राजनीति की एक मजबूत टीम के रूप में स्वीकार कर लिया है।

हर मंच पर साथ दिख रही जोड़ीः बीते दिनों में कई कार्यक्रमों, लोकार्पणों और जिलों के दौरे में दोनों मंत्री लगातार साथ नजर आए हैं। समर्थकों के बीच इसकी चर्चा इतनी बढ़ गई कि अब दोनों को शोले फिल्म के लोकप्रिय किरदारों की तरह पहचाना जाने लगा है।

युवाओं की उम्मीदों के 'हीरो': दोनों मंत्री ऐसे विभाग संभाल रहे हैं जो सीधे युवाओं के भविष्य से जुड़े हैं- उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, रोजगार एवं कौशल, इन क्षेत्रों में सुधार और नए अवसरों को लेकर दोनों का संयुक्त प्रयास युवाओं में सकारात्मक छवि बना रहा है। शायद यही वजह है कि जनता ने उन्हें राजनीति की हीरो जोड़ी का स्थान दे दिया है।

छत्तीसगढ़ की सियासत में जोड़ी ट्रेंड नया नहीं: इससे पहले भी 2018 में कांग्रेस नेताओं भूपेश बघेल और टी.एस. सिंहदेव को 'जय-वीरू' की उपाधि मिल चुकी है। अब यही सियासी टैग भाजपा की नई जोड़ी पर फिट बैठता नजर आ रहा है।

जिम्मेदारी बड़ी, उम्मीदें उससे भी बड़ी: लोकप्रियता मिलना अच्छी बात है, लेकिन राजनीति में असली परख कामकाज से होती है। अब सवाल यह है कि क्या यह 'जय-वीरू' की जोड़ी अपने विभागों में भी उतना ही प्रभाव दिखा पाएगी, जितना जनता के दिलों में बना रही है? आने वाला समय इस सवाल का जवाब देगा।

महिला की शिकायत पर कटघोरा थाने में पदस्थ सब-इंस्पेक्टर सस्पेंड

युवती से दुष्कर्म मामले में बांकी मोंगरा थाने के दो आरक्षक निलंबित

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में कानून व्यवस्था और पुलिसकर्मियों के आचरण पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। दो अलग-अलग मामलों में एक महिला की शिकायत पर कटघोरा थाने में पदस्थ सब-इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया गया है, जबकि बांकी मोंगरा में युवती से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में दो आरक्षकों पर कार्रवाई की गई है।

सब-इंस्पेक्टर पर छेड़छाड़ का आरोप : कटघोरा थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक महिला ने थाने में पदस्थ सब-इंस्पेक्टर एस.के. कोसरिया पर गंभीर छेड़छाड़ और अशोभनीय व्यवहार के आरोप लगाए हैं। पीड़ित महिला ने पुलिस अधिकारियों को लिखित शिकायत सौंपकर घटना का विस्तृत ब्यौरा दिया।

महिला की शिकायत पर गिरी गाजः महिला की शिकायत के बाद, वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले की प्रारंभिक जांच की। जांच में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर, पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया। इस प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए, कोरबा के पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने तत्काल प्रभाव से सब-इंस्पेक्टर एस.के. कोसरिया को निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए हैं। मामले में आगे की जांच कार्यवाही जारी है।

युवती से दुष्कर्म मामले में दो आरक्षक निलंबितः वहीं, बांकी मोंगरा क्षेत्र में युवती के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस की लापरवाही सामने आई है। बताया जा रहा है कि जब युवती थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंची, तो बांकी मोंगरा थाने में पदस्थ आरक्षक राकेश मेहता और राजेंद्र राय ने रिपोर्ट दर्ज करने में लापरवाही बरती। इस लापरवाही के कारण युवती को सीधे कोरबा एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत करनी पड़ी। इसके बाद, सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने इस मामले में अब तक दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। युवती के साथ हुए इस गंभीर अपराध में पुलिसकर्मियों की लापरवाही को देखते हुए, पुलिस अधीक्षक ने आरक्षक राकेश मेहता और राजेंद्र राय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

पुलिस की कार्रवाई पर उड़े सवाल, अधिकारियों ने लिया एक्शनः कोरबा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर ने बताया कि कटघोरा थाने में महिला द्वारा सब-इंस्पेक्टर के खिलाफ शिकायत के बाद, संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे निलंबित कर दिया गया है और आगे की जांच की जा रही है। वहीं, बांकी मोंगरा मामले में भी लापरवाही बरतने वाले आरक्षकों पर कार्रवाई की गई है। इन घटनाओं ने एक बार फिर पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। जहां एक ओर पुलिस आम जनता की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार है, वहीं दूसरी ओर ऐसे मामले उनके आचरण और जवाबदेही पर गंभीर प्रश्न उठाते हैं। उम्मीद है कि इन मामलों में की गई कार्रवाई से पुलिसकर्मियों में जवाबदेही की भावना बढ़ेगी और वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन अधिक निष्ठा और गंभीरता से करेंगे।

सीईओ ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

पीएम आवास और लखपति दीदी सहित कई योजनाओं पर हुई चर्चा

सुकमा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिला पचांयत सभाकक्ष में सोमवार को जिला सीईओ मुकुन्द ठाकुर की अध्यक्षता में विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं की प्रगति, लक्ष्यों की पूर्ति और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत अपूर्ण आवासों को 31 मार्च 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इसके साथ ही पीएम-जनमन आवास योजना के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए आवास निर्माण की जिलेवार प्रगति, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए विशेष आवास, मुख्यमंत्री आवास योजना तथा आवास प्लस सर्वे के तहत अपात्र लाभार्थियों के नाम सूची से हटाने की प्रक्रिया की समीक्षा की जाएगी। महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अनुमोदित लेबर बजट और मानव दिवस सृजन की स्थिति पर चर्चा हुई। इसके अलावा प्रोजेक्ट उन्नति 2.0 के अंतर्गत श्रमिकों के कौशल विकास, राजमिस्त्री प्रशिक्षण, 'मोर गाँव मोर पानी' महाभियान, आजीविका डबरी निर्माण और पंजीकृत श्रमिकों के म-ज्ञल्ब् कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए 'लखपति महिला पहल' की कार्ययोजना और डिजिटल आजीविका रजिस्टर में प्रविष्टि की समीक्षा की गई। नियद नेल्लानार क्षेत्रों में 'लखपति ग्राम' विकसित करना है। वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत गांवों को ओडीएफ च्सने मॉडल घोषित करने, छह माह बाद उनके भौतिक सत्यापन, नियमित कचरा संग्रहण, स्वच्छाग्रहियों के मानदेय भुगतान, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों की कार्यक्षमता और ग्रे-वाटर मैनेजमेंट पर चर्चा की गई। बैठक में ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों की इंटरनेट उपलब्धता और संचालन, वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में स्वीकृत महतारी सदनों के निर्माण की प्रगति तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम दो धरसा निर्माण कार्य चिन्हांकित करने पर भी समीक्षा की गई।

स्कूटी सवार ने युवक को मारी टक्कर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत

कबीरधाम/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में सड़क सुरक्षा माह के बावजूद नशे में वाहन चलाने का गंभीर मामला सामने आया है। सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जिले में बीते दिन देर रात एक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई है। नशे में धुत स्कूटी सवार ने युवक को पीछे से टक्कर मार दी। इससे युवक की मौत हो गई है। यह हादसा कवर्धा थाना क्षेत्र अंतर्गत कवर्धा-सिमगा नेशनल हाईवे स्थित ग्राम मगरदा के पास हुआ है। थाना से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम दुबहा निवासी नरेन्द्र साहू पिता विश्वनाथ साहू उम्र 45 अपनी बाइक से घर जा रहा था। तभी नशे में धुत स्कूटी सवार युवक ने नरेन्द्र को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में नरेन्द्र को गंभीर चोट आई। देर रात उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। आज मंगलवार को पीएम बाद शव को परिजन को सौंप दिया गया। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। आरोपी स्कूटी सवार से पूछताछ जारी है। बता दें कि कबीरधाम जिले में वर्तमान समय में पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इस दौरान पुलिस द्वारा लोगों को यातायात के नियम का पाठ पढ़ाया जा रहा है। इसके बाद भी नियम का पालन नहीं हो रहा है। स्थिति ऐसी हो गई है कि लोग नशे में वाहन चला रहे हैं, जिससे सड़क हादसे हो रहे हैं।

प्रेमी जोड़े ने थाने में रचाई अनोखी शादी पुलिस बने बाराती और दिया आशीर्वाद

जशपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के पत्थलगांव थाना परिसर में सोमवार की रात करीब 8 बजे एक अनोखा और भावुक दृश्य देखने को मिला। यहां चार प्रेमियों ने थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में भगवान को साक्षी मानकर सात फेरे लेकर शादी कर ली। मिली जानकारी के मुताबिक, अलग-अलग जाति से होने के कारण परिजनों की नाराजगी झेल रहे इन जोड़ों ने समाज की बाधाओं को पीछे छोड़ते हुए अपने प्यार को विवाह के बंधन में बांध लिया। इस दौरान एक प्रेमी युगल को तो शादी से पहले परिजनों के विरोध और झूमा-झटकी का भी सामना करना पड़ा। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने एक-दूसरे का हाथ थामने का फैसला किया। वहीं दूसरे प्रेमी युगल ने बताया कि, वे करीब एक वर्ष से प्रेम संबंध में थे और बालिग होने के चलते उन्होंने थाना पत्थलगांव में आवेदन देकर सुरक्षा और विवाह की अनुमति मांगी थी। शादी के दौरान पुलिसकर्मी भी साक्षी बने और थाना परिसर में मौजूद लोगों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। अमाकानी निवासी पल्लवी मरकाम ने गोढ़ीकला निवासी निर्मल लहरे से भगवान भोलेनाथ के समक्ष विवाह किया, जबकि प्रेमनगर निवासी रानुराधा नामदेव ने रामकुमार विश्वकर्मा के साथ जीवनभर साथ निभाने की कसमें खाईं। थाने में हुई इस अनोखी शादी ने यह संदेश दिया कि, प्यार और विश्वास के आगे सामाजिक बंधन कमजोर पड़ जाते है।

वीबी जी राम जी योजना की दी जानकारी, सीआरईडीए और वन विभाग का आयोजन

ग्रामीणों ने बनाई मानव श्रृंखला, 'आत्मनिर्भर गांव-विकसित भारत' का दिया संदेश

रायपुर/नवप्रदेश। मोहला, मानपुर- अम्बागढ़, चौकी जिले की ग्राम पंचायत करमरी में सोमवार को वीबी जी राम जी के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम ग्रामीणों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर 'आत्मनिर्भर गांव - विकसित भारत' का संदेश दिया गया। इस दौरान योजना के प्रति उत्साह और सामुदायिक सहभागिता स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

कार्यक्रम के अंतर्गत कन्वर्जेंस आधारित आजीविका डबरी जैसे कृषि, मछली तालाब निर्माण कार्यों का अवलोकन किया गया। ये कार्य कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, सीआरईडीए एवं वन विभाग के आपसी समन्वय से तैयार कार्ययोजना के अनुसार संचालित किए जा रहे हैं। इन आजीविका डबरियों से मछली पालन, सिंचाई सुविधा, दलहन-तिलहन की खेती तथा उद्यानिकी गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इससे आदिवासी एवं सीमांत किसानों को स्थायी आजीविका, खाद्य सुरक्षा और अतिरिक्त आय के अवसर उपलब्ध होंगे।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने योजना के बारे में दी जानकारी

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह ने ग्रामीणों को वीबी-जीराम जी योजना के उद्देश्यों, स्थानीय रोजगार सृजन और कन्वर्जेंस मॉडल की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर सक्रिय सहभागिता, पारदर्शिता और सामुदायिक स्वामित्व के बिना किसी भी योजना की सफलता संभव नहीं है, वीबी-जी राम जी इन मूल सिद्धांतों पर आधारित है। कार्यक्रम के दौरान हितग्राही विनोद कुमार एवं दलपत साई मेहरू राम को मछली जाल का वितरण किया गया। इससे मछली पालन गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा और ग्रामीणों में स्वरोजगार के प्रति उत्साह बढ़ेगा।

किसानों की आय में होगी बढ़ोत्तरी: हितग्राहियों ने बताया कि योजना से प्राप्त सहयोग के माध्यम से वे मछली पालन के साथ-साथ दलहन-तिलहन की खेती भी करेंगे। जिससे उनकी आय में निरंतर वृद्धि होगी और परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ बनेगी। ग्रामीणों ने वीबी-जीराम जी योजना को आदिवासी बहुल, कृषि-आधारित जिले के लिए सर्वांगीण विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

गांव आत्मनिर्भर होंगे, तभी भारत विकसित बनेगा के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। करमरी के इस कार्यक्रम की प्रशंसा केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट द्वारा करते हुए कार्यक्रम के फोटोग्राफ्स और वीडियो को भी शेयर किया गया है।

यात्रियों और माल ग्राहकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने रेलवे प्रयासरत: तरुण प्रकाश

दपूमरे नागपुर मंडल क्षेत्राधिकार के सांसदों के साथ महाप्रबंधक ने की बैठक, रेलवे विकास कार्यों की समीक्षा भी की

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले संसदीय क्षेत्रों के माननीय सांसदों के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश की समीक्षा बैठक आज 20 जनवरी को होटल तुली, सदर, नागपुर में आयोजित की गई।

बैठक सौहार्दपूर्ण एवं सहयोगात्मक वातावरण में सांसद, छिंदवाडा बंटी विवेक साहू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें यात्री सुविधाओं के विस्तार, रेल अवसंरचना विकास तथा विभिन्न रेल परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बंटी विवेक साहू सांसद छिंदवाड़ा, श्याम कुमार बर्वे सांसद रामटेक, डॉ. प्रशान्त पडोले सांसद भंडारा - गोंदिया, नितिन गडकरी के प्रतिनिधि कृष्णा खोपड़े विधायक नागपुर (पूर्व), डॉ. फग्गन सिंह कुलस्ते के प्रतिनिधि अंजनी तिवारी मंडला, संतोष पांडेय के प्रतिनिधि विनोद खांडेकर राजनांदगांव, नामदेव किरसान के प्रतिनिधि अमय निनावे सांसद गढ़चिरोली-चिमूर, भारती पारधी के प्रतिनिधि अभय कोचर सांसद बालाघाट, सुमित्रा बाल्मिक के प्रतिनिधि एस ठाकुर सांसद जबलपुर सहित विभिन्न सांसद प्रतिनिधि, मंडल रेल प्रबंधक नागपुर दीपक कुमार गुप्ता, मुख्यालय के प्रधान विभागाध्यक्ष एवं मंडल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने सभी सांसदों का स्वागत करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन एवं सुझावों से रेल सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों मंडल-बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर - यात्रियों तथा माल ग्राहकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने अवगत कराया कि दपूमरे के अंतर्गत 324 स्टेशन हैं तथा औसतन प्रतिदिन 962 ट्रेनों का संचालन किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 12 जनवरी 2026 को मात्र 287 दिनों में 200 मिलियन टन माल लदान का आंकड़ा पार कर 23,655 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व अर्जित किया गया है। महाप्रबंधक ने सांसदों को आश्वस्त किया कि बैठक में प्राप्त सुझावों पर नियमानुसार प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक के अंत में उप महाप्रबंधक (सामान्य) समीर कान्त माथुर ने सभी सांसदों एवं प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

आधारभूत संरचना परियोजनाओं की प्रगति से कराया अवगत

महाप्रबंधक ने यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष ट्रेनों के संचालन, वंदे भारत एक्सप्रेस सेवाओं, नई एक्सप्रेस व यात्री सेवाओं, 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना, जन औषधि केंद्रों, वॉटर वेंडिंग मशीनों, फुट ओवर ब्रिज, एस्केलेटर, एसी वेटिंग हॉल, एटीवीएम, रेलवन ऐप, महिला सुरक्षा के लिए 'मेरी सहेली' अभियान, रेल मदद ऐप एवं हेल्पलाइन 139 सहित विभिन्न यात्री सुविधा कार्यों की जानकारी दी। इसके साथ ही रोड ओवर ब्रिज/अंडर ब्रिज, अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशन पुनर्विकास, नई लाइन, दोहरीकरण, तीसरी एवं चौथी लाइन तथा स्वचालित सिग्नलिंग जैसी आधारभूत संरचना परियोजनाओं की प्रगति से भी अवगत कराया गया। समीक्षा बैठक में भाग लेने वाले सांसदों ने नागपुर मंडल में हो रहे विकास कार्यों एवं यात्री सुविधाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित जन सरोकार, स्थानीय समस्याओं तथा अपेक्षाओं को रखते हुए स्टेशन विकास, ट्रेनों के ठहराव, नई रेल सेवाओं एवं समयबद्धता पर सुझाव दिए।

■ न्यूज गैलरी

दीपक दिल्ली के गणतंत्र दिवस परेड में होंगे विशिष्ट अतिथि

सीपत/नवप्रदेश। शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय, सीपत के लिए यह गर्व का क्षण है कि राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवक दीपक कुमार राठौर का चयन दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में विशिष्ट अतिथि के रूप में अपने अभिभावक के साथ सहभागिता के लिए हुआ है। यह चयन माय भारत पोर्टल के अंतर्गत अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम तथा साइबर सुरक्षा अभियान में सक्रिय सहभागिता और एनएसएस की वर्षभर की गतिविधियों को पोर्टल पर प्रभावी रूप से दर्ज करने के आधार पर क्षेत्रीय निदेशालय द्वारा किया गया है। विशेष उल्लेखनीय है कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य से केवल चार एनएसएस स्वयंसेवकों को ही यह सम्मानजनक अवसर प्राप्त हुआ है, जिनमें शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय, सीपत का नाम शामिल होकर क्षेत्र और संस्था को गौरवान्वित कर रहा है। इस उपलब्धि से एनएसएस परिवार सीपत में हर्ष और उत्साह का माहौल है। बता दें कि रॉक निवासी दीपक राठौर पिता धरमवीर राठौर वर्तमान में सीपत मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय में बीएससी बायोलॉजी फाइनल ईयर के छात्र है।

मेडिकल जांच के बाद जारी की थी पॉलिसी, जिला उपभोक्ता आयोग का फैसला

बीमा कंपनी मैक्स लाइफ को करना होगा उपभोक्ता को एक करोड़ रुपये का भुगतान

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला उपभोक्ता आयोग ने बीमा कंपनियों की मनमानी पर एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए महत्वपूर्ण आदेश दिया है। आयोग ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि यदि बीमा कंपनी ने पॉलिसी जारी करने से पहले स्वयं बीमित व्यक्ति के स्वास्थ्य जांच कराई है, तो बाद में उस आधार पर बीमा क्लेम को खारिज नहीं किया जा सकता।

इसी अहम टिप्पणी के साथ आयोग ने मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी को ब्याज सहित एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि उपभोक्ता को देने का आदेश दिया है। यह आदेश जिला उपभोक्ता आयोग बिलासपुर द्वारा अब तक दिया गया सबसे बड़ा भुगतान आदेश बताया जा रहा है। मामला बिलासपुर निवासी 61 वर्षीय कौशल प्रसाद कौशिक से जुड़ा है। कौशल प्रसाद ने मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी से बीमा पॉलिसी ली थी। कंपनी ने अपने सूची बद्ध दो अस्पतालों से उनकी पत्नी शैल कौशिक का मेडिकल टेस्ट कराया जिसके बाद पॉलिसी जारी की गई, लेकिन बाद में क्लेम के समय बीमा कंपनी ने टाल मटोल कर दावा खारिज कर दिया। प्रीमियम की राशि दस लाख लौटा दी। बीमा कंपनी के इस फैसले से आहत होकर पीड़ित ने जिला उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज कराई। मामले की सुनवाई के दौरान आयोग ने पाया कि बीमा कंपनी ने उपभोक्ता के साथ सेवा में गंभीर कमी और अनुचित व्यापार व्यवहार अपनाया है।

कंपनी करार से मुकर नहीं सकती : आयोग

आयोग ने अपने फैसले में कहा कि बीमा कंपनियां उपभोक्ताओं के भरोसे के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकतीं। यदि कंपनी ने पूरी जांच-पड़ताल के बाद पॉलिसी जारी की है, तो बाद में करार से मुकर नहीं सकती। इस फैसले को बीमा उपभोक्ताओं के हित में एक बड़ी जीत माना जा रहा है। साथ ही यह आदेश बीमा कंपनियों के लिए एक सख्त चेतावनी भी है कि वे नियमों और जिम्मेदारियों का पालन करें, अन्यथा उन्हें भारी आर्थिक दंड भुगतना पड़ सकता है। जैसा की इस फैसले मे 90 लाख 9 प्रतिशत ब्याज के साथ लौटाने साथ मे 25 हजार क्षतिपूर्ति देने 45 दिन की मोहलत दी है।

नबीन का संगठनात्मक अनुभव पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त बनाएगा: कौशिक

■ पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल ने नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर दी शुभकमनाएं

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने नितिन नबीन को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में बनाए जाने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा है कि श्री नबीन की अटूट निष्ठा, समर्पण, कार्यकुशलता और व्यापक अनुभव से निश्चित ही संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि श्री नबीन ने भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव और बिहार में प्रदेश युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के साथ छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी के रूप में संगठन के हर दायित्व को पूरी निष्ठा और सफलता से निभाया है। निश्चित ही उनके जनता के बीच लम्बे समय से कार्य करने का अनुभव संगठन को मिलेगा। उन्होंने कहा कि उनका संगठनात्मक अनुभव, कार्य कुशलता एवं समर्पण पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त बनाएगा। वे विश्व कि सबसे बड़ी संगठन पार्टी को गति प्रदान करते हुए राष्ट्र सेवा के संकल्प को और अधिक मजबूत करेंगे।

गर्मी से पहले पेयजल व्यवस्था दुरूस्त और पानी की टेस्टिंग लगातार करें : कमिश्नर

■ श्री सर्वे ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने आज साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सभी जोन कमिश्नर और जल विभाग के अधिकारियों को ग्रीष्म ऋतु के पूर्व पेयजल की व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए ताकि संभावित पेयजल की समस्या को दूर किया जा सकें। इसके अलावा सप्लाई किए जा रहे पानी की लैब टेस्टिंग लगातार करने के निर्देश दिए है, किसी भी सूरत में जल की गुणवत्ता में कमी ना आए। पाइपलाइन की लगातार मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिए है लीकेज मिलने या अन्य समस्या आने पर उसे तत्काल ठीक कराएं। नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने विकास भवन के दष्टी सभाकक्ष में साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर निगम के कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु के पूर्व पेयजल संबधी सभी आवश्यक तैयारियां कर लें, जिन क्षेत्रों में बोर के ज़रिए जल आपूर्ति की जाती है, वहां सभी मोटर पंप का भौतिक सत्यापन कर लें और आवश्यकता अनुसार मरम्मत या रिप्लेस कराएं। पानी टैंकर की भी आवश्यकतानुसार मरम्मत कराएं।

प्रकरणों का निपटारा प्राथमिकता से करें

बैठक में निगम कमिश्नर ने टीएल प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ करें। इसके अलावा अधोसरचंना मद और 15 वें वित्त आयोग के तहत कार्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक में निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने गणतंत्र दिवस के तैयारियों की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक तैयारियां समय पूर्व कर लें। वंदे मातरम गीत के 150 वीं वर्षगांठ पर आयोजित द्वितीय चरण के कार्यक्रम की तैयारी को लेकर भी निगम कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देशित किया।

आईटीआई कोनी में प्लेसमेंट कैम्प 22 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कोनी के न्यू भवन में 22 जनवरी को सवेरे 10 बजे से फिल ग्रुप स्टील इंडस्ट्री घुटकू द्वारा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से विद्युतकार, फिटर, आटोमोबाईल एवं कोपा व्यवसाय के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने सभी दस्तावेजों के साथ शामिल हो सकते है। अधिक जानकारी के प्रशिक्षणार्थी आईटीआई कोनी में कार्यालयीन समय पर संपर्क कर सकते हैं।

सीपत महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव को मिली स्वीकृति

■ उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा 8 से 15 फरवरी के बीच होंगे शामिल

बिलासपुर /नवप्रदेश। शासकीय मदनलाल शुक्ल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीपत के लिए यह अत्यंत गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण है। महाविद्यालय द्वारा आयोजित वार्षिक उत्सव स्नेह सम्मेलन को लेकर छत्तीसगढ़ शासन के माननीय उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने कार्यक्रम में शामिल होने की आधिकारिक स्वीकृति प्रदान करते हुए 8 से 15 फरवरी के बीच किसी एक तिथि को उपस्थित रहने की सहमति दी है। मंत्री की स्वीकृति से महाविद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, सीपत के प्रतिनिधिमंडल द्वारा मंत्री श्री वर्मा को स्नेह सम्मेलन का आमंत्रण पत्र सौंपा गया था। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए कार्यक्रम को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन बताया। उच्च शिक्षामंत्री टंकराम वर्मा ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए कहा कि महाविद्यालयों में इस प्रकार के वार्षिक उत्सव विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के साथ साथ उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। उन्होंने 8 से 15 फरवरी के मध्य किसी उपयुक्त तिथि पर स्नेह सम्मेलन में शामिल होने की सहमति प्रदान की तथा आयोजन के लिए महाविद्यालय परिवार को अग्रिम शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री चंद्रप्रकाश सूर्या, वैभव तंबोली, सोनू निर्मलकर, मिथलेश श्रीवास एवं प्रशांत यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने मंत्री श्री वर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति से स्नेह सम्मेलन की गरिमा राष्ट्रीय स्तर तक बढ़ेगी और विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में गौ संकल्प दिवस मनाया गया

गौ विज्ञान परीक्षा में 257 विद्यार्थी हुए शामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। डा सी वी रमन विश्वविद्यालय एवं छत्तीसगढ़ राज्य गौ विज्ञान संरक्षण एवं संवर्धन समिति रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय में गौ सेवा संकल्प दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के 257 विद्यार्थी शामिल हुए । चयनित विद्यार्थी राज्य स्तरीय परीक्षा में शामिल होंगे। इसका उद्देश्य विदेशी रासायनिक खाद एवं कीटनाशक का उपयोग रोकना, स्वदेशी गौ आधारित कृषि को बढ़ावा देना एवं गौ संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में काम करना है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर डा प्रदीप पागरिया कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर ने कहा, कि आज प्राकृतिक उत्पादों पर आधारित जीवन आवश्यक हो गया है। उन्होंने गौ सेवा को एक आवश्यक कार्य बताते हुए इस आयोजन के लिए विश्वविद्यालय की प्रशंसा भी की । प्रोफेसर पागरिया ने विद्यार्थियों को गौ विज्ञान के विभिन्न पहलुओं को विस्तार से बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा अरविंद तिवारी ने बताया कि वर्तमान पीढ़ी को हमने सिर्फ गाय का धार्मिक पक्ष की बताया है कभी उसका वैज्ञानिक पक्ष नहीं बताया जिसके कारण यह पीढ़ी गए से दूर होती जा रही है ।इस पीढ़ी को गाय का संपूर्ण विज्ञान बात कर उन्हें गौ पालक बनाना इस परीक्षा का प्रमुख लक्ष्य है । प्रत्येक प्रांत में एक से अधिक अनुसंधान केंद्र बनाने की योजना है युवा अधिक से अधिक क्षेत्र में कार्य करें छत्तीसगढ़ में हमारा पहला केंद्र धमतरी जिला स्थित है । कार्यक्रम को सम कुलपति प्रोफेसर जयति मित्रा ने शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि पंचगव्य से गाय गाय से किस किस से गांव और गांव से हमारा प्रदेश आत्मनिर्भर होगा और जब प्रदेश आत्मनिर्भर होगा तो हमारा देश आत्मनिर्भर बनेगा।

आईडीएसपी कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला

बिलासपुर/नवप्रदेश। एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम के अंतर्गत आज बिलासपुर जिले में एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और भविष्य में महामारी की चुनौतियों से निपटने के लिए जिले के सभी ब्लॉकों के चिकित्सा अधिकारियों और तकनीकी स्टाफ को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के सभी ब्लॉकों के मेडिकल ऑफिसर, आर.एम.ए, लैब टेक्नीशियन, ब्लॉक डाटा मैनेजर और डाटा एंट्री ऑपरेटर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बिलासपुर डॉ शोभा गड़ेवाल तथा डिस्ट्रिक्ट सर्विलेंस ऑफिसर डॉ. रक्षित जोगी ने जिले में वर्तमान सर्विलेंस (निगरानी) की स्थिति की समीक्षा की।

जनदर्शन

कलेक्टर-एसएसपी ने साप्ताहिक जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

ग्रामीणों ने की शासकीय हैण्डपंप के निजी उपयोग की शिकायत

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसएसपी रजनेश सिंह ने साप्ताहिक जनदर्शन में आज दूर-दराज से पहुंचे ग्रामीणों की फरियाद सुनी। उन्होंने एक-एक कर प्रत्येक व्यक्ति से मुलाकात कर उनका आवेदन लिया और आवश्यक कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

लोगों ने जनदर्शन में व्यक्तिगत एवं सामुदायिक हित से जुड़े विषयों को लेकर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए आवेदन दिया। जनदर्शन में आज लगभग 70 से 80 आवेदन प्राप्त हुए। नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे और सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल ने भी लोगों की समस्याओं को सुना। जनदर्शन में आज ग्राम पंचायत विद्याहीह के ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि ग्राम पंचायत में लगे शासकीय हैण्डपंप पर ओम पटेल द्वारा अवैध कब्जा कर निजी उपयोग किया जा रहा है।

कलेक्टर ने पीएचई विभाग के कार्यपालन अभियंता को मामले की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए है। ग्राम पंचायत ओखर की सरपंच ने ग्राम पंचायत में सचिव की नियुक्ति के लिए कलेक्टर से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि सचिव नहीं होने से गांव के विकास कार्य प्रभावित हो रहे है। कलेक्टर ने जनपद पंचायत सीईओ को मामले को सौंपा। शहर के वसुंधरा नगर वार्ड क्रमांक 19 के निवासियों ने कॉलोनी में सड़क एवं नाली निर्माण की मांग की है। उन्होंने बताया कि खराब सड़क की वजह से बुजुर्गों एवं छात्रों को स्कूल आने जाने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नाली नहीं होने के कारण घरों का गंदा पानी सड़क पर आ रहा है। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उसलापुर की दिव्यांग महिला संतोषी मंगेशकर ने ई-रिक्शा दिलाने आवेदन दिया। उन्होंने शासन की योजनांतर्गत ई-रिक्शा दिलाने की मांग की है जिससे वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर सके।

मामले को समाज कल्याण के संयुक्त संचालक देखेंगे। तारबहार के सत्यनारायण धनकर ने भू अर्जन के आवेदन के निराकरण के संबंध में अपना ज्ञापन दिया। कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को जांच कर निराकरण के निर्देश दिए।

सुविचार

सब्र का दामन कभी न छोड़ें क्योंकि जिंदगी में सबसे अच्छा पाने के लिए सबसे बुरे दौर से भी गुजरना पड़ता है।

नितिन नबीन को भाजपा की कमान

देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा को सबसे युवा नेतृत्व मिल गया है। बिहार सरकार में मंत्री रहे 47 वर्षीय नितिन नबीन को भाजपा का निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया है। इसके पहले सिर्फ अटली बिहारी बाजपाई थे जिन्होंने 47 वर्ष की आयु में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने का गौरव प्राप्त किया था। यह भी पहली बार है कि बिहार का कोई नेता भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बना है। नितिन नबीन के सामने चुनौतियों का लंबा सिलसिला है। बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान वहां एंटीइंकमबेन्सी होने के बावजूद उन्होंने एनडीए की सरकार बनाने में अग्रणी भूमिका निभाई थी। उन्होंने अपनी सांगठनिक क्षमता का लोहा मनवाया था। यही वजह है कि भाजपा हाईकमान ने उन्हें पुरस्कृत करते हुए भाजपा का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने का औसर दिया है। अब उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती तीन माह बाद होने वाले बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता में लाना है। इसके साथ ही असम में भाजपा की हैट्रिक लगवाने में भी उन्हें अपनी सांगठनिक क्षमता का परिचय देना होगा। केरल और तमिलनाडु के विधानसभा चुनाव में भी उनके नेतृत्व क्षमता की अग्नि परीक्षा होगी। उनके सामने सबसे बड़ी और कठिन चुनौती बंगाल में ममता बनर्जी का किला ढहाना और भाजपा की सरकार बनाना होगा। इसके लिए सबसे पहले तो बंगाल में भाजपा कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ावा होगा क्योंकि बंगाल में ममता बनर्जी की पार्टी के लोग वहां भाजपा कार्यकर्ताओं और यहां तक की भाजपा के वोटरों को भी डराने धमकाने का काम करते रहे हैं। बंगाल में चुनावी हिंसा आम बात हो गई है। वहां टीएमसी के नेताओं और कार्यकर्ताओं का ऐसा खौफ है कि मतदाता भी टीएमसी के खिलाफ वोट देने से डरते हैं। बंगाल में लोगों के दिलों से डर की भावना को दूर करना और उनकी सुरक्षा की गारंटी लेना आसान काम नहीं है। बंगाल में बीते डेढ़ दसक के दौरान हर चुनाव में चाहे वह लोकसभा का हो या विधानसभा का या फिर नगरीय निकाय और पंचायत का चुनाव हो। बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता हिंसा का शिकार होते रहे हैं। ऐसी विषम स्थिति में बंगाल में एक बार भाजपा को सत्ता में लाना आसान काम नहीं है। हालांकि वहां ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ एन्टीइंकमबेन्सी है लेकिन इसके बावजूद ममता बनर्जी वहां की अपराजे योद्धा बनी हुई है। भाजपा को बंगाल में जीत हासिल करने के लिए संगठन को मजबूत बनाना होगा। तभी बेल मुंडेर पर चढ़ पाएगी। उम्मीद की जा रही है कि नितिन नबीन इस चुनौती का सामना करने में सफल होंगे।

एआईएमआईएम ने उड़ाई विपक्षी दलों की नींद

मुंबई महानगरपालिका के चुनाव में इस बार असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ने अपनी बढ़ती हुई ताकत का एहसास करा कर विपक्षी पार्टियों की नींद उड़ा दी है। बीएमसी में एआईएमआईएम के सात पार्षद चुने गये हैं। जबकि खुद को मुंबई का किंग समझने वाले राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना को सिर्फ छह सीटें ही मिली। खुद को मुस्लिम वोटों का ठेकेदार समझने वाली समाजवादी पार्टी को सिर्फ दो सीटों से संतोष करना पड़ा। बीएमसी ही नहीं बल्कि महाराष्ट्र के अन्य 28 नगरनिगमों में भी एआईएमआईएम ने बेहतर प्रदर्शन किया और इसके कुल 125 पार्षद चुने गये असदुद्दीन ओवैसी ने महाराष्ट्र के नगरीय निकाय चुनाव में इतनी ज्यादा सीटें हासिल कर यह साबित कर दिया है कि उनकी पार्टी की अनदेखी करना आईएनडीएआईए के लिए घातक सिद्ध होगा। इसके पहले बिहार विधानसभा चुनाव में भी ओवैसी ने ताल ठोकर कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व वाले महागठबंधन का खेल बिगाड़ दिया था। बिहार के एआईएमआईएम के पांच विधायक चुनकर आये हैं। वहीं तेलंगाना में भी इनके सात विधायक हैं। अब उन्होंने महाराष्ट्र में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है। जो विपक्षी पार्टियों के लिए परेशानी का सबब बन गई। उन्हें अब यह डर सताने लगा है कि ओवैसी कहीं बंगाल में भी विपक्षी पार्टियों का खेल खराब न कर दें। जहां ममता बनर्जी की पार्टी से बागी होकर हुंमायू कबीर ने अलग पार्टी बना ली है और वे ओवैसी के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ने जा रहे हैं। यदि ऐसा हुआ तो बंगाल में दीदी के साथ खेला हो जाये तो ताज्जुब नहीं होगा।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ और देवता चित्त न धरई卐। चित्त में और कोई नहीं आ सकता; चित्त उनके अधीन है. चित्त की चाकी में सदा उनका ही नाम, उनका ही प्रेम. उनके ही कर्म. उनका ही जीवन उस चाकी में चलता रहे यह हनुमान चालीसा के इस चौपाई का अर्थ है।

◆ जिनके जीवन में सद्?गुरु आ गए हैं उनके जीवन में हो गया जो होना था, सबसे बेस्ट जो हो सकता था वो अब हुआ है जिंदगी में।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1945 प्रख्यात वकील और शिक्षाविद रास बिहारी बोस का निधन। 1959 - प्रसिद्ध वैज्ञानिक तथा अनुसंधानकर्ता ज्ञान चंद्र घोष का निधन। 1960 - दक्षिण अफ्रीका में कोलब्रुक कोयला खदान ढहने से 435 खनिक मारे गए। 1961 - भारतीय जनता पार्टी की जानी-मानी महिला राजनीतिज दर्शना जरदोश का जन्म। 1972 मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा राज्य का स्थापना दिवस। 1986 भारतीय फ़िल्म अभिनेता, थियेटर एवं टीवी कलाकार सुशांत सिंह राजपूत का जन्म। 2007 भारत ने वेस्टइंडीज से वनडे क्रिकेट श्रृंखला जीती। 2009 कर्नाटक के बीदर में वायुसेना का एक प्रशिक्षण विमान सूर्यकिरण दुर्घटनाग्रस्त हुआ। 2016 भारत की प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्यांगना मृणालिनी साराभाई का निधन। 2018 अमेरिकी अंतरिक्ष कंपनी रॉकेट लैब ने न्यूजीलैंड के माहिया प्रायद्वीप से परीक्षण रॉकेट इलेक्ट्रॉन को सफ्लतापूर्वक कक्षा में प्रक्षेपित किया। 2019 अफगानिस्तान के मध्य मैदान वरदक प्रांत में राष्ट्रीय सुरक्षा निदेशालय परिसर पर तालिबान के हमले में 126 सुरक्षाकर्मी मारे गए। 2021इंडोनेशिया में कोविड-19 महामारी के दौरान पिछले 24 घंटों में इस संक्रमण से 346 मौतों की पुष्टि हुयी।

प्रेम शर्मा

अब तक अनुभवों के आधार पर कहा जाता है कि अगर दिसंबर में बर्फगिरे, तो वह लंबे समय तक जमीन में नमी बनाए रखती है। पिघलाव धीमा होता है, जिससे खेतों और जंगलों को फायदा मिलता है। लेकिन जब बर्फफरवरी में गिरती है, तब दिन और रात के तापमान में भारी अंतर कारण लंबे समय तक नमी नहीं टिक पाती और आग लगने का खतरा बढ़ जाता है। आंकड़ों के मुताबिक उत्तराखंड में 1 नवंबर से अब तक 1,600 से ज्यादा फायर अलर्ट मिले जबकि हिमाचल प्रदेश में 600 और जम्मू-कश्मीर में करीब 300 आए। नंदा देवी नेशनल पार्क और वैली ऑफ फ्लावर्स जैसे संवेदनशील इलाकों में आग की घटनाएं सामने आई हैं। वनभूमि में नमी की कमी इसकी सबसे बड़ी वजह रही। वैसे भी हिमालयी ग्लेशियर पहले ही लगातार सिकुड़ रहे हैं अब अगर सर्दियों की बर्फबारी घटती है, तो संकट और गहरा सकता है। जहां बर्फजमती और पिघलती है, उसका संतुलन बिगड़ जाएगा। जलवायु पैटर्न में आ रहे बदलाव हैं।

हिमाचल में हिम अकाल खतरे का संकेत

अक्सर प्रकृति के संतुलन बिगाड़ने के विनाशकारी परिणाम सामने आते है। बेमौसम बारिश, सूखा, बाढ़, ग्लोबल वार्मिंग और अन्य प्राकृतिक आपदाएँ इसके घातक परिणाम है। इंसान के लालच और अंधाधुंध दोहन का नतीजा, प्रकृति के नियमों को तोड़ने पर होने वाले प्रलय या असंतुलन को दर्शाता है, जिसके कारण मानव जाति को भयानक परिणाम भुगतने पड़ते है।प्रकृति एक नाजुक संतुलन पर टिकी है, और इंसान जब अपने स्वार्थ के लिए इस संतुलन को बिगाड़ता है, तो प्रकृति अपना हिसाब बराबर करती है। अब हिमाचल प्रदेश में हिम अकाल एक गंभीर खतरे के रूप में हमारे सामने है। जो कम बर्फबारी, तापमान वृद्धि और वर्षा पैटर्न में बदलाव के कारण बन रहा है, जिससे जल स्रोतों, कृषि और पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान हो रहा है और निकट भविष्य में पारिस्थितिक आपदा की आशंका बढ़ गई है, क्योंकि नदियाँ सूख रही हैं और ज़मीन का सुरक्षा कवच कमजोर हो रहा है, जिससे सूखा, आग और अन्य आपदाओं का खतरा बढ़ रहा है।

ज्ञात हो कि 1990 के दशक की तुलना में शिमला में बर्फबारी लगभग 37 प्रतिशत कम हो गई है, यही नही दिसंबर 2022, 2023, 2024 पूरी तरह सूखे रहे हैं। ऊंचे पहाड़, बुग्याल (घास के मैदान) और प्रसिद्ध तीर्थ स्थल (जैसे केदारनाथ, औली) बर्फके बजाय सूखे और वीरान दिख रहे हैं। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फके बजाय हल्की कोहरे की परत जम रही है, जिससे वनस्पति और मिट्टी को नुकसान हो रहा है। नाजुक जैव-नेटवर्क और वन्यजीवों पर विपरीत असर पड़ रहा है, क्योंकि उन्हें नमी नहीं मिल पा रही है। ऐसे में ग्राउंडवाटर रिचार्ज नहीं हो रहा, नदियां सूख रही हैं और रबी फसलों को नमी नहीं मिल पा रही है।पर्यटन, कृषि और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ रहा है, जिससे सूखे की स्थिति बन सकती है। सर्दियों में बर्फऔर बारिश लाने वाले ये सिस्टम कमजोर पड़ रहे हैं।जलवायु परिवर्तन इसका मुख्य कारण है, जिससे मौसम का संतुलन बिगड़ रहा है। बर्फबारी और बारिश लेटलतीफी से आपदाओं को नकारा नही जा सकता। हिमाचल में प्रकृति का जो रूप दिख रहा है उसके परिणाम स्वरूप सूखे के कारण आग लगने और अकाल की स्थिति पैदा हो सकती है, जिससे

जल संसाधनों पर दबाव बढ़ेगा।

कुल मिलाकर, हिमाचल में कम बर्फबारी सिर्फ एक मौसम की विसंगति नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन और हिम अकाल का संकेत है, जो पूरे हिमालयी क्षेत्र के लिए एक गंभीर चेतावनी है। वैसे भी देश इस सर्दी एक असामान्य और चिंताजनक दौर से गुजर रहा है। वैसे तो दिसंबर और जनवरी के महीनों में हिमालयी राज्यों में बारिश और बर्फबारी से पहाड़ ढक जाते हैं।

इस बार स्थिति इसके ठीक विपरीत है। मौसम विभाग आंकड़े बताते हैं कि उत्तराखंड में दिसंबर और जनवरी में एक बूंद बारिश नहीं हुई, हिमाचल प्रदेश में दिसंबर 1901 के बाद यानी पिछले सवा सौ सालों में छठी सबसे कम बारिश दर्ज की गई। जम्मू-कश्मीर में जनवरी में बेहद कम बारिश और बर्फबारी हुई है। इसके परिणाम स्वरूप इस सर्दी हिमालय की चोटियां असामान्य रूप से बिना बर्फकी नजर आई।यह केवल मौसमीय विचलन नहीं, बल्कि जल सुरक्षा, कृषि उत्पादकता, जंगलों में आग और जलवायु अनिश्चितता से जुड़ा गंभीर संकेत हैं। हिमालय चुपचाप चेतावनी दे रहा है, ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या पहाड़ों की वेदना सुन, समझ पा रहे हैं ?

जनवरी के पहले पखवाड़े में देश को सामान्य से चार गुना कम बारिश मिली. इस अवधि में जहां सामान्य तौर पर जितनी बारिश होनी चाहिए थी, उसका एक-चौथाई से भी कम दर्ज किया गया। सबसे गंभीर स्थिति उत्तर-पश्चिम भारत की रही। जबकि इस अवधि में जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड के साथ-साथ पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश सिर्फ 8 प्रतिशत बारिश ही हो पाई। देहरादून के निदेशक सी. एस. तोमर बता चुके है कि उत्तराखंड में पिछले एक दशक से सर्दियां लगातार सूखी होती जा रही हैं। उनके अनुसार पिछले 10 वर्षों में चार बार ऐसा हुआ है जनवरी में न के बराबर बारिश हुई। उनके अनुसार यह अब कोई अपवाद नहीं, बल्कि एक नया ट्रेंड बनता जा रहा है। 2024-25 की सर्दियों में उत्तर-पश्चिम भारत में 96 प्रतिशत तक बारिश की कमी बेहद चिंताजनक है। वैसे तो सामान्य तौर पर सर्दियों में उत्तर और उत्तर-पश्चिम भारत में पश्चिमी विक्षोभ के कारण हल्की से मध्यम बारिश होती है।

यही बारिश गेहूं, सरसों, चना के लिए जीवनरेखा मानी जाती है। पहाड़ों में बर्फऔर बारिश भूजल भंडार को रिचार्ज करती है. नदियों को गर्मियों तक पानी देने में यही बर्फ पिघलकर अहम भूमिका निभाती है। लेकिन इस बार यही प्रक्रिया कमजोर पड़ती दिख रही है। वैज्ञानिकों के अनुसार इस सर्दी पश्चिमी विक्षोभ तो आए, लेकिन असर नहीं दिखा पाए। दिसंबर में जहां सामान्य तौर पर 6 पश्चिमी विक्षोभ आते हैं, इस बार 8 सिस्टम गुजरे, लेकिन बारिश नहीं करा सके। इसके पीछे कई कारण में पश्चिमी विक्षोभ में नमी की कमी, कम दबाव का क्षेत्र (ट्रफ) उथला होना शामिल है। इन्ही कारणों से नमी ऊपर नहीं उठ पाई, सिस्टम का उत्तर की ओर ऊंचे अक्षांशों में गुजरना, जिससे कश्मीर और हिमाचल में थोड़ी नमी गिरी, लेकिन उत्तराखंड तक पहुंच ही नहीं पाई और भारत पहुंचते-पहुंचते सिस्टम की गति कमजोर पड़ गई, जिससे उसका ठहराव कम हो गया। यह परिवर्तन इतना विस्तृत रहा कि भारत के साथ-साथ नेपाल में भी सूखी सर्दी देखने को मिल रही है। यह इस बात का संकेत है कि यह समस्या सिर्फ स्थानीय नहीं, बल्कि पूरे हिमालयी क्षेत्र में फैली जलवायु अस्थिरता का हिस्सा है।

राजेश माहेश्वरी

सवाल है कि क्या भारत का विकास और उसकी बढ़ोतरी भी गूगल के अनुपात में ही होगी? इस मौके पर गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने 'एक्स' पर यह लिखा कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से बात की थी और विशाखापट्टनम में पहले गूगल एआई हब स्थापित करने की योजना बताई थी। पिचाई के मुताबिक, इस एआई केंद्र में गीगावॉट स्केल कंप्यूट क्षमता, अंतरराष्ट्रीय सबसी गेटवे और बड़े ऊर्जा आधारभूत ढांचे का गेटवे शामिल होंगे। इससे भारत में उपयोगकर्ता और उद्यमियों को उद्योग संबंधी प्रौद्योगिकी मिल सकेगी, जिससे देश में एआई नवाचार बढ़ेगा। बेशक ऐसे बुनियादी ढांचे के साथ भारत अपनी डाटा संप्रभुता में सुधार कर सकता है, एआई का सशक्त गढ़ बन सकता है, लेकिन यह सवाल मौजू है कि एआई कैसे तैनात की जाएगी? एआई कंपनियां भविष्य में 'द्वारपाल' की शक्तियों के साथ मानविकी पर भारी पड़ेंगी।

एआई के गढ़ के रूप में उभरता भारत

भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्वारा संचालित एक नए युग की कगार पर खड़ा है, जहां प्रौद्योगिकी ज़िन्दगियां बदल रही है और देश की प्रगति को आकार दे बना रही है। एआई अब केवल शोध प्रयोगशालाओं या बड़ी कंपनियों तक ही सीमित नहीं है। यह हर स्तर पर नागरिकों तक पहुंच रहा है। दूरदराज़ के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच को बेहतर बनाने से लेकर किसानों को फसल के बारे में पूरी जानकारी के साथ निर्णय लेने में मदद करने तक, एआई दैनिक जीवन को सरल, स्मार्ट और अधिक कनेक्टेड बना रहा है। यह व्यक्तिगत शिक्षा के माध्यम से कक्षाओं में क्रांति ला रहा है, शहरों को साफ और सुरक्षित बना रहा है, और तेज, डेटा-आधारित शासन के माध्यम से सार्वजनिक सेवाओं को बेहतर बना रहा है। इंडियाएआई मिशन और एआई उत्कृष्टता केंद्र जैसी पहलें इस परिवर्तन के केंद्र में हैं। ये कंप्यूटिंग पॉवर तक पहुंच का विस्तार कर रही हैं, अनुसंधान का समर्थन कर रही हैं, और स्टार्टअप्स तथा संस्थानों को ऐसे समाधान तैयार करने में मदद कर रही हैं, जिनसे लोगों को सीधे लाभ पहुंचे। भारत का दृष्टिकोण एआई को खुला, किफायती और सुलभ बनाने पर केंद्रित है, यह सुनिश्चित करते हुए कि नवाचार समाज को समग्र रूप से उन्नत करे।

भारत का प्रौद्योगिकी क्षेत्र तेजी से विस्तार कर रहा है, इस वर्ष इसके वार्षिक राजस्व के 280 बिलियन अमेरिकी डॉलर का आंकड़ा पार कर जाने का अनुमान है। प्रौद्योगिकी और एआई इकोसिस्टम में 60 लाख से अधिक लोग काम कर रहे हैं। देश में 1,800 से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्र हैं, जिनमें 500 से अधिक एआई पर केंद्रित हैं। भारत में लगभग 1.8 लाख स्टार्टअप्स हैं, और पिछले वर्ष लॉन्च हुए नए स्टार्टअप्स में से लगभग 89 फीसदी ने अपने उत्पादों या सेवाओं में एआई का उपयोग किया। नैसकॉम एआई एडॉप्शन इंडेक्स पर, भारत ने 4 में से 2.45 अंक प्राप्त किए हैं, जिससे पता चलता है कि 87 फीसदी उद्यम सक्रिय रूप से एआई समाधान का उपयोग कर रहे हैं। एआई अपनाने में अग्रणी क्षेत्र हैंः औद्योगिक और ऑटोमोटिव, उपभोक्ता वस्तुएं और खुदरा क्षेत्र, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं तथा बीमा और स्वास्थ्य सेवा। ये मिलकर एआई के कुल मूल्य का लगभग 60 प्रतिशत का योगदान करते हैं। हाल ही में किए गए एक

बीसीजी सर्वेक्षण के अनुसार, लगभग 26 फीसदी भारतीय कंपनियों ने बड़े पैमाने पर एआई परिपक्वता हासिल कर ली है। सल में आने वाले चंद सालों में भारत एआई का गढ़ बनने जा रहा है। यही आकलन करने के बाद गूगल ने आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम में एआई का डाटा सेंटर स्थापित करने की घोषणा की है। यह डाटा केंद्र, अमरीका से बाहर, सबसे बड़ा केंद्र होगा। गूगल ने आगामी पांच सालों में 15 अरब डॉलर खर्च करने का ऐलान राजधानी दिल्ली में आयोजित एक मेगा इवेंट में किया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव, आंध्र के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू आदि इस मेगा आयोजन में उपस्थित रहे। गूगल क्लाउड के सीईओ थॉमस कूरियन ने खुलासा किया कि आज 14,000 से अधिक भारतीय गूगल के साथ जुड़े हैं और गूगल की 5 एआई लैब्स पहले से ही भारत में सक्रिय हैं। विशाखापट्टनम का केंद्र गूगल के संपूर्ण एआई सिस्टम का हिस्सा होगा, जो भारत में क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, डाटा सॉल्यूशंस और एआई मॉडल्स को तेजी से स्केल करेगा। गूगल के थॉमस ने यह स्पष्ट घोषणा की कि भारत अब सिर्फ उपभोक्ता नहीं, बल्कि एआई नवाचार का जेनरेटर बन रहा है।' भारत में अदाणी समूह के साथ मिल कर यह एआई केंद्र बनाया जाएगा। गूगल का इतना बड़ा निर्णय भारतीय बाजार और भारत में एआई को ग्रहण करने की संभावनाओं की ताकत को सत्यापित करता है। भारत सरकार ने एआई मिशन के लिए 5 साल के दौरान 10,300 करोड़ रुपए से अधिक की राशि आवंटित की है। उसके तहत 38,000 ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) लगाई गई हैं। प्रौद्योगिकी और एआई पारिस्थितिकी तंत्र में करीब 60 लाख लोग कार्यरत हैं। इस साल प्रौद्योगिकी क्षेत्र का राजस्व 280 अरब डॉलर को पार कर सकता है। भारत की अर्थव्यवस्था में 2035 तक एआई 1.7 ट्रिलियन डॉलर जोड़ सकता है। अंतरराष्ट्रीय डाटा कॉरपोरेशन के मुताबिक, भारत का एआई बाजार 2025 में करीब 8 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

दरअसल भारत विश्व में सबसे बड़ा ऐसा देश और समाज है, जो अभी से एआई के साथ परिवर्तन लाने को उत्साहित है। विशाखापट्टनम को इसलिए चुना गया है, क्योंकि आंध्रप्रदेश की राजधानी रहते हुए हैदराबाद को 'साइबर सिटी' का विशेषण मिला था। तेलंगाना के गठन के बाद समीकरण बदले। अब हैदराबाद उसकी राजधानी है, लिहाजा आंध्र के विशाखापट्टनम को गूगल की विराट परियोजना के लिए चुना गया। यहां गूगल के विकास और बढ़ोतरी की अपार क्षमताएं हैं, क्योंकि रणनीतिक तौर पर यह क्षेत्र एआई की रीढ़ है। एआई के फायदे और जोखिम कैसे बांटे जाएंगे? बड़ी और दिग्गज कंपनियों के एकाधिकार कौन तोड़ेगा?

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

ये प्रेम भी कितने

ये प्रेम भी कितने शब्द-जाल बुनता है। तमाम उम्र मकड़ी के जाले-सा। इंसान उलझा-उलझा सा रहता है। प्रेम-कर्त्तव्य , नाते-रिश्ते , स्वार्थ-बलिदान कितने कशमकश। टूटते-जुड़ते, बनते-बिगड़ते सपने। तमाम उम्र दर्द सहते रहे। मृत्यु- तुल्य जीवन जीते रहे, अपनों के लिए। और फिर एक दिन नाटक का पटाक्षेप, जब सामने वाला नकार दे। आपके कर्त्तव्य को प्रेम को , अस्तित्व को। और आप ठगे, बेवक़ूफ़ से, इस्तेमाल होना महसूस करते रहे। रिश्तों के , कर्त्तव्य -पथ पर। - **तनु देहलवी**

दिल से दिल के

दिल से दिल के मेल में आ गये हम जेल में दिल मिला , नज़रें मिलीं वो मिली जब रेलमें प्यार होता है नहीं ये कभी भी खेल में दिल जला जब प्यार में भुन गये हम तेल में इम्तिहाँ देते रहे नाम मेरा फेल में ज़िन्दगी जीती नहीं आज भी है टेल में अब गुज़रता वक़्त है गेसुओं के जेल में हाल 'ऐनुल' ये है अब मैं पड़ा हूँ सेल में ।

- **'ऐनुल' बरौलवी**

सफर ज़िंदगी का बहुत ही बड़ा है गुलाबों

सफ़र ज़िंदगी का बहुत ही बड़ा है गुलाबों का कांटों से पाला पड़ा है कहीं धूप और छांव में है लड़ाई कहीं आसमां शीश ताने खड़ा है कहीं भोग छप्पन भी फेंके गए है कोई एक निवाले की खातिर लड़ा है कोई तो समंदर में डुबकी लगाए किसी हाथ में एक खाली घड़ा है जिधर जा रहे है कदम नीरू तेरे वो ऊपर खड़ा जो यहीं से चढ़ा है। - **नीरू श्रीवास्तव**

घर भर की हैं शान पिता जी बच्चों

घर भर की हैं शान पिता जी। बच्चों का अरमान पिता जी। करें जरूरत पूरी सबकी, लाते हर सामान पिताजी। जब हम सबसे बातें करते, दिखते हैं नादान पिता जी। गलती करने पर बच्चों के, सदा खींचते कान पिता जी। सारे जग से न्यारे लगते, ईश्वर का वरदान पिता जी।- **डॉ बिपिन पाण्डेय**

जाड़े के कोहरे ने देखो मन को

जाड़े के कोहरे ने देखो मन को मेरे मोह लिया दिल की हर धड़कन को सॉसों से जोड़ दिया। गॉव वही,शहर वही पगडंडी और सड़क वही है पर कोहरे ने देखो सबका सुख-दुख एक किया।- **अजय श्री**

दोहा रोला सोरठा , कुण्डलिया आधार

दोहा रोला सोरठा , कुण्डलिया आधार। ध्रुव शब्दों के योग से ,सपना हो साकार।। सपना हो साकार ,लिखें नित कविता ज्ञानी। वाह कहें सब लोग, नहीं हो खीचातानी।। कितने सुन्दर शब्द, अर्थ का मानें लोहा। चारचरण दो पंक्ति ,सारगर्भित यह दोहा।। - **राजकिशोर मिश्र राज प्रतापगढ़ी**

अगर मैं बेवफा होता तो मुझसे तू गिला

अगर मैं बेवफ़ा होता तो मुझसे तू गिला करता। मगर तू छोड़कर मुझको सभी से ही मिला करता। चुभन ही है मुक़द्दर में भला फिर ग़म से डरना क्यों- सदा ही संग काँटों के चमन में गुल खिला करता।।

- **अंशु विनोद गुप्ता**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। प्रातः काल किसी योजना के पूर्ण होने से धन आगम होगा। आज दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी कार्य भी समय से पूर्ण होंगे लेकिन यात्रा का मन बनने से आवश्यक कार्य मे बदलाव करना पड़ेगा।

वृषः आज का दिन काफी उठा पटक वाला रहेगा फिर भी आध्यात्मिकता में रुचि मानसिक रूप से विचलित नही होने देगी। आज व्यावसायिक योजनाओं में अचानक बदलाव करना पड़ेगा। परिजन आपके टरकाने वाले व्यवहार से दुखी रहेंगे।

मिथुनः आज के दिन आपका स्वभाव शारीरिक दुर्बलता के कारण उदासीन बना रहेगा। अधिक मेहनत वाले कार्य करने में समर्थ नही रहेंगे फिर भी छोटे मोटे कार्य मे लगे रहेंगे। सामाजिक सम्मान में कमी आएगी।

कर्कः आज के दिन आपका मुख्य लक्ष्य अपने व्यावसायिक क्षेत्र में वृद्धि कर लाभ उठाने का रहेगा इसके लिये सार्वजनिक क्षेत्र पर नए लोगो से जान पहचान बनाएंगे छोटी बड़ी यात्रा एवं परिश्रम आज अधिक करना पड़ेगा।

सिंहः आज धन की प्राप्ति जितनी सुगम रहेगी खर्च भी उतनी ही जल्दी हो जाएगा। मितव्ययता बरतने पर भी खर्चो पर नियंत्रण नही रहेगा आकस्मिक खर्च आर्थिक उलझन बनाएंगे। महिलाये आज अधिक उपयोगी सिद्ध होंगी।

कन्याः आपका आज का दिन थोड़ा उठापटक वाला रहेगा। प्रातः काल के समय किसी के मनमाने रवैये के कारण परेशान रह सकते है।

तुलाः आज के दिन आपकी वाणी का तीखा पन व्यर्थ के झड़े मोल लेगा। मन भी काम की बातों को छोड़ इधर-उधर ज्यादा भटकेगा।

वृश्चिकः आज के दिन आपके स्वभाव में दिखावा एवं ईर्ष्या अधिक रहेगी। जिस भी कार्य को करने की तैयारी करेंगे उसमे कोई न कोई टांग अढ़ायेगा।

धनुः आज के दिन आप मानसिक रूप से किसी बड़े कार्य अथवा परिश्रम वाले कार्य को करने की हालत में नही रहेंगे। आज जिस काम को करने का मन बनाएंगे।

मकरः आज के दिन आपके स्वभाव में चंचलता अधिक रहेगी। आप जहां भी जाएंगे वहां का वातावरण विनोदी स्वभाव से हल्का बनाएंगे।

कुंभः आज के दिन आप स्वयं ही अपनी परेशानी का कारण बनेंगे छोटी छोटी बातों पर क्रोध कर आस पास का वातावरण अशांत बनाएंगे आज आपके संपर्क में जो भी आएगा मन दुखी करके ही जायेगा

मीनः आज के दिन आपका स्वभाव अटपटा रहेगा शुभ कर्मो को छोड़ वर्जित कार्यो में अधिक रुचि दिखाएंगे। काम धंधा मंदा रहेगा लेकिन आज अकस्मात लाभ होने की भी संभावना है।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) रीसेट प्रोग्राम किस मंत्रालय की पहल है?

2) सॉरानामक ह्व वीडियो जनरेशन मॉडल किस संगठन ने लॉन्च किया है?

3) 2018-19 में बांस की खेती के लिए शुरू की गई केंद्रीय प्रायोजित योजना का नाम क्या है?

4) हाल ही में अपने 60वें अंडे देने वाले दुनिया के सबसे पुराने ज्ञात जंगली पक्षी का नाम क्या है?

5) डिमुथ करुणारत्ने, जिन्होंने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की, किस देश से संबंधित हैं?

उत्तरमाला- (1) युवा मामलों और खेल मंत्रालय (2) ओपनएआई (3) राष्ट्रीय बांस मिशन (4) विज़डम अल्बाट्रॉस (5) श्रीलंका

पहेली

शब्द सामर्थ्य - 292

न्यूज गैलरीं

दो सड़कों के लिए 47 करोड़ रुपये स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ के रजत जयंती महोत्सव के विशेष अवसर पर राज्य के विभिन्न जिलों में महत्वपूर्ण सड़क निर्माण के कार्यों को कराने के लिए स्वीकृति जारी की जा रही है। इसके तहत रजत जयंती के विशेष मौके पर बेमेतरा जिले के अंतर्गत हाल ही में दो सड़कों के निर्माण कार्य के 47 करोड़ 5 लाख 44 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। स्वीकृत कार्यों में बेमेतरा जिले के अंतर्गत देवकर साजा खम्हरिया मार्ग लम्बाई 31.60 किलोमीटर के लिए 31 करोड़ 11 लाख 43 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। इसी प्रकार से बेरला से कोदवा देवरबीजा करमू मार्ग लम्बाई 22 किलोमीटर के लेन मजबूतीकरण कार्य के लिए 15 करोड़ 94 लाख एक हजार रूपए स्वीकृत किए गए है।

ईओडब्ल्यू-एसीबी की बड़ी कार्रवाई, तीन बड़े कारोबारी गिरफ्तार

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की चर्चित (छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन) घोटाला मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा और एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन हाई-प्रोफाइल आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी और जनहित से जुड़ी हमर लैब योजना में कथित अनियमितताओं और लगभग 550 करोड़ रुपये के घोटाले के आरोपों को लेकर की गई है। ई.ओ.डब्ल्यू.-ए.सी.बी ने अपराध क्रमांक 05/2025 के तहत 18 जनवरी को यह गिरफ्तारी की। पकड़े गए आरोपियों में पंचकुला स्थित रिकॉर्डर्स एंड मेडिकेयर सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर अभिषेक कौशल, कंपनी के लाईजनर प्रिंस जैन और रायपुर की श्री शारदा इंडस्ट्रीज के प्रोप्राइटर राकेश जैन शामिल हैं। जांच एजेंसियों के अनुसार, प्रिंस जैन पहले से आरोपी शशांक चोपड़ा का रिश्तेदार है, जिससे पूरे मामले में मिलीभगत की आशंका और गहरी हो गई है। मामले में आरोपियों के खिलाफभारतीय दंड संहिता की धारा 409 (आपराधिक न्यासभंग), 120-बी (आपराधिक षड्यंत्र) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) की धारा 13(1)(ए), 13(2) व 7(सी) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। जांच एजेंसियों का आरोप है कि निविदा प्रक्रिया में फर्जी दस्तावेजों और आपसी साठगांठ के जरिए सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया।

निगम ने अवैध शेडयुक्त गोडाउन निर्माण को नोटिस देकर तोड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के नेतृत्व एवं कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, सहायक अभियंता अमन चंद्राकर, अनुराग पाटकर,उप अभियंता लोचन चौहान, अबरार खान एवं नगर निवेश विभाग टीम के अन्य सम्बंधित कर्मचारियों की उपस्थिति में नगर निगम जोन 8 क्षेत्र अंतर्गत वीर सावरकर नगर वार्ड कमांक 1 क्षेत्र अंतर्गत हीरापुर में टेंगना तालाब के पास लगभग 28000 वर्गफीट भुखण्ड पर बिना अनुमति अवैध रूप से किये गए।

फाइलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ की ओर निर्णायक पहल, शत-प्रतिशत दवा सेवन पर विशेष जोर

■ 10 फरवरी से घर घर व बूथ के माध्यम से खिलाई जाएंगी फाइलेरियारोधी दवाएं

रायपुर/नवप्रदेश।राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में फाइलेरिया रोग से स्थायी मुक्ति के उद्देश्य से 10 फरवरी 2026 से सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) अभियान की शुरुआत की जा रही है। इस अभियान का मूल लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि लक्षित शत-प्रतिशत लाभार्थियों को स्वास्थ्य कर्मियों की प्रत्यक्ष निगरानी में फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया जाए, जिससे रोग के संक्रमण की श्रृंखला को प्रभावी रूप से तोड़ा जा सके।

एमडीए अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन की तैयारी के तहत 20 जनवरी 2026 को स्वास्थ्य भवन, अटल नगर, रायपुर में दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 07 जिलों के जिला मलेरिया अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी, व्ही.बी.डी. सलाहकार एवं टेक्निकल सुपरवाइजरों ने सहभागिता की। इस अवसर पर भारत सरकार के संयुक्त निदेशक, एन.सी.व्ही.बी.डी.सी., डॉ. रिंकू शर्मा वर्चुअल माध्यम से जुड़कर प्रतिभागियों को तकनीकी एवं नीतिगत मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रशिक्षण कार्यशाला में संचालक, महामारी नियंत्रण डॉ. सुरेन्द्र पामभोई, क्षेत्रीय संचालक डॉ. संदीप जोगदंड, डॉ. सरीफ (सी.एम.ओ., क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार), राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जीतेन्द्र कुमार, विश्व स्वास्थ्य संगठन से एन.पी.ओ., दिल्ली, राज्य कोऑर्डिनेटर एवं जोनल समन्वयक, राज्य सलाहकार, WJCF, PCI तथा ग्लोबल हेल्थ स्ट्रेटेजी सहित विभिन्न सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि एमडीए अभियान राज्य के 18 जिलों के 65 विकासखंडों में संचालित किया जाएगा। इनमें 15 जिलों-रायपुर (शहरी सहित), गरियाबंद, बलौदाबाजार, महासमुंद, बिलासपुर (शहरी सहित), मुंगेली, गौरेलाङ्कपेंड्राङ्कमरवाही, जांजगीरङ्कचांपा, सक्ती, सारंगढ़ङ्कबिलाईगढ़, सरगुजा (शहरी सहित), सूरजपुर, जशपुर, बालोद तथा रायगढ़ (शहरी सहित) में आईवरमेक्टिन, डीईसी एवं एल्बेंडाजोल (आईडीए) के माध्यम से दवा सेवन कराया जाएगा। वहीं बस्तर (जगदलपुर), राजनांदगांव एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिलों में डीईसी एवं एल्बेंडाजोल (डीए) का उपयोग किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत राज्य की लगभग 1 करोड़ 58 लाख से अधिक जनसंख्या को बूथों के माध्यम से तथा घर-घर जाकर दवाओं का सेवन कराया जाएगा। प्रशिक्षण सत्रों में माइक्रोप्लानिंग, दवा एवं लॉजिस्टिक प्रबंधन, रिपोर्टिंग व्यवस्था, वित्तीय प्रबंधन, सामाजिक जागरूकता, मीडिया समन्वय और अंतरविभागीय सहयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।कार्यशाला में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि एमडीए केवल दवा वितरण का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि सुनिश्चित दवा सेवन इसकी सफलता की कुंजी है। इसी दृष्टि से यह निर्णय लिया गया कि यदि कोई लाभार्थी अभियान के दौरान छूट जाता है, तो पुनः उस स्थान पर जाकर दवा सेवन कराया जाएगा।यह स्पष्ट है कि यह अभियान छत्तीसगढ़ को फाइलेरिया मुक्त बनाने की दिशा में एक संगठित, वैज्ञानिक और जनभागीदारी आधारित प्रयास है। प्रभावी क्रियान्वयन के साथ यह पहल राज्य को एक स्वस्थ और रोगमुक्त भविष्य की ओर ले जाने में निर्णायक सिद्ध हो सकती है।

रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी बोले-आग लगने की वजह शॉर्ट-सर्किट

26 साल का रिकॉर्ड जलकर राख, हादसे की आशंका थी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी ऑफिस के स्टोर रूम में शनिवार रात आग लग गई। इस आग में 26 साल का पूरा रिकॉर्ड जलकर राख हो गया। इसमें छात्रवृत्ति, मध्यान्ह भोजन, अनुकम्पा नियुक्ति, स्थापना, स्कूलों की मान्यता और अनुदान से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज शामिल थे। आग लगने के दो दिन बाद भी व्यवस्था पूरी तरह पटरी पर नहीं आ पाई है। ऑफिस के लोग अंधेरे में काम कर रहे हैं। हालांकि ये जरूर है कि ऑफिस में काम हो रहा है। 3 सदस्यीय प्रदेश स्तरीय टीम आग लगने की वजह तलाशने में जुट गई है। शुरुआती तौर पर इस मामले को साजिश नहीं हादसे के तौर पर देखा जा रहा है। संभावना है कि रिपोर्ट में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट ही बताई जाए।

डीईओ हिमांशु भारती का कहना है कि आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट ही लग रहा है। इन सबके बीच जो बड़ी लापरवाही दिखी वो ये कि लोकल एडमिनिस्ट्रेशन को पहले से हादसे की आशंका थी। कई बार इस 100 साल पुरानी बिल्डिंग की मरम्मत कराई जा चुकी थी। इस पुरानी बिल्डिंग की जगह नई बिल्डिंग का प्रस्ताव बनाकर भी छ्थ्वह्न ऑफिस की ओर से शिक्षा विभाग को भेजा गया था। लेकिन विभाग ने अब तक इसे मंजूर नहीं किया। अब जब आग में जलकर सबकुछ खाक हो गया है तो इसकी फाइल आगे बढ़ाने की बात चल रही है।

वहीं पुलिस ने आगजनी के पीछे साजिश की आशंका से इनकार नहीं किया है। शासन के निर्देश पर 3 सदस्यीय जांच समिति भी बनाई गई है। यह कमेटी 5 दिनों के अंदर जांच रिपोर्ट सौंपेगी। रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती ने बताया कि पहली नजर में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट ही लग रहा है। जो डेटा जला है, उन्हें रिकवर किया जा रहा है। छात्रवृत्ति, मध्यान्ह भोजन जैसी

साजिश से भी इनकार नहीं, 3 सदस्यीय जांच समिति गठित

पुलिस ने आगजनी के पीछे साजिश की आशंका से इनकार नहीं किया है। वहीं शासन के निर्देश पर संचालक लोक शिक्षण ने मामले की जांच के लिए संभागीय संयुक्त संचालक संजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में 3 सदस्यीय समिति गठित की है। समिति में सहायक संचालक लोक शिक्षण बजरंग प्रजापति और सतीश नायर को सदस्य बनाया गया है। समिति को 5 दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही स्टोर रूम में तैनात जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफविभागीय जांच के भी संकेत मिले हैं।

फोरेंसिक टीम पहुंची, इलाका सील

कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल के महत्वपूर्ण हिस्से को सील कर दिया है। रविवार को अवकाश के बावजूद फोरेंसिक टीम डीईओ कार्यालय पहुंची, लेकिन लगातार धुआं उठने के कारण जांच पूरी नहीं हो सकी। पुलिस और फायर ब्रिगेड अपने-अपने स्तर पर आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा- 5 साल के भ्रष्टाचार को छुपाने कांग्रेस ने लगाई आग

रायपुर/नवप्रदेश। जिले के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आग लगने की घटना को लेकर सियासत तेज हो गई है। भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने इस मामले में कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा है कि पिछले पांच साल के भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए कांग्रेसियों ने जानबूझकर डीईओ ऑफिस में आग लगाई है। पुरंदर मिश्रा ने कहा कि यह सामान्य आगजनी की घटना नहीं है, बल्कि इसके पीछे एक सोची-समझी साजिश हो सकती है। उन्होंने मांग की है कि कांग्रेसियों के आग लगाने के एंगल से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

जीरो टॉलरेंस की सरकार है और हर घोटाले की जांच होगी : पुरंदर

पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर के पत्र पर केंद्र ने जांच के निर्देश दिए हैं। इस पर पुरंदर मिश्रा ने कहा कि वरिष्ठ नेता ननकीराम कंवर द्वारा लिखे गए पत्र पर केंद्र सरकार ने जांच के निर्देश दिए हैं, जिससे कांग्रेस खेमे में बेचैनी है। ननकीराम कंवर को वरिष्ठ और ईमानदार नेता बताते हुए उन्होंने कहा कि वे लगातार भ्रष्टाचार को उजागर कर रहे हैं। कांग्रेस सरकार के दौरान डीएमएफघोटाला हुआ, जिसकी शिकायत भी की गई है। उन्होंने दो टूक कहा कि प्रदेश में जीरो टॉलरेंस की सरकार है और हर घोटाले की जांच होगी।

आगजनी की घटना भ्रष्टाचार को छुपाने की कोशिश : दीपक बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आग लगी, जिसके बाद बिल्डिंग को तोड़ा गया है। बैज ने आगजनी की इस घटना को षड्यंत्र करार दिया है। उन्होंने कहा कि कार्यालय में आग जानबूझकर लगाई गई है। जो दस्तावेज जले हैं, उसमें से कई वित्तीय फाइलें, नियुक्ति की फाइलें थी। घटना की जांच से पहले अब बिल्डिंग को तोड़ दिया गया है। यह भ्रष्टाचार को छुपाने की कोशिश है।

एक की डूबने से मौत, दूसरी की तालाब के पास मिली लाश

कोरबा/नवप्रदेश। जिले में तालाब में डूबने से एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई है तो वहीं दूसरी ओर एक युवक की तालाब के किनारे लाश मिली है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लबेद निवासी सगाराम 59 वर्ष पिता अमर सिंह सोमवार को अपने गांव के तालाब में नहाने गया था जहां डूब जाने से उसकी मौत हो गई है। बताया जाता है कि सगाराम को तालाब में नहाने के दौरान मिर्गी का दौरा पड़ गया था जिसके कारण डूबने से उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दूसरी घटना बांकीमोंगरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अरदा के लालपुर बस्ती में रहने वाले अनंत राम कुमार पिता बृजलाल गौड़ (उम्र 35 वर्ष) का शव जामचूव बाजार के पीछे स्थित तालाब के पास संदिग्ध अवस्था में मिला। बताया जाता है कि मृतक की मानसिक स्थिति प्रारंभ से ही ठीक नहीं थी। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों द्वारा सरपंच, कोटवार एवं स्थानीय थाना को अवगत कराया गया। पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।

एसआईआर में करेक्शन, नाम जुड़वाने लगाना पड़ रहा है बूथों के चक्कर : कांग्रेस

■कांग्रेस ने की समय सीमा बढ़ाने की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। एसआईआर प्रक्रिया में दावा आपत्ति को लेकर हो रही असुविधा को दूर करने और तिथि बढ़ाने की मांग करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि पूर्व निर्धारित शेड्यूल के तहत 22 जनवरी तक ही दावा आपत्ति लिए जाने हैं, छत्तीसगढ़ में एस आई आर प्रक्रिया के दौरान 27 लाख मतदाताओं के नाम काटने के बाद स्थित है कि अब तक केवल 1 लाख 82 हजार दावा आपत्ति के आवेदन ही जमा हुए हैं, जिन 19 लाख 13 हजार मतदाता तक बीएलओ पहुंच नहीं पाए उन्हें शिफ्टेड बता दिया गया, अब अंतिम 3 दिन ही शेष है, दस्तावेज जमा करने के बाद दावा आपत्ति की प्रक्रिया में अब नाम जुड़वाने से लेकर मतदाता सूची में अपना नाम यथावत बचाए रखने के लिए मतदाता परेशान हो रहे हैं, अधिकांश मतदाताओं तक नोटिस पहुंचा ही नहीं है तो फिर समय पर जवाब देना उनके लिए संभव कैसे होगा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य में धान उपार्जन की प्रक्रिया चल रही है। बिलासपुर, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, जशपुर और बस्तर के क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग रोजी रोटी के लिए पलायन कर प्रदेश से बाहर चले गए हैं, केवल बस्तर संभाग में ही 600 से अधिक गांव नक्सल प्रभावित थे जो वर्षो से बस्तर को छोड़कर तेलंगाना, आंध्र और महाराष्ट्र चले गए थे उनका एस आई आर कैसे पूरा होगा, यह बड़ा सवाल है। 19 लाख विस्थापित बताएं गए मतदाताओं में अधिकांश इसी तरह के हैं, इसलिए आवश्यक है कि इस प्रक्रिया के लिए अतिरिक्त समय दिया जाए।

सांसद बृजमोहन की डीनर डिप्लोमैसी से सियासी बवाल

रायपुर/नवप्रदेश। सांसद बृजमोहन अग्रवाल की डीनर डिप्लोमेसी को लेकर कई सियासी सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने बृजमोहन की नई चाल बताया है और कहा कि जंबूरी को लेकर जो भ्रष्टाचार का मुद्दा उठा है, अब इसमें घालमेल किए जाने की संभावना है। मिली जानकारी के भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन के समय 17 सदस्य जिनमें मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री सहित सांसद दिल्ली पहुंचे थे। इस अवसर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अपने निवास कार्यालय में डीनर का आयोजन किया था, जिसमें शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव भी शामिल हुए, इस डीनर के आयोजन के फोटो सार्वजनिक रूप से जारी किए गए हैं। जिसको लेकर अब सियासी उबाल आ गया है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि गत दिनों शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव पर जंबूरी में 10 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाने वाले बृजमोहन ने अपने निवास स्थान में एक डीनर का आयोजन किया था। जिसमें शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव भी शामिल हुए इसका भी छायाचित्र सार्वजनिक रूप से जारी किया गया है।

रायपुर में राशन दुकानों से खाली हाथ लौट रहे बीपीएल कार्डधारी

■इस माह 27 हजार क्विंटल चावल की जरूरत, गोदाम में सिर्फ 7 हजार क्विंटल का स्टॉक

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर की उचित मूल्य की दर्जनों दुकानों में बीपीएल कोटे का चावल ही नहीं है, जिसके बीपीएल हितग्राहियों को भी दुकानों से खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। चावल नहीं मिलने की मुख्य वजह छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम (नान) रायपुर के गुढ़ियारी एवं मंदिर हसौद में खपत के अनुसार बीपीएल चावल के स्टॉक की कमी होना है। विभागीय सूत्रों से पता चला है कि चालू महीने में लगभग 20 हजार क्विंटल बीपीएल कोटे का चावल बांटा जाना है, लेकिन नान के गुढ़ियारी एवं मंदिर हसौद स्थित गोदाम में सिर्फ 7 हजार क्विंटल बीपीएल चावल का ही स्टॉक बचा है। इसके कारण राशन दुकानों में चावल का भंडारण करने में कोताही बरती जा रही है। राजधानी की कई उचित मूल्य दुकानों की पड़ताल की। इस दौरान अनेकों दुकानों में बीपीएल चावल ही नहीं मिला। इन दुकानों के संचालकों ने बताया कि भंडारण के लिए नान में डिमांड किए कई दिन हो चुके हैं। इसके बाद भी चावल का भंडारण नहीं किया जा रहा है। चावल नहीं होने के कारण हितग्राहियों को वापस लौटाना पड़ रहा है। जिन दुकानों में चावल नहीं पहुंचा हैं उनके संचालकों का यह भी कहना है कि चालू माह को खत्म होने में अब मात्र 11 दिन ही शेष बचे हैं। इसमें भी दो दिन अवकाश में चले जाएंगे। इस तरह 9 दिनों में ही उन्हें शेष हितग्राहियों को चावल वितरण करना है।

राज्यपाल की पहल पर गोद ग्रामों में मार्च तक योजनाओं के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन का लक्ष्य

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने प्रदेश के गोद लिए गए तीन ग्रामों, बेमेतरा जिले के ग्राम टेमरी, गरियाबंद जिले के ग्राम बिजली और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के ग्राम सोनपुरी में केन्द्र एवं राज्य शासन की फ्लैगशिप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए उन्होंने माह मार्च 2026 तक का लक्ष्य निर्धारित किया है।

इस संबंध में राज्यपाल श्री डेका ने आज संबंधित अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। जिसमें गोद ग्रामों के सरपंच भी उपस्थित रहे। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, पर्यावरण, जल संरक्षण, स्वच्छता, जैविक खेती और आजीविका से जुड़े बहुमुखी विकास पर जोर दिया। राज्यपाल ने निर्देश दिया कि गोद ग्रामों में शिविर लगाकर आयुष्मान हेल्थ कार्ड एवं 70 वर्ष एवं अधिक आयु के नागरिकों के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाए जाए और वर्ष 2026 तक टी.बी. छत्तीसगढ़ के लक्ष्य के तहत टी.बी. मरीजों को गोद लेने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाए। कैंसर विशेषकर ब्रेस्ट कैंसर की स्क्रीनिंग के लिए शिविर, स्कूली बच्चों की आंखों की जांच के लिए परीक्षा पूर्व आई कैम्प और बुजुर्गो में मोतियाबिंद जांच के लिए शिविर लगाएं। राज्यपाल ने गोद ग्रामों में स्वच्छता के लिए ग्रामीण महिलाओं का सहयोग लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में लाइवलीहुड मिशन के लिए अच्छे काम हो रहे है। महिलाओं को भी इसका लाभ मिलना चाहिए।

3 लाख रूपए अपने स्वेच्छानुदान मद से दिए

राज्यपाल ने सरपंच से चर्चा के दौरान ग्राम बिजली में मुक्तिधाम निर्माण के लिए 3 लाख रूपए अपने स्वेच्छानुदान मद से देने की घोषणा की। साथ ही ग्राम सोनपुरी में स्कूलों बच्चों के लिए लाइब्रेरी में किताबें लोकभवन की ओर से प्रदान करने की घोषणा की उन्होंने ग्राम टेमरी में समुदायिक भवन और ओपन जिम के लिए सी.एस.आर. से राशि उपलब्ध कराए जाने की बात कही। श्री डेका ने निर्देश दिया कि गोद ग्रामों में जिला स्तर के अधिकारी सतत् भ्रमण करें। सरपंच, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से नियमित संवाद कर स्थानीय समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें ताकि योजनाओं का वास्तविक लाभ ग्रामीणों तक पहुंचे।

देवेन्द्र नगर में सुगम आवागमन और गन्दे पानी के निकास

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा और रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर मीनल चौबे ने रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र के जोन क्रमांक 2 अंतर्गत शहीद हेमू कालाणी वार्ड क्रमांक 28 के अंतर्गत देवेन्द्र नगर सेक्टर -2 में शीतल कॉलोनी में जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अधोसंरचना मद से लगभग 17 लाख रूपये की स्वीकृत लागत से नवीन सीसी रोड और नाली निर्माण शीघ्र कर नागरिकों को गन्दे पानी का सुगम निकास और सुगम आवागमन उपलब्ध करवाने सभापति सूर्यकान्त राठौड़, वित्त विभाग अध्यक्ष महेन्द्र खोडियार, शहीद हेमू कालाणी वार्ड क्रमांक 28 की पार्षद श्रीमती कृतिका जैन, नगर निगम जोन 2 जोन कमिश्नर डॉ आर. के. डोंगरे, कार्यपालन अभियंता श्री पी. डी. धृतलहरे, सहित गणमान्यजनों, महिलाओं, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, नवयुवकों, आमजनों की उपस्थिति में श्रीफल फोड़कर और कुदाल चलाकर भूमिपूजन किया। रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा और महापौर मीनल चौबे ने नगर निगम जोन 2 के अंतर्गत शहीद हेमू कालाणी वार्ड क्रमांक 28 के क्षेत्र में स्थल पर नवीन विकास कार्यों का भूमिपूजन करते हुए स्वीकृति अनुसार तत्काल नए विकास कार्यों को प्रारम्भ करवाकर तय समयसीमा के भीतर सतत मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करवाना सुनिश्चित करवाने जोन 2 जोन कमिश्नर एवं कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया।

चयनित जवानों का कलेक्टर एवं सीईओ ने किया सम्मान

देश सेवा की ओर बढ़े जिले के युवा

गरियाबंद, / नवप्रदेश। कलेक्टर श्री बीएस उइके एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रखर चंद्राकर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले से चयनित बीएसएफ एवं सीआरपीएफ के जवानों को सम्मानित किया। कलेक्टर श्री उइके ने ग्राम जोबा निवासी विकास कुमार बघेल (बीएसएफ), भीरा लाट निवासी मोतीराम मरकाम (बीएसएफ), गोरेंद्र कुमार नेताम (सीआरपीएफ) एवं हाथबाय निवासी जितेश कुमार पात्रे (सीआरपीएफ) को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित कर शुभकामनाएं दी।

कलेक्टर श्री उइके ने चयनित जवानों से उनकी चयन प्रक्रिया से जुड़ी संघर्ष के बारे में जानकारी ली।

स्वैच्छिक अनुदान की राशि अपात्र को देने का आरोप, शिकायत !

- स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा शासकीय स्वैच्छिक अनुदान की राशि को अपात्र और अपने ही शुभचिंतकों को देकर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई गई
- राजकुमार मिश्रा ने की उचित कार्रवाई करने की मांग

कोरिया /नवप्रदेश। चिरमिरी निवासी आरटीआई कार्यकर्ता राजकुमार मिश्रा ने जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के कलेक्टर को जनदर्शन में शिकायत कर छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के द्वारा शासकीय स्वैच्छिक अनुदान की राशि को अपात्र और अपने ही शुभचिंतकों को देकर शासन को गंभीर आर्थिक क्षति पहुंचाई गई है, के विषय पर आवश्यक एवं उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

स्वैच्छिक अनुदान की राशि मंत्री जी के करीबी कलेक्टर कार्यालय में उपस्थित होकर चेक प्राप्त करते हैं और लाभार्थी के घर में पहुंचाते हैं और इसके बदले में लाभार्थी से उपकृत होते हैं. यह अनुदान राशि प्रदान करते हुए चेक के साथ फोटो खींच कर सोशल मीडिया पर अपलोड और सार्वजनिक करते हैं, जबकि नियम है कि कोई शासकीय अधिकारी ही स्वैच्छिक अनुदान की राशि लाभार्थी को देगा. किसी भी रूप में कोई जनप्रतिनिधि या उनका प्रतिनिधि इस प्रकार की स्वैच्छिक अनुदान की राशि लाभार्थी को नहीं दे सकता ।आईटीआई कार्यकर्ता मिश्रा का मानना है कि मंत्री जी यदि अपात्र लोगों को भुगतान का अनुशंसा नहीं किए होते तब स्वैच्छिक अनुदान की राशि का भुगतान नहीं होता और राज्य सरकार का कई लाख रुपए बच जाते । इस प्रकार अपात्र लोगों को शासन के धन का भुगतान करने के लिए अनुशंसा करने के कारण मंत्री जी दोषी हैं । आईटीआई कार्यकर्ता मिश्रा के द्वारा अपने विस्तृत शिकायती पत्र में लेख किया गया है कि उन्हें सूचना का अधिकार पर वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 में स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा जो स्वैच्छिक अनुदान की राशि हितग्राहियों को आवंटित करने के लिए अनुशंसा की गई है, उसमें कई प्रकार का वित्तीय अनियमितताएं है, स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा अपने लोगों, राजनीतिक दल के व्यक्तियों, उनके ही कर्मचारियों और शुभचिंतकों आदि को बिना किसी गंभीर कारण के, नियम विरुद्ध, गलत कारण दर्शित करते हुए स्वेच्छा अनुदान की राशि प्रदान करने का अनुशंसा किया गया है । कुछ अति बुजुर्ग महिला एवं पुरुषों को जो अशिक्षित हैं उन्हें शिक्षा के नाम पर 20-20 हजार रुपए देने का अनुशंसा किया गया है, मंत्री जी के जो बेहद करीबी लोग हैं उन्हें भी शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए 20 से 25000 रुपए देने का अनुशंसा किया गया है। जिन लोगों को शिक्षा के नाम पर स्वैच्छिक अनुदान की राशि देने का अनुशंसा किया गया है उनका शिक्षा से कोई लेना-देना नहीं है. एसईसीएल के कुछ कर्मचारियों को भी शिक्षा और स्वास्थ्य के नाम पर स्वेच्छा अनुदान की राशि दी गई है, जबकि ऐसे कर्मचारियों का वेतन ?100000 महीना से अधिक ही होता है, यदि किसी घर में पांच लोग हैं तो दस्तावेज के अनुसार 5 लोग एक साथ बीमार हो गए है, उनमे से प्रत्येक को और पांचो बीमार हो गए हैं तो उन्हें 25-25 हजार रुपए प्रत्येक के लिए सुरक्षा अनुदान की राशि दी गई है इस प्रकार यह स्वैच्छिक अनुदान की राशि का दुरुपयोग किया गया है.आरटीआई कार्यकर्ता मिश्रा के द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा इस प्रकार का कृत्य वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आता है और यह आपराधिक कृत्य है, जबकि नियम कहता है कि स्वैच्छिक अनुदान की राशि निकालने से पहले नियमों के अनुसार लाभार्थी की पात्रता, उद्देश्य, अधिकतम राशि आदि शर्तों का पालन करना आवश्यक होता है स्वेच्छा अनुदान की राशि किसी की दया या उपकार नहीं है यह किसी मंत्री या जनप्रतिनिधि का निजी पैसा नहीं होता यह राज्य सरकार का पैसा होता है इससे किसी सार्वजनिक कार्य में ही उपयोग किया जा सकता है इस प्रकार की भुगतान की गई राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना भी अति आवश्यक होता है. स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा जिस प्रकार सुरक्षा अनुदान की राशि देने की अनुशंसा की गई है वह भारत के संविधान का अनुच्छेद 266(3) का उल्लंघन है

आरटीआई कार्यकर्ता राजकुमार मिश्रा के द्वारा इन बिंदुओं पर जांच करने के लिए, कलेक्टर से अनुरोध किया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 में जिन व्यक्तियों को सुरक्षा अनुदान की राशि दी गई है उनका आधार कार्ड की जांच की जाए जिससे उनके उम्र की पहचान किया जा सके जिन आधार पर स्वेच्छा अनुदान की राशि दी गई है लाभार्थी के द्वारा वही कार्य किया गया है अथवा नहीं लाभार्थी के बैंक खाता का विवरण प्राप्त कर लिया जाए ।

आईटीआई कार्यकर्ता को आशा है कि कलेक्टर जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के निर्देश पर इस वित्तीय अनियमितता का गंभीर और उचित रूप से जांच होकर कार्रवाई होगी ।

न्यूज गैलरी

देशी मदिरा दुकान के लिए भवन किराये पर लेने लघु निविदा आमंत्रित

एमसीबी/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा जिले की देशी मदिरा दुकान डोमनहिल हेतु बघनच्चा क्षेत्र में वर्ष 2025-26 के लिए भाड़े पर भवन लिए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में इच्छुक भवन स्वामियों से बंद लिफाफे में लघु निविदाएं आमंत्रित की गई है। निविदाएं तकनीकी बिड एवं प्राइस बिड के रूप में पृथक-पृथक प्रस्तुत की जाएंगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार निविदाएं 03 फरवरी 2026 को दोपहर 02 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में जमा की जा सकेंगी। निर्धारित तिथि को सायं 04 बजे समिति द्वारा उपस्थित निविदाकारों के समक्ष बंद लिफाफे को खोला जाएगा।

एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन कल

कांकेर / नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोड़ेजुंगा कांकेर में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 23 जनवरी को सुबह 11 से अपरान्ह 03 बजे तक किया जाएगा, जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा 181 रिक्तियों के आधार पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी श्री बी.आर. ठाकुर ने बताया कि उक्त प्लेसमेंट कैम्प में सिक्युरिटी गार्ड के 50 पद, फायर मेन के 20 पद, फुड पेकिंग के 25, हैवी वाहन चालक के 10, होम केयर टेकर के 50 और शिक्षक प्रायमरी, मिडिल, हायर सेकेण्डरी स्कूल, स्पोर्ट्स के 26 पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक आवेदक उक्त प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर ई-रोजगार के पोर्टल httpsÑ// erojgar.cg.gov.in/ पर अपना सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों के आधार पर नियोक्ता द्वारा प्राथमिक चयन कर साक्षात्कार लिया जाएगा ।

नगर विकास को कांग्रेस के नेता राजनीतिक चश्मे से न देखेः नाग

अंतागढ़ / नवप्रदेश। नगर पंचायत के अध्यक्ष राधेलाल नाग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी अपने ऊपर नगर विकास में अनदेखी बरतने के आरोप को खारिज करते हुए कहा है यदि ऐसा होता तो नगर के जनता जनार्दन मुझे दुबारा नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर नहीं बैठाती, उन्होंने कहा कि कांग्रेसियों को अपने गिरेबान में झांक कर देखना चाहिए कि मेरे पिछले अध्यक्षीय कार्यकाल में मुझे नगर विकास में कितना सहयोग मिला था, हर विकास कार्य में रोड़ा अटकाना कांग्रेसियों की आदत सी पड़ गई थी कांग्रेसियों के तमाम असहयोग के बाद भी मेरे द्वारा अंतागढ़ नगर का विकास कराया गया था जिसका परिणाम स्वरूप दुबारा नगर पंचायत में भारतीय जनता पार्टी आसीन हुआ, वर्तमान में हमें माननीय विधायक ओर सांसद जी का नगर विकास में पूरा सहयोग मिल रहा है आने वाले दिनों में इसका परिणाम देखने को मिलेगा, हमने नगर विकास के लिए अनेक प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया बहुत जल्द स्वीकृति होने वाली है जैसे अंतागढ़ को शहर का रूप देने डिवाइडर का निर्माण होगा, अंतागढ़ में तालाब का सौंदर्यीकरण, अंतागढ़ में इनडोर स्टेडियम, अंतागढ़ में फायर ब्रिगेड , अनेक स्थलों पर हाई मास्क लाइट की स्थापना करना, वाटर सप्लाई को ओर ज्यादा बेहतर बनाना, अंतागढ़ स्वास्थ्य केंद्र में 108 की सुविधा दिलाना , अंतागढ़ में सिविल कोर्ट की स्थापना ,शासकीय महाविद्यालय अंतागढ़ में स्नातकोत्तर कक्षाएं शुरू कराना जैसे महत्वपूर्ण कार्य हमारे एजेंडे में शामिल है जो बहुत जल्द मूर्त रूप लेने वाला है,विगत दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री के पखांजूर प्रवास में अंतागढ़ नगर विकास हेतु माननीय विधायक महोदय से अनुशंसा कराकर ज्ञापन दिया गया है और बहुत जल्द अपने पार्षदों और पार्टी के साथियों के साथ माननीय विधायक महोदय के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से मिलकर नगर विकास हेतु विभिन्न विकास कार्य हेतु राशि स्वीकृति कराए जाने हेतु रायपुर जाने की भी योजना है श्री नाग ने कहा कि बस स्टैंड में यात्रियों को शौचालय और मूत्रालय की बेहतर सुविधा देने का प्रयास में नगर पंचायत है, उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोप को खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेसी विकास कार्य में ओछी राजनीति करने के बजाय नगर विकास हेतु सुझाव एवं सहयोग प्रदान करें जो हमारे नगर के लिए उचित होगा

सड़क सुरक्षा माह -185 वाहन चालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण..

कांकेर / नवप्रदेश। यातायात सड़क सुरक्षा माह के क्रम में सोमवार को यातायात पुलिस कांकेर द्वारा नेशनल हाईवे 30 पर स्वास्थ्य शिविर लगाकर वाहन चालकों का नेत्र व स्वास्थ्य परीक्षण करवाया गया।सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर निखिल राखेचा पुलिस अधीक्षक कांकेर के निर्देशानुसार आकाश श्रीश्री माल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भानुप्रतापपुर तथा दिनेश सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस कांकेर के मार्गदर्शन में दीपक साव, रक्षित निरीक्षक यातायात प्रभारी कांकेर व यातायात बल कांकेर के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर कृषि विज्ञान केंद्र कांकेर के पास नेशनल हाईवे रोड़ 30 पर शिविर लगाकर हाईवे पर चलने वाली वाहन चालकों यातायात पुलिस द्वारा रकवा कर उनका स्वस्थ व नेत्र परीक्षण करवाया गया. इस दौरान यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को वाहन का सम्पूर्ण दस्तावेज रखने, अपनी गाड़ियों में हेल्मेट रखने, ओव्हरलोड नहीं करने, हमेशा निर्धारित वर्दी में रहने, ओव्हर स्पीड नहीं चलने, शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने, माल वाहक वाहनो में सवारी नहीं बिठाने, व यातायात नियम को अच्छे से पालन करने, इस सब से होने वाली दुर्घटनाओ से रूबरू करते हुये समझाईस दिया गया. इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के डॉ. मोनिका नेताम (नेत्र विभाग), डॉ. प्रेरणा रावत (नेत्र विभाग) व टीम द्वारा लगभग 185 छोटे-बड़े वाहन चालकों का नेत्र एवं स्वस्थ परीक्षण किया गया।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी पर दिलाई जाएगी शपथ

कांकेर / नवप्रदेश। प्रतिवर्ष की भांति 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सभी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा पूर्वान्ह 11 बजे मतदाता शपथ ली जाएगी।

13 कट्टा धान चोरी के आरोपी को चारामा पुलिस ने किया गिरफ्तार

कांकेर / नवप्रदेश। चोरी की रिपोर्ट के महज 24 घंटे के अंदर 13 कट्टा धान चोरी के आरोपी को चारामा पुलिस ने गिरफ्तार किया है।आरोपी से चोरी के 13 कट्टा धान भी बरामद किया गया है।चारामा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार प्रार्थी खिलावन सिन्हा पिता स्वर्गीय अगनू राम उम्र 60 वर्ष निवासी रतेसरा कलार पारा थाना चारामा थाना उपस्थित आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि 17जनवरी 2026 को उनके रतेसरा घर के परछी में रखें 13 कट्टा धान को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है प्रार्थी की रिपोर्ट पर से थाना चारामा में अपराध 13/2026 धारा 331(4), 305,(क), भा.न्या.सं. का पांजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया।उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांकेर निखिल अशोक राखेचा के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक कांकेर दिनेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी कांकेर मोहसीन खान के पर्यवेक्षण में थाना चारामा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी सूरज देवांगन के द्वारा अपने नाबालिक साथी साथ मिलकर उनके स्कूटी एक्टिवा से प्रार्थी के घर परछी में रखें 13 कट्टा धान को चोरी करना स्वीकार किया एवं घटना में चोरी की संपत्ति को उनके कब्जे से जप्त किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिवत कार्यवाही करते हुए न्यायालय पेश किया जा रहा है।

जवाहर नवोदय विद्यालय करप पहुंची यातायात की टीम

565 बच्चों को मिली यातायात की जानकारी

कांकेर / नवप्रदेश। यातायात माह के क्रम में निखिल राखेचा पुलिस अधीक्षक कांकेर के निर्देशानुसार, आकाश श्रीश्री माल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भानुप्रतापपुर तथा श्री दिनेश सिन्हा अतिरिक्त पुलिस कांकेर के मार्गदर्शन में दीपक साव, रक्षित निरीक्षक यातायात प्रभारी कांकेर व यातायात बल कांकेर के द्वारा जिले में संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय करप, कांकेर में बच्चों को यातायात जागरूकता सम्बंधी क्लास लिया गया बच्चों को रोड़ पर चलने के तरीके, सड़के कैसी बातें करती है साइन बोर्ड के माध्यम से, सिग्नल लाइट्स के बारे, अपने पालकों व अन्य को हेलमेट उपयोग करने, सीट बेल्ट उपयोग करने, ओव्हर स्पीड नहीं चलने शराब सेवन कर वाहन नहीं चलने, यातायात नियम का पालन नहीं करने से कैसे सड़क दुर्घटना होती है प्रोजेक्टर के माध्यम से वीडियो दिखाकर बच्चों को समझाया गया, बच्चों को यातायात के बारे में इस तरीके से बताने से अच्छे से समझ पाए व बच्चों द्वारा पूरी क्लास के दौरान क्रास क्वेश्चन किया जा रहा था, साथ ही प्रश्न पूछने पर नवोदय के कक्षा 7वीं के बच्चे दीपक साहू द्वारा सीट बेल्ट उपयोग के बारे उत्तर दिया, जिसे यातायात प्रभारी कांकेर द्वारा यातायात माह के समापन दिवस प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित करने प्रोत्साहित किया गया व सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्ति को समय अस्पताल पहुंचने पर राहवीर योजना के अंतर्गत अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को शासन की ओर से 25000/- की राशि दिया जाना है, उसको बच्चों को बताया गया. इसके बाद यह होगा की अब जब कोई दुर्घटना होंगी तो एम्बुलेंस व पुलिस का इंतजार किये बिना घायल को अस्पताल पहुंचकर जान बचायी जा सकती है.

ग्राम पंचायत बड़ेतोपाल में आजीविका डबरी निर्माण कार्य स्थल का निरीक्षण एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

अंतागढ़/ नवप्रदेश। 19 जनवरी 2026 को विकसित भारत जी राम जी अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत अंतागढ़ के ग्राम पंचायत बड़ेतोपाल में आजीविका डबरी निर्माण कार्य स्थल का निरीक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सांसद भोजराज नाग की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच सुशीला दर्रो, कार्यकर्ता सनत बघेल,पंच नीलबती बघेल एवं ललिता युईके भी उपस्थित रहीं।

निरीक्षण के दौरान कार्य स्थल पर कार्यरत मजदूरों को विकसित भारत जी राम जी अभियान के उद्देश्यों और महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि यह अभियान ग्रामीण आजीविका को मजबूत करने, रोजगार सृजन तथा आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सांसद भोजराज नाग ने मजदूरों से सीधे संवाद करते हुए समयबद्ध मजदूरी भुगतान के संबंध में जानकारी ली और यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि सभी श्रमिकों को उनकी मजदूरी नियमानुसार एवं समय पर प्राप्त हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि मजदूरों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और कार्य की गुणवत्ता के साथ-साथ पारदर्शिता भी बनी रहे।कार्यक्रम के दौरान डबरी निर्माण कार्य की प्रगति का अवलोकन किया गया तथा ग्रामीणों को इससे होने वाले लाभों की जानकारी दी गई। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि इस तरह की योजनाएं ग्रामीण क्षेत्र में जल संरक्षण, कृषि सुधार और आजीविका संवर्धन में अहम भूमिका निभा रही हैं।

प्रथम पेज का शेष

युवा नेतृत्व का जोश,...

भाजपा-एनडीए राज्यों के मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और कार्यकर्ता मौजूद थे। चुनाव प्रभारी द्वारा निर्वाचन पत्र सौंपे जाने के बाद पीएम मोदी ने नितिन नबीन को माला पहनाकर बधाई दी।

पार्टी अध्यक्ष की कुर्सी पर खुद बिठाया

पीएम मोदी नितिन को अध्यक्ष के ऑफिस लेकर पहुंचे। उनका हाथ पकड़कर कुर्सी पर बिठाया। 45 साल के नबीन सबसे कम उम्र के भाजपा अध्यक्ष चुने गए हैं। चुनाव प्रक्रिया 19 जनवरी को दिल्ली भाजपा मुख्यालय में हुई थी।

नियुक्ति पत्र पर दस्तखत किए, मोदी ने पीठ थपथपाई

नबीन ने नियुक्ति पत्र पर दस्तखत किए। पीएम मोदी ने उनकी पीठ थपथपाई। पीएम ने स्पीच में भी कहा था कि नितिन ऐसे दौर के हैं, जिसने बचपन में रेडियो पर खबरें सुनीं और आज एआई का इस्तेमाल करना जानते हैं। उनमें युवा जोश और बहुत सारा अनुभव दोनों हैं।

चुनाव जीतने की बधाई दी, मिठाई खिलाई

नितिन को नई जिम्मेदारी देते हुए पीएम ने उन्हें मिठाई खिलाई। उनके साथ राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा भी मौजूद थे।

भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए...

किया। गृहमंत्री अमित शाह जी जब राष्ट्रीय अध्यक्ष थे, तब उन्होंने किस प्रकार हर कार्यकर्ता की चिंता की.. मैं पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं के आगे सिर झुकाता हूं।' उन्होंने कहा कि आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन गयी है। यह पार्टी के प्रेरणादायी नेतृत्व , इसकी विचारधारा और कार्यकर्ताओं की मेहनत का फ्ल है। उन्होंने कहा , 'भाजपा का कार्यकर्ता अनवरत काम करता है, कठिन से कठिन परिस्थिति में भी भारत का ध्वज झुकने नहीं देता है,वह सीना ठोककर कहता है, तेरा वैभव अमर रहे माँ...।

सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा...

है। अभी 7 राज्यों की जानकारी आनी बाकी है। व्यक्तियों और एनजीओ की ओर से दलीलें पूरी हो चुकी है। मामला 28 जनवरी को दोपहर 2 बजे लिस्ट किया जाए। उस दिन अदालत एमिकस क्यूरी, एनएचआरसी के वकील और सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की दलीलें सुनेगी।

ट्रंप ने दिखाया यूएस...

नेताओं को अमेरिका का नया मैप दिखा रहे हैं। यह तस्वीर अगस्त 2025 का संशोधित संस्करण प्रतीत होता है जिसमें ट्रंप यूक्रेन युद्ध की स्थिति पर यूरोपीय नेताओं के साथ चर्चा कर रहे थे। तस्वीर एआई से बनाई गई है।

इस पोस्ट के बाद ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक और एआई जेनेरेटेड तस्वीर शेयर की, जिसमें ग्रीनलैंड को अमेरिकी क्षेत्र बताया गया है।

हरिओम इंगोट्स के ...

क्रेडिट (आईटीसी) और संभावित अनियमितताओं से जुड़े रिकॉर्ड खंगाल रहे हैं।

कामकाज रहा सामान्य, सहयोग कर रहे कर्मचारी

कंपनी से जुड़े कर्मियों ने बताया कि जांच के दौरान कार्यालय का कामकाज सामान्य रूप से चलता रहा। जीएसटी अधिकारियों ने किसी भी प्रकार से कंपनी की गतिविधियों को बंद नहीं करवाया। बताया जा रहा है कि कंपनी के मालिक फिलहाल बाहर हैं, लेकिन कंपनी के कर्मचारी जांच में पूरा सहयोग कर रहे हैं और आवश्यक दस्तावेज अधिकारियों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

जारी रही कार्रवाई

दस्तावेजों की विस्तृत जांच के चलते जीएसटी विभाग की टीम मंगलवार को भी कंपनी कार्यालय में मौजूद रही। अधिकारियों ने रिकॉर्ड से संबंधित जानकारी जुटाने और आवश्यक पूछताछ की प्रक्रिया जारी रखी है।

आधिकारिक बयान का इंतजार

जीएसटी विभाग की ओर से इस कार्रवाई को लेकर अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होने की संभावना जताई जा रही है।

डीएसपी-कारोबारी कंट्रोवर्सी...

का जिक्र है। इसमें पुलिस विभाग से जुड़ी गोपनीय सूचनाएं भेजे जाने के संकेत मिले हैं। इन चैट्स में नक्सल गतिविधियों, सुरक्षा बलों की तैनाती और ऑपरेशन से जुड़े इनपुट साझा किए जाने का दावा किया गया है। सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह की खुफिया जानकारी का लीक होना राज्य की आंतरिक सुरक्षा से सीधा खिलवाड़ है। यह गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। बताया जा रहा है कि इस पहलू को लेकर उच्च स्तर पर रिपोर्ट तलब की गई थी, जिसे गोपनीय रखा गया है।

कारोबारी ने 2.5 करोड़ की वसूली, गिफ्ट मांगने का लगाया आरोप

कारोबारी दीपक टंडन ने आरोप लगाया है कि साल 2021 से महिला डीएसपी ने कथित तौर पर 'लव ट्रैप' के जरिए उनसे करीब 2.5 करोड़ रुपए की वसूली की।

होटल खोलने के बहाने कारोबारी से रुपए लेने का दावा

जांच में सामने आया है कि महिला डीएसपी ने अपने भाई के नाम पर होटल खोलने के बहाने कारोबारी से रुपए लिए। इस पहलू पर अलग से जांच की मांग की जा रही है। रिपोर्ट में वित्तीय लेन-देन, बैंक ट्रांजेक्शन और प्रॉपर्टी से जुड़े दस्तावेजों की भी डिटेल में जांच की गई है।

सबरीमाला मंदिर सोना का...

की पहचान करना, आपत्तिजनक दस्तावेज़ों और डिजिटल साक्ष्यों को जब्त करना तथा धन शोधन के पूरे पैमाने का आकलन करना था। यह जांच केरल अपराध शाखा द्वारा दर्ज की गई कई प्राथमिकी से शुरू हुई। इन प्राथमिकी में त्रावणकोर देवस्वम बोर्ड के अधिकारियों, निजी व्यक्तियों, बिचौलियों और आभूषण विक्रेताओं की संलिप्तता वाले गहरे आपराधिक षड्यंत्र का खुलासा हुआ है।

जनपद पंचायत अध्यक्ष से भेंट कर सरपंच ने रखी महत्वपूर्ण माँगें

अंतागढ़ / नवप्रदेश। कलगांव सरपंच प्रमिला नाग ने कहा कि ग्राम कलगांव में बुनियादी सुविधाओं के अभाव के चलते ग्रामीणों को दैनिक जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिसको देखते हुए जनपद अध्यक्ष के समक्ष निम्न प्रमुख विकास कार्यों जैसे–ग्राम के आंतरिक एवं मुख्य मार्गों में सीसी सड़क निर्माण। ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु नल-जल योजना का प्रभावी क्रियान्वयन एवं विस्तार।ग्राम स्तरीय बैठकों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए कलस्टर भवन निर्माण।युवाओं एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु खेल मैदान में स्टेडियम/खेल अधोसंरचना का विकास यह मांगे रखी गई है वही सरपंच प्रमिला नाग ने आशा व्यक्त की है कि जनपद पंचायत द्वारा इन माँगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर कार्य स्वीकृत किए जाएंगे, जिससे ग्राम कलगाँव के विकास को नई दिशा मिलेगी और ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा।

न्यूज गैलरी

नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर आतिशबाजी

मुंगेली/नवप्रदेश। नितिन नबीन को निर्विरोध भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी के नेतृत्व में अटल परिसर जिला भाजपा कार्यलय में आतिशबाजी कर, बैंड बजाकर तथा मिठाई बांटकर खुशियाँ मनाया गया, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने जयकारा लगाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेष पाठक, वरिष्ठ नेता गिरीश शुक्ला, द्वारिका जायसवाल, संजय वर्मा, सुनील पाठक, प्रेम आर्य, कोटू दादवानी, जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष जय प्रकाश मिश्रा, विधानसभा सोशल मीडिया प्रभारी राजेश्वर सिंह टंडन, आई टी सेल प्रभारी घनश्याम यादव, अमितेश आर्य, नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ बाजपेयी, ग्रामीण अध्यक्ष राजीव श्रीवास, महामंत्री महावीर सिंह, मन्नू श्रीवास्तव, बिसाहू पटेल, जीवन पटेल, राघवेंद्र सिंह, पार्षद रोशन सोनी, असलम खान, जितेंद्र साहू, वासुदेव देवांगन, बादल पात्रे, करण सिंह, जनक साहू, महेश यादव, रितिमा लाल, राहुल पाठक, पवन मिश्रा, संतोष लखवानी तथा सचिन यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

श्री बाबा रामदेव मंदिर में माघ मेले का आयोजन 20 जनवरी से

मुंगेली/नवप्रदेश। श्री बाबा रामदेव मंदिर में आगामी 20 जनवरी से माघ मेला का आयोजन किया जा रहा है। श्री रामदेव सेवा समिति द्वारा आयोजित यह नौ दिवसीय धार्मिक उत्सव 28 जनवरी तक चलेगा, जिसमें विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से बाबा के भक्त अपनी आस्था प्रकट करेंगे। समिति द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, मेले का शुभारंभ और समापन विशेष पूजा-अर्चना के साथ होगा। 20 जनवरी मंगलवार, माघ सुदी दूज के अवसर पर सुबह 9:00 बजे बाबा का अभिषेक एवं महाआरती की जाएगी। इसी दिन रात्रि 8:45 बजे से भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा। 23 जनवरी शुक्रवार, माघ सुदी पंचमी के दिन वीरमदेव जी जन्मोत्सव एवं सरस्वती पूजन सुबह 9:00 बजे संपन्न होगा, जिसके बाद रात्रि में भजनों की प्रस्तुति होगी। 25 जनवरी रविवार, माघ सुदी सप्तमी पर सुबह 7:45 बजे से अखण्ड फेरी निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। 28 जनवरी बुधवार को मेले के अंतिम दिन माघ सुदी दशमी को रात्रि 9:00 बजे से जम्मा जागरण का आयोजन होगा, जो पूरी रात चलेगा। समिति की अपील है रामदेव सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन बाबा की भक्ति और गौरव को समर्पित है। समिति ने जय बाबारी के जयघोष के साथ सभी धर्मप्रेमी जनता से इस महापर्व में गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराने और पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

पीआईसी गठन पर विवाद गहराया, कांग्रेस पार्षदों ने अध्यक्ष पर बहुमत की अनदेखी का लगाया आरोप

मुंगेली पालिका में राजनीतिक भूचाल, पीआईसी गठन के 24 घंटे के भीतर 6 पार्षदों का इस्तीफा

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद में नाट्यकीय घटनाक्रम चल रहा है 24 घंटे पहले ही प्रेसीडेंट इन काउंसिल का गठन किया गया और आज लगभग 4-6 पार्षदों ने इस्तिफा दे दिया है, विभिन्न विभागों में सदस्य बनाए जाने के संदर्भ में कांग्रेसी पार्षदों ने अपना इस्तीफा सौंपते हुए कहा है की कांग्रेस पार्षदों का बहुमत होने के बाद भी भाजपा पार्षदों के साथ मिलकर पीआईसी गठन किया गया है कांग्रेसी पार्टी के पार्षदों का कहना है की उनकी विचारधारा भाजपा के विचारधारा से मेल नही खाता है इसलिए व इस्तीफादे रहे है। नगर पालिका परिषद में भाजपा एवं कांग्रेस पार्षदों को मिला जुलाकर बनाई गई प्रेसीडेंट इन काउंसिल। प्रेसीडेंट इन काउंसिल का गठन किया गया है। छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 70 एवं 71 तथा प्रेसिडेंट इन काउंसिल के कामकाज का संचालन, प्राधिकारी की शक्तियां एवं कर्तव्य नियम 1998 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला के प्रसाद पर्यन्त आगामी आदेश तक परिषद के निर्वाचित पार्षदों को विभिन्न विभागों के संचालन हेतु नियुक्त किया गया है। अलग-अलग विभागों के लिए सभापति एवं सदस्य नामित किए गए हैं। विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग का दायित्व जयप्रकाश मिश्रा को सौंपा गया है। इस विभाग में सदस्य के रूप में असलम खान,

जितेन्द्र कुमार दावड़ा, विजय बंजारा, निमेश देवांगन एवं श्रीमती आयशा मकबूल खान को शामिल किया गया है। राजस्व तथा बाजार विभाग के सभापति रोशन सोनी बनाए गए हैं। विभागीय सदस्यों में छोटी सत्येन्द्र सिंह परिहार, विजयलक्ष्मी अवधेश शुक्ला,अर्चना सत्तू देवांगन, संगीता अन्नू साहू एवं मोहन मल्लाह शामिल हैं। आवास, पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग की जिम्मेदारी आयशा मकबूल खान को दी गई है।

इस विभाग में अरविंद वैष्णव, असलम खान, विनय चोपड़ा, प्रतिमा रवि कोशले एवं अजय साहू सदस्य होंगे। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग तथा विद्युत विभाग के सभापति सूरज यादव नियुक्त किए गए हैं। सदस्य के रूप में संजय चंदेल, कुलदीप पाटले, रामकिशोर देवांगन, दिलीप सोनी एवं गौरी श्रवण सोनकर को शामिल किया गया है। जल कार्य विभाग की कमान छोटी सत्येन्द्र सिंह परिहार को सौंपी गई है। विभागीय सदस्यों में अर्चना सत्तू देवांगन, विजयलक्ष्मी अवधेश शुक्ला, संगीता अन्नू साहू, मोहन मल्लाह एवं निमेश देवांगन शामिल हैं। खाद्य नागरिक आपूर्ति, पुनर्वास एवं नियोजन विभाग के सभापति कुलदीप पाटले बनाए गए हैं।

इस विभाग में विनय चोपड़ा, सूरज यादव, रोशन सोनी, प्रतिमा रवि कोशले एवं अजय साहू सदस्य होंगे। वहीं शिक्षा विभाग तथा बाल कल्याण विभाग की जिम्मेदारी गौरी श्रवण सोनकर को दी गई है। इस विभाग में सदस्य के रूप में आयशा मकबूल खान, छोटी सत्येन्द्र सिंह परिहार, अर्चना सत्तू देवांगन, विजयलक्ष्मी अवधेश शुक्ला एवं संगीता अन्नू साहू को शामिल किया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने विश्वास जताया है कि प्रेसीडेंट इन काउंसिल के गठन से नगर विकास, नागरिको के सुविधाओं एवं पारदर्शी प्रशासन को मजबूती मिलेगी और सभी विभाग मिलकर मुंगेली के समग्र विकास की दिशा में कार्य करेंगे। विभिन्न विभागों में सदस्य बनाए जाने के संदर्भ में कांग्रेसी पार्षदों ने अपना इस्तीफा सौंपते हुए कहा है की कांग्रेस पार्षदों का बहुमत होने के बाद भी भाजपा पार्षदों के साथ मिलकर पीआईसी गठन किया गया है कांग्रेसी पार्टी के पार्षदों का कहना है की उनकी विचारधारा भाजपा के विचारधारा से मेल नही खाता है इसलिए वे इस्तीफा दे रहे है। इस्तिफा सौंपने वालो में अरविंद वैष्णव, दिलीप सोनी, प्रतिभा कोशले, रामकिशोर देवांगन, संजय चंदेल, अजय साहु आदि प्रमुख है।

उल्लास मेला और अंतिम महापरीक्षा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

26 जनवरी को हर ग्राम पंचायत में आयोजित होगा उल्लास मेला

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा संभाग में वयस्क साक्षरता को गति देने तथा 26 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले उल्लास मेला और मार्च 2026 में प्रस्तावित अंतिम महापरीक्षा की तैयारियों को लेकर आज सरगुजा संभाग के संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय में संभागस्तरीय बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सरगुजा संभाग के समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, डायट प्राचार्य, जिला मिशन समन्वयक, जिला परियोजना अधिकारी (साक्षरता), विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड परियोजना अधिकारी (साक्षरता) उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य एजेंडा 26 जनवरी 2026 को प्रत्येक ग्राम पंचायत में आयोजित होने वाले उल्लास मेला की तैयारियों तथा 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षरों के ऑनलाइन सर्वे और मार्च 2026 में

आयोजित अंतिम महापरीक्षा की रणनीति तय करना रहा।

बैठक को संबोधित करते हुए संभागीय संयुक्त संचालक संजय गुप्ता ने कहा कि 26 जनवरी को प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम प्रभारी के नेतृत्व में नव साक्षरों एवं स्वयंसेवकों द्वारा उल्लास मेला आयोजित किया जाएगा। मेले में विभिन्न शैक्षणिक एवं जीवन कौशल आधारित स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनका संचालन स्वयं नव साक्षर एवं स्वयंसेवक करेंगे। उन्होंने बताया कि मेला प्रातः 10:30 बजे से सायं 5:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। संयुक्त संचालक श्री गुप्ता ने कहा कि राज्य शासन की मंशा है कि वर्ष 2026 तक छत्तीसगढ़ को पूर्ण साक्षर राज्य बनाया जाए। इसी लक्ष्य के अनुरूप सरगुजा संभाग का भी उद्देश्य है कि मार्च 2026 तक संभाग को पूर्ण साक्षर घोषित किया जा सके। इसके लिए राज्य के निर्देशानुसार 15 वर्ष से अधिक आयु के सभी असाक्षरों का सर्वे 30 जनवरी 2026 तक पूर्ण किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि सर्वे के पश्चात उल्लास प्रवेशिका के माध्यम से शिक्षार्थियों को 200 घंटे का अध्ययन कराया जाएगा तथा मार्च 2026 में आयोजित अंतिम महापरीक्षा में सम्मिलित कर उन्हें सफल बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि महापरीक्षा एक व्यापक अभियान है, जिसे सभी के सहयोग, सतत निगरानी एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से ही सफल बनाया जा सकता है। संयुक्त संचालक ने निर्देश दिए कि संभाग के सभी जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक, जिला परियोजना अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी अपने-अपने स्तर पर शीघ्र बैठक आयोजित कर सर्वे कार्य प्रारंभ कराएं तथा सर्वे के पश्चात निरंतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी (साक्षरता) गिरीश गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष आयोजित होने वाली महापरीक्षा में कक्षा 9वीं एवं 11वीं के विद्यार्थी, जो स्वयंसेवक के रूप में कार्य करेंगे, उन्हें भी बोनस अंक प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उल्लास मेला प्रत्येक ग्राम पंचायत के चयनित विद्यालयों में ही आयोजित किया जाएगा। बैठक में उपस्थित राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स ने उल्लास मेला एवं अंतिम महापरीक्षा से संबंधित प्राप्त प्रशिक्षण की जानकारी साझा की तथा आयोजन की रूपरेखा पर मार्गदर्शन दिया।

स्वास्थ्य अधिकारी ने लोरमी के साहू हॉस्पिटल का किया औचक निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह रोगोपचार संबंधि स्थापनाएं अनुज्ञापन नियम 2013 अंतर्गत दिनांक 19 जनवरी को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी आयुर्वेद डॉ. प्रशांत सिंह ठाकुर के द्वारा साहू हॉस्पिटल लोरमी का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान हॉस्पिटल में हॉस्पिटल संचालक डॉ. शशिकांत साहू (प्लास्टिक सर्जन) एवं डॉ. सुमित कुमार गुप्ता (ड्यूटी डॉक्टर) उपस्थित थे। हास्पिटल के महिला पुरुष वार्ड, आई.सी.यू. ऑपरेशन थियेटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हास्पिटल में नर्सिंग स्टाफ (बी.एस.सी. नर्सिंग एवं जी.एन.एम.) एवं फिजियोथेरेपिस्ट राकेश कुमार उपस्थित थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा निर्देश दिये गये कि भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य संबंधी उपचार के लिये हॉस्पिटल में हर समय ड्यूटी डॉक्टर उपलब्ध होने चाहिए। अस्पताल ने आयुष्मान भारत में पंजीयन हेतु आवेदन किया था, जिसके सभी दस्तावेजों का पूर्ण रूप से निरीक्षण किया गया। अस्पताल ने बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, अस्थि रोग हेतु आवेदन किया गया था, उक्त सुविधाओं हेतु विशेषज्ञ डॉक्टरों के रजिस्ट्रेशन एवं छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल के दस्तावेजों की जांच की गई। हॉस्पिटल के फार्मेसी में जाकर दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली गई। हॉस्पिटल में साफ-सफाई हेतु दिशा निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान जिला परियोजना समन्वयक (आयुष्मान भारत) अखिलेश कौशिक, प्रभारी लिपिक (नर्सिंग होम एक्ट) योगेन्द्र भास्कर, डाटा एंट्री ऑपरेटर (आयुष्मान भारत) आशीष शर्मा उपस्थित थे।

1 फरवरी को होगी शिक्षक पात्रता परीक्षा 3 लाख से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल

बलरामपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 01 फरवरी 2026 को शिक्षक पात्रता 2026 परीक्षा आयोजित की गई है। जिसके लिए प्रथम पाली में 366 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। जहां प्रातः 9:30 बजे से 12:15 बजे तक तथा द्वितीय पाली में 656 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, जिसके लिए दोपहर 3:00 बजे से 5:45 बजे तक परीक्षा आयोजित होगी। प्रथम पाली में 1 लाख 18 हजार 642 अभ्यर्थी तथा द्वितीय पाली में 2 लाख 4 हजार 541 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा 20 जिलों (अंबिकापुर, बैकुण्ठपुर, बिलासपुर, दंतेवाड़ा, धमतरी, दुर्ग, जगदलपुर, जांजगीर, जशपुर, कांकेर, कबीरधाम, कोरबा, महासमुंद, रायगढ़, रायपुर, राजनांदगांव, बलौदाबाजार, बालोद, कोण्डागांव, सूरजपुर) में आयोजित की जा रही है। जिसमें राज्य के सभी 33 जिलों के अभ्यर्थी शामिल होंगे। व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर (व्यापम) द्वारा आयोजित परीक्षाओं के निष्पक्ष, पारदर्शिता पूर्ण एवं सफलतापूर्वक आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। अभ्यर्थी परीक्षा से पूर्व इन दिशा-निर्देशों का भली-भांति अध्ययन कर लें और निर्धारित समय पर सभी आवश्यक दस्तावेजों व समुचित पहनावे के साथ परीक्षा केंद्र पहुंचें। निर्देशों का पालन नहीं करने पर अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जाएगी और आवश्यकतानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। व्यापम द्वारा आयोजित आगामी सभी परीक्षाओं में परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में परीक्षा शुरू होने के कम से कम 02 घण्टे पहले परीक्षा केन्द्र में पहुंचने के निर्देश दिए गए है। ताकि प्रवेश के पूर्व सभी अभ्यर्थियों का अनिवार्य रूप से फ्रिस्किंग समय पर किया जा सके। परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पहले बंद कर दिया जाएगा। इसके लिए परीक्षार्थी समय का विशेष ध्यान रखेंगे।

परीक्षा में शामिल होने परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा में शामिल हो (काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़ा पहनना वर्जित होगा)। केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति है।

सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उतारकर सुरक्षा कर्मी से जांच कराना होगा (स्वेटर हेतु हल्के रंग एवं आधे बांह का बंधन नहीं है) तथा फुटवियर के रूप में चप्पल पहनना अनिवार्य होगा। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभियर्थियों को अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरना होगा इसके लिए ऐसे पोषाक वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में समान्य समय से पहले पहुंचना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी द्वारा निर्देशों का पालन नहीं करने, अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर परीक्षा से वंचित किया जाएगा।

गणतंत्र दिवस पर जिले में शुष्क दिवस घोषित

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुन्दन कुमार ने आदेश जारी कर गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित किया है। उन्होंने 26 जनवरी को जिले के समस्त देशी मदिरा की दुकानें सी.एस.-2(घघ), देशी मदिरा की दुकानें सी.एस.-2(घघ कम्पोजिट) शॉप, विदेशी मदिरा दुकान एफएल-1 (घघ), विदेशी मदिरा दुकान एफएल-1 शॉप की फुटकर दुकानों, सी.एस.2 , सी.एस.2 , एफ एल 1 तथा एफएल. 3 होटल बार और होटल सिटी पैलेस बंद रखे जाने एवं जिले में स्थित आसवनी मेसर्स भाटिया वाईन मर्चे. प्रा.लि. धूमा में मदिरा परेषण का आयात-निर्यात व परिवहन पूर्णतः निषिद्ध किए जाने हेतु आदेश जारी किया है।

छात्राओं के लिए विधिक जागरुकता शिविर आयोजित

मुंगेली/नवप्रदेश। छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों, कर्तव्यों तथा आवश्यक विधिक जानकारी देने के उद्देश्य से शासकीय पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास मुंगेली में एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश ने छात्रावास में छात्राओं को दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले महत्वपूर्ण तथ्यों व मूल अधिकार, मूल कर्तव्य के बारे में बताया। साथ ही गुडटच-बैडटच, पॉक्सो एक्ट, भारत का संविधान, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2005 की एवं मोबाईल के माध्यम से होने वाले अपराध व ऑनलाईन फ्राड की जानकारी व उसके बचाव के संबंध में विस्तारपूर्वक

जानकारी दी। शिविर में उन्होंने दैनिक जीवन में पढ़ाई-लिखाई, खेल-कूद के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के संबंध में भी बताया गया। सभी बच्चों को सोशल मीडिया के दुरूपयोग एवं अधिक समय तक मोबाईल का उपयोग नहीं करने की समझाइश दी गई। साथ ही छात्राओं को अपनी भविष्य के लिए लक्ष्य निर्धारित कर उस पर लगातार मेहनत करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर छात्रावास की अधीक्षिका निकिता शर्मा, पीएलवी उमेंद साहू सहित छात्रावास के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

स्वास्थ्यकर्मी के निलंबन को लेकर सीएमएचओ कार्यालय का घेराव

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में स्वास्थ्य कर्मी के निलंबन के मामले को लेकर स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ ने आज सीएमएचओ कार्यालय का घेराव करते हुए कार्यालय के सामने ही धरना प्रदर्शन करते हुए सडक पर ही बैठ गए जिससे यातायात भी प्रभावित हुआ, स्वास्थ्य कर्मियों ने कार्रवाई को द्वेषपूर्ण बताते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी की गई।

प्रदर्शन स्थल पर राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी दल बल के साथ उपस्थित रहे। संघ का कहना है कि बिना

किसी पूर्व जांच और एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्यकर्मी डोम प्रकाश कश्यप को निलंबित किया गया है। संघ के अनुसार, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के सफल संचालन की सामूहिक जिम्मेदारी होने के बावजूद केवल एक कर्मचारी को व्यक्तिगत रंजिश के तहत निशाना बनाया गया है। वहीं इस मामले पर सीएमएचओ डॉ. शीला शाहा ने सफाई देते हुए कहा कि समीक्षा बैठक के दौरान एचआरपी महिला, डिलीवरी तथा जच्चा-बच्चा स्वास्थ्य से जुड़े मामलों में स्वास्थ्य कर्मी से रिपोर्ट मांगी गई थी। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने और समीक्षा बैठक बीच में छोड़कर चले जाने के कारण नियमानुसार निलंबन की कार्रवाई की गई है। स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ ने सीएमएचओ से 7 दिनों के भीतर निलंबन आदेश को निरस्त करने की मांग की है।

संघ ने चेतावनी दी है कि यदि तय समय सीमा में मांग पूरी नहीं की गई, तो बिलासपुर संभाग स्तर पर बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें संभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी शामिल होंगे।

तस्करी

सरगुजा में बाइकर्स गैंग का कोयला चोरी नेटवर्क सक्रिय, खदानों से दिनदहाड़े तस्करी

अमेरा रेहर खदान में बाइकर्स गैंग सक्रिय, ईंट भट्टों में खपाया जा रहा कोयला

लखनपुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले में इन दिनों कोयला चोरी कारनामे में बाइकर्स गैंग सक्रिय नजर आ रहे हैं। लखनपुर उदयपुर थाना क्षेत्र के अमेरा रेहर सहित गुमग़रा कला खदान से कोयला चोरी कर बड़े पैमाने में चिमनी और गमला भट्ठों में नाजायज़ कोयला को खपा रहे हैं। प्रतिदिन शासन को लाखों रुपए का क्षति पहुंचाई जा रही हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक लखनपुर क्षेत्र के अमेरा खुली खदान उदयपुर के रेहर भूमिगत खदान ग्राम गुमगराकला के खाल कचार से प्रतिदिन बाइकर्स कोयला चोरी कर परिवहन करते हुए चिमनी एवं गमला भट्ठो में कोयला खपा रहे हैं। इन बाइकरो द्वारा कोल माफियाओ को मुटकी, केवरी बास बाड़ी, सिरकोतगा कटकोना परसोडी कला और गुमगरा कला जंगलों सहित आसपास की जंगलों में कोयला एकत्रित कर बड़े कोल तस्करों को कोयला उपलब्ध कराया जाकर मुनाफा कमाया जा रहा है। कोयला के सौदागर टीपर,ट्रैक्टर,ट्रकों के माध्यम से इन कोयलों को अन्य प्रांतों सहित आसपास के जिले और अन्य ब्लॉकों में लेजाकर बिक्री कर रहे हैं। बाइकर्स गैंग सैकड़ो की संख्या में रेहर और अमेरा खदान से कोयले की चोरी कर अंबिकापुर, दरिमा, सपना सुखरी, गुमगरा ,कटकोना परसोडी, कटिंदा, बंधा,

सिरकोटना, पुहपुटरा ,केवरा, कोसगा, सकरिया ,तुरना, तुनगुरी, जमगवा, टपरकेला, अमदला नवापारा सहित अन्य ग्रामों में बाइक के माध्यम से कोयला की बिक्री किया जा रहा है। बहुतायत होटलों में सप्लाई की जा रही है निगरानी नियंत्रण के अभाव में इनके हौसले इतने बुलंद हो गए हैं की दिनदहाड़े यह कोयला चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं पूर्व में लखनपुर पुलिस द्वारा इन बाइकर्स गैंग के खिलाफ कार्रवाई की जा रही थी जिससे कुछ हद तक अंकुश लगा हुआ था लेकिन अब बेलगाम हो गये हैं। अवैध कोयला चोरी के मामले में बाइकर्स के कोल माफियों अब तक कार्यवाही नहीं हुई है लखनपुर उदयपुर क्षेत्र में लगभग 5 से 6 बाइकर्स गैंग के लीडर बाईकर्स को तैयार कर कोयला चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। और प्रतिदिन इन बाइकर्स गैंग के द्वारा ईट भट्ठों में कोयला उपलब्ध कराया जा रहा है। रेहर और अमेरा खदान से लंबे समय से कोयला चोरी का खेल चल रहा है और इस कोयला चोरी में शामिल बड़े कोयला तस्करों पर कार्रवाई नहीं हुई है जिससे उनके हौसले बुलंद है कि बड़े पैमाने पर उनके द्वारा बाइकर गैंग की मदद से कोयले का भंडारण कर ट्रकों के माध्यम से अन्य प्रांतों में कोयले की बिक्री कर मोटी कमाई की जा रही है और शासन को प्रतिदिन लाखों की क्षति पहुंचाई जा रही है। प्रशासनिक कार्रवाही की भनक लगते ही बड़े कोल तस्कर बचकर निकल जाते हैं। कानून के हाथ लम्बे होते हैं कथन मिथ्या साबित हो रहा है।

डोमनहिल देशी मदिरा दुकान भवन किराए पर लेने लघु निविदा आमंत्रित

एमसीबी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा जिले की देशी मदिरा दुकान डोमनहिल हेतु बघनच्चा क्षेत्र में वर्ष 2025-26 के लिए भाड़े पर भवन लिए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में इच्छुक भवन स्वामियों से बंद लिफाफा में लघु निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। निविदाएं तकनीकी बिड एवं प्राइस बिड के रूप में पृथक-पृथक प्रस्तुत की जाएंगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार निविदाएं 03 फरवरी 2026 को दोपहर 02 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में जमा की जा सकेंगी। निर्धारित तिथि को सायं 4 बजे समिति द्वारा उपस्थित निविदाकारों के समक्ष बंद लिफाफों को खोला जाएगा। इस प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और नियमानुसार संपन्न किया जाएगा।निविदा से संबंधित विस्तृत शर्तें, नियम एवं निविदा प्रपत्र अवकाश दिवसों को छोड़कर अंतिम तिथि के एक दिवस पूर्व तक कार्यालयीन समय में कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी सह जिला प्रबंधक, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर से प्राप्त किए जा सकते हैं।

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ का संगठन चुनाव 24 को

महासमुंद / नवप्रदेश। । छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संगठनात्मक चुनाव को लेकर जिला महासमुंद में निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। जिला निर्वाचन प्रभारी एवं संगठन के उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन ने बताया कि यह निर्वाचन संघ के संविधान के भाग-दो (संगठन) की कंडिका 6 की उप-कंडिका 1 से 7 एवं 9 के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए संपन्न कराया जाएगा।निर्विघ्न एवं पारदर्शी निर्वाचन हेतु जिले के सभी विकासखंडों में निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है।

राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेटियों ने किया शानदार प्रदर्शन

महासमुंद / नवप्रदेश। । स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत अंडर-17 बालिका वर्ग बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 15 जनवरी तक राजनांदगांव में किया गया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में महासमुंद जिले की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ को कांस्य पदक दिलाकर जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में महासमुंद जिले के मां गायत्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महासमुंद की चार होनहार खिलाड़ी दिव्या रंगारी पिता विनोद रंगारी, स्वाति यादव पिता श्यामू यादव, राइमा दास पिता रखाल दास, एवं पलक पंचबद्धे पिता जगदीश पंचबद्धे का चयन छत्तीसगढ़ टीम में हुआ था। राजनांदगांव में हुए मुकाबले में छत्तीसगढ़ टीम ने सशक्त खेल भावना, अनुशासन और तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जिलाध्यक्ष येतराम साहू, राहुल चंद्राकर, आनंद साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, खेल अधिकारी मनोज कुमार धृतलहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, जिला बास्केटबॉल संघ अध्यक्ष नूरेन चंद्राकर, सचिव शुभम तिवारी सहित विद्यालय प्राचार्य विमला सागर, समस्त व्यायाम शिक्षक व स्टॉफ ने खिलाड़ियों को बधाई दी हैं।

पहले भी दिला चुकी हैं राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पहचान

गौरतलब है कि दिव्या रंगारी व स्वाति यादव इससे पूर्व सब जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप (पांडिचेरी) में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। वहीं दिव्या रंगारी ने एशियन यूथ बास्केटबॉल चैंपियनशिप, मलेशिया 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए लगातार सभी मैच जीतकर स्वर्ण पदक हासिल किया था, जिससे भारत ने डिवीजन 'बी' से डिवीजन 'ए' में क्वालीफाई किया।

गिरवानी में मड़ाई मेला का आयोजन

भटगांव / नवप्रदेश। नगर भटगांव से लगे ग्राम पंचायत गिरवानी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य मड़ाई मेला का आयोजन किया जा रहा है। जहां प्रथम पुरस्कार 20000 रूपये अध्यक्ष नगर पंचायत भटगांव विक्रम कुर्रे द्वारा, 15000 रूपये यादव समाज गिरवानी द्वारा, 10000 रूपये भाजपा नेता व समाजसेवी गिरवर निराला द्वारा, 7000 रूपये दिनेश पटेल, लोचन कर्ष द्वारा और 5000 रूपये अनिल दास मानिकपुरी द्वारा दिया जायेगा। वहीं इस कार्यक्रम में प्रथम दिवस मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे, विशिष्ट अतिथि साधराम पटेल सरपंच गिरवानी और नगर पंचायत के पार्षद गण रहेंगे। वहीं द्वितिय दिवस के मुख्य अतिथि सीयाराम यादव, विशिष्ट अतिथि साधराम पटेल और अतिथि भैयाराम यादव, खेलन यादव, गणपति यादव,रामलाल यादव, सम्पत लाल यादव, नरेश यादव, जोधराम यादव रहेंगे, तृतीय दिवस के मुख्य अतिथि गिरवर निराला जनपद सदस्य प्रतिनिधि, सुशीला मारूति साहू, उमा धनीराम चंद्रा रहेंगे। और चतुर्थ दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिलाईगढ़ विधानसभा के विधायक कविता प्राण लहरे और दिलीप कुमार रात्रे रहेंगे। जहां अंतिम पंचम दिवस मुख्य अतिथि सनम जांगड़े पूर्व विधायक के साथ मनोहर सरजाल, झाडू चंद्रा, गुड्डा साहू, खेलन यादव, सावित्री अजगल्ले, सरिता भारती, पुण्य प्रताप साहू, प्रेमलता नेताम रहेंगे। वहीं ग्राम पंचायत गिरवानी में लगातार भव्य तारिके से पांच दिनों तक मड़ाई मेला का आनंद उठायेंगे नगर व ग्रामवासी जहां मेला में कई प्रकार के दुकानें सजेगी और बच्चे बुजुर्ग युवाये और माता बहने इस मड़ाई मेला में आकर आनंद उत्साह के साथ मेले का लुत्फ उठायेंगे।

भौतिक सत्यापन के बाद ही टोकन अनुसार किसानों से हो धान की खरीदी: कलेक्टर

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समय -सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने समर्थन मूल्य में धान खरीदी की समीक्षा करते हुए दूसरे और तीसरे टोकन में धान का भौतिक सत्यापन पारदर्शितापूर्वक कराने के उपरांत ही किसानों से धान खरीदी करने तथा बिचौलियों पर सख्ती से कार्यवाही के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शासन की महत्वपूर्ण कार्य है इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिले में अब तक सुचारु रूप से धान खरीदी संचालित हो रही है। अंतिम 10 दिनों में बिचौलिए अवैध धान खपाने की कोशिश करेंगे जिसे नाकाम करना है। उन्होंने कहा कि सत्यापन में धान नहीं मिलने पर टोकन निरस्त कराएं। इसीतरह कम धान होने पर रकबा समर्पण कराएं। उन्होंने एसआईआर अंतर्गत नो मैपिंग, लॉजिकल रीजनिंग एवं अन्य प्रकार के दावा -आपत्ति की सुनवाई नियमानुसार एवं तय समय पर पूरा करने सभी एईआरओ को निर्देशित किया।

कलेक्टर ने राजस्व प्रकारणो की समीक्षा करते हुए कहा कि 1 से 5 वर्ष के लंबित प्रकारणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिये। इसी तरह अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन आदि प्रारकणों का तेजी से निराकरण करने कहा।

कोर्ट नियमित रूप से लेने के निर्देश भी दिये।इस दौरान मुख्यमंत्री जनदर्शन, मुख्यमंत्री सचिवालय, सीपी ग्राम्स, कलेक्टर जनदर्शन, समय -सीमा से सम्बधित आवेदनों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिये।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल,अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, अवध राम टंडन, निशा नेताम मड़ावी सहित एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बलौदाबाजार में मरीन ड्राइव की तर्ज पर हुई चौपाटी की शुरुआत

- राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने किया लोकार्पण

बलौदाबाजार / नवप्रदेश। बलौदाबाजार में राजधानी रायपुर के मरीन ड्राइव की तर्ज पर चौपाटी की शुरआत हुई जो इसे शहरी पहचान दिलाएगी। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने सोमवार को विधिवत पूजा - अर्चना कर बलौदाबाजार चौपाटी का लोकार्पण किया। लोकार्पण के साथ ही फीता काट कर चौपाटी का उद्घाटन किया गया और आमजनों के लिये खोल दिया गया।शहर के हृदय स्थल स्वामी विवेकानंद सरोवर के किनारे नगर पालिका परिषद द्वारा सुन्दर और आकर्षक चौपाटी विकसित किया गया है। इसके साथ ही सरोवर का सौन्दर्यीकरण एवं अन्य विकास कार्य भी किए गए हैं।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार द्वारा सकारात्मक सोच के साथ चौपाटी विकसित किया गया है जो शहर के लिये उपलब्धि है। इस चौपाटी में शहरवासी मनोरंजन के साथ स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ़ ले सकेंगे। चौपाटी को बहुत ही सुंदर बनाया गया है लेकिन इसकी सुंदरता बनाए रखने के लिये साफ सफाई का ध्यान रखना होगा।उन्होंने कहा कि आज बलौदाबाजार विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है। विकास के लिये सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। राजस्व मंत्री ने इस अवसर पर अपने चिर परिचित अंदाज में प्रसिद्ध छत्तीसगढी गीत गाकर लोगों को मंत्र मुग्ध किया।तकनिकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि रायपुर की तर्ज पर बहुत ही सुंदर चौपाटी विकसित की गई है जहां एक ही स्थान पर मनोरंजन व अनेक व्यंजन उपलब्ध होगा। बलौदाबाजार नगर तेजी से विकास हो रहा है जिसमें सभी का सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द मोदी के 2047 तक विकसित भारत संकल्प के साथ मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को विकसित प्रदेश बनाने सबका सहयोग जरुरी है।

इसके पूर्व मंत्री द्वय ने चौपाटी का भ्रमण कर स्टॉलो और दुकानों का अवलोकन किया और लोगों की प्रतिक्रिया भी जानी। उन्होंने लोगों से चौपाटी का आनंद लेने और स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने की अपील की।

फूड जोन और चिल्ड्रेन प्ले एरिया-चौपाटी में एक आधुनिक फूड स्टॉल और रेस्टोरेंट विकसित किए गए हैं जिसमें एक दर्जन से अधिक स्टॉल है। इसके अलावा, बच्चों के लिए चिल्ड्रन प्ले एरिया में झूले और अन्य मनोरंजन साधन उपलब्ध कराए गए हैं।चौपाटी में सुरक्षा और सुव्यवस्था के लिए पार्किंग की व्यवस्था, फ्लोटिंग फाउंटेन, सेल्फी प्वाइंट और फ्लोटिंग जेट्टी जैसी सुविधाएं भी दी गई हैं। इसके अलावा, चौपाटी में कांक्रीट सड़क और लॉन जैसी सुविधाएं भी विकसित की गई है।

धान खरीदी में भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने का प्रयास कर रही भाजपा सरकार: विनोद

महासमुंद / नवप्रदेश। । पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ में धान खरीदी व्यवस्था पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की साय सरकार प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने का प्रयास कर रही है। कवर्धा, महासमुंद और गौरेला के धान खरीदी केंद्रों में 30 करोड़ रुपये के धान को चूहों-पक्षियों द्वारा खाए जाने का हवाला देकर घोटाले को छिपाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रही है और किसानों को धान बेचने से वंचित किया जा रहा है। टोकन व रकबा सुधार न होने से हजारों किसान परेशान हैं। महासमुंद जिले में अब तक 35 हजार से अधिक किसान धान नहीं बेच पाए हैं, जबकि खरीदी लक्ष्य का केवल 76 प्रतिशत ही पूरा हुआ है और मात्र 8 दिन शेष हैं। श्री चंद्राकर ने बताया कि धान न बिकने से किसान आत्महत्या जैसे कदम उठाने मजबूर हो रहे हैं। बागबाहरा के बाद हाल ही में कोरबा जिले के किसान सुमेर सिंह गोंड़ ने भी जहर पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। पूर्व विधायक ने मांग की कि धान घोटालों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए तथा शेष किसानों से तत्काल धान खरीदी सुनिश्चित की जाए।

परमेश्वरी विद्यालय का रजत जयंती महोत्सव संपन्न

नवापारा राजिम महासमुंद / नवप्रदेश। ।। पं. वासुदेव शर्मा शिक्षण समिति तर्री द्वारा संचालित परमेश्वरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तर्री का रजत जयंती महोत्सव सह 25 वॉ वार्षिक स्नेह सम्मेलन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पहले सत्र में अभनपुर के विधायक इंद्रकुमार साहू द्वारा मां परमेश्वरी, सरस्वती की प्रतिमा पर द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि गण पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सोनी, मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, किसान मोर्चा अध्यक्ष परदेशी राम साहू, सांसद प्रतिनिधि दयालु राम गाड़ा उपस्थित थे। विधायक ने शाला परिवार को बधाई देते हुए छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। द्वितीय सत्र का उद्?घाटन रायपुर सांसद, बृजमोहन अग्रवाल कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने किया। साथ ही ग्राम तर्री की सरपंच लता सिन्हा, सभापति वर्षा मिश्रा, अपिव मोर्चा महामंत्री किशोर देवांगन उपस्थित थे। सांसद वृजमोहन अग्रवाल ने उद्बोधित करते हुए कहा कि 25 वर्षों की यह गौरवशाली शैक्षणिक यात्रा विद्यालय के संस्कार, अनुशासन और गुणवता पूर्ण शिक्षा का प्रमाण है। विद्यार्थियों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन को अभिभूत कर दिया है। सांसद महोदय ने केक काटकर विद्यार्थियों को बधाई दी। सांसद अग्रवाल जी को स्मृति चिन्ह के रूप में मां परमेश्वरी की प्रतिमा को संचालक के. के. देवांगन और संचालिका चंद्रकांता देवांगन मे भेंट किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुति ने दर्शको का मन मोह लिया। अरपा पैरी के धार गीत मे मोनिका, काव्या, अन्वी, तृप्ति एवं भाग्यश्री ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झांकी प्रस्तुत की। जीविका और निशा निहारिका ने मैने पायल है छनकाई पर सुंदर प्रस्तुति दी। अपलम चपलम में रिया और दुर्दिशा ने दर्शकों का मन मोह लिया। रिमिक्स सांग में मयंक, सुर्यांश, देव सोनी, चैतन्य, गौरव, समर, रौनक और वंश ने मनोहारी नृत्य प्रस्तुत किया। राजस्थानी गीत घूमर घूमर में भावना, धनेश्वरी, खुशी, चेतना, प्रेरणा, दीक्षा ने नयनाभिराम नृत्य कर दर्शकों रोमांचित कर दिया। आभार प्रदर्शन संस्था अध्यक्ष ईश्वर लाल देवांगन और प्राचार्य भोज राम यादव ने किया।

माँ शाकम्भरी प्रकृति, अन्न और पोषण का प्रतीक: निखिलकांत

पसौद (फिंगेश्वर) के शाकम्भरी महोत्सव में शामिल हुए पालिका अध्यक्ष

महासमुंद / नवप्रदेश। पसौद (फिंगेश्वर) में मरार पटेल समाज नांदगाँव राज द्वारा आयोजित माँ शाकम्भरी महोत्सव में नगर पालिका महासमुंद के अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। आयोजन स्थल पर समाज के प्रतिनिधियों द्वारा पालिका अध्यक्ष श्री साहू का भव्य स्वागत किया गया। श्री साहू ने माता शाकम्भरी की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के लिए सुख-समृद्धि, हरियाली और अच्छी फसल की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री साहू ने कहा कि माँ शाकम्भरी प्रकृति, अन्न और पोषण का प्रतीक है। हमें पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भर जीवन का संदेश देती है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में समरसता का भाव उत्पन्न होता है। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता ही विकास और खुशहाली की नींव होती है। उन्होंने पटेल समाज को मेहनती एवं परोपकारी समाज बताते हुए कहा कि यह समाज माँ शाकम्भरी के अवतरण के उद्देश्यों को आगे बढ़ा रहा है। कार्यक्रम में मरार समाज के प्रदेश संयोजक एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल, तेजराम पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष, श्रीमती रानी केजू पटेल प्रदेश अध्यक्ष महिला मरार समाज, गोविंद पटेल संयोजक मरार समाज नांदगांव, आदि उपस्थित थे।

जन-आंदोलन बनता जा रहा अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान

महासमुंद / नवप्रदेश। महासमुंद की जीवनदायिनी सितली नाला के संरक्षण और संवर्धन के संकल्प के साथ स्वाध्याय केन्द्र समिति द्वारा प्रारंभ किया गया 'अविरल सितली, निर्मल सितली अभियान' निरंतर गति और जनसहभागिता के साथ आगे बढ़ रहा है। यह अभियान अब केवल स्वच्छता पहल नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक चेतना का सशक्त जन-आंदोलन बनता जा रहा है। अभियान के अंतर्गत राजस्व विभाग के पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक (आरआई) की उपस्थिति में सितली नाला क्षेत्र का विधिवत एवं सीमांकन कराया गया। इस प्रक्रिया का उद्देश्य नाले के पुनरुद्धार कार्यों के दौरान किसी भी किसान या नागरिक की निजी लगानी भूमि को किसी प्रकार की क्षति न पहुँचे, तथा भविष्य में भूमि विवाद की कोई संभावना न रहे। अभियान की प्रगति और आगामी कार्ययोजना की जानकारी साझा करते हुए समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पाणिग्रही एवं सचिव मोहन साहू ने संयुक्त विज्ञप्ति में बताया कि इस पुनीत प्रयास को समाज के हर वर्ग का व्यापक सहयोग मिल रहा है। उन्होंने बताया कि आगामी 20 जनवरी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) महासमुंद के स्वयंसेवक बड़ी संख्या में अभियान से जुड़ेंगे। संघ के स्वयंसेवक प्रातः 7:30 बजे सितली नाला तट पर एकत्रित होकर 8:30 बजे तक सामूहिक श्रमदान करेंगे, जिससे अभियान को नई ऊर्जा और व्यापक जनसमर्थन प्राप्त होगा। इसी क्रम में 23 जनवरी को महासमुंद के प्रमुख व्यावसायिक केंद्र गोलबाजार के व्यापारीगण भी सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए अभियान में सक्रिय सहभागिता करेंगे और श्रमदान कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगे।

डाइट में पाँच दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम

महासमुंद / नवप्रदेश। । जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) महासमुंद में पाँच दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न विकासखंडों से चयनित 65 शिक्षकों व प्रशिक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।वरिष्ठ व्याख्याता संतोष साहू एवं टेकराम सेन ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिदिन प्रातःकाल योगाभ्यास एवं प्राणायाम कराया गया, वहीं दोपहर सत्र में योग की सूक्ष्म तकनीकों, व्यावहारिक उपयोग एवं जीवन में इसके महत्व पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। योग प्रशिक्षण जिला मास्टर ट्रेनर्स राधेश्याम साहू, कामता प्रसाद साहू एवं श्रीमती अंजनी साहू ने दिया। समापन सत्र को संबोधित करते हुए प्राचार्य अरुण प्रधान ने कहा कि 'योग ऋषि-मुनियों द्वारा दिया गया अमूल्य वरदान है, जिसके माध्यम से तन और मन दोनों को स्वस्थ रखा जा सकता है।

कलेक्टर और सीईओ के नेतृत्व में शिक्षा अभियान को मिली बड़ी सफलता

कांकेर जिला शाला त्यागी मुक्त ग्राम की ओर अग्रसर

- 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस समारोह में शाला त्यागी मुक्त ग्राम प्रमाण पत्र वितरण की तैयारी पूर्ण

454 ग्राम पंचायतों के 600 गाँव को मिलेगा सम्मान

कांकेर / नवप्रदेश। जिला कांकेर शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायी उपलब्धि की ओर तेजी से अग्रसर है। जिले को शाला त्यागी एवं अप्रवेशी बच्चों से मुक्त करने के उद्देश्य से चलाए गए विशेष अभियान के सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से सामने आने लगे हैं। जिला कलेक्टर श्री निलेश कुमार क्षीरसागर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री हरीश कुमार मंडावी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में किए गए अथक प्रयासों से कांकेर जिला ÷शाला त्यागी मुक्त ग्राम÷ की दिशा में एक मजबूत उदाहरण बनकर उभर रहा है।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश कुमार निषाद एवं जिला मिशन समन्वयक (डीएमसी) श्री नवनीत कुमार पटेल के मार्गदर्शन में जिले भर में शाला त्यागी एवं अप्रवेशी बच्चों की पहचान कर उनका पुनः विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित किया गया। इस विशेष अभियान में शिक्षा विभाग के साथ-साथ पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शाला प्रबंधन समितियां, जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवी संगठन और ग्रामवासी सक्रिय रूप से सहभागी बने। सामूहिक प्रयासों का ही परिणाम है कि जिले की अनेक ग्राम पंचायतों को ÷शाला त्यागी मुक्त ग्राम÷ घोषित किया गया है।अभियान के अंतर्गत संबंधित ग्राम पंचायतों द्वारा औपचारिक रूप से यह प्रमाणित किया गया कि उनके ग्राम में कोई भी बच्चा शाला त्यागी या अप्रवेशी नहीं है। इसके उपरांत ग्राम पंचायतों को ÷शाला त्यागी मुक्त ग्राम÷ का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। यह उपलब्धि न केवल प्रशासनिक प्रयासों की सफलता को दर्शाती है, बल्कि सामाजिक जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता का भी सशक्त उदाहरण है।इस अवसर पर जिला कलेक्टर श्री निलेश कुमार क्षीरसागर एवं जिला पंचायत सीईओ श्री हरीश कुमार मंडावी ने शिक्षा विभाग सहित सभी संबंधित विभागों, ग्राम पंचायतों, शाला प्रबंधन समितियों, शिक्षकों एवं ग्रामवासियों की खुले दिल से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है।

डिजिटल धान खरीदी से किसान को मिला भरोसा

- दयाराम गोंड की मेहनत को मिला समय पर सम्मान

एमसीबी/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लागू की गई पारदर्शी एवं पूर्णतः डिजिटल धान खरीदी व्यवस्था ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में किसानों के लिए एक नई और भरोसेमंद व्यवस्था स्थापित की है। यह प्रणाली केवल धान विक्रय तक सीमित नहीं रही, बल्कि किसानों के जीवन में आर्थिक सुरक्षा, सम्मान और आत्मविश्वास का मजबूत आधार बनकर उभरी है। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के ग्राम कौड़ीमार निवासी कृषक दयाराम गोंड इसकी एक सशक्त मिसाल हैं। कृषक दयाराम गोंड ने कौड़ीमार उपार्जन केंद्र में पूरी तरह तकनीक आधारित प्रक्रिया के माध्यम से 42 क्विंटल धान का सफल विक्रय किया। डिजिटल तौल कांटे से सटीक वजन, ऑनलाइन प्रविष्टि और पारदर्शी भुगतान प्रणाली के चलते उन्हें बिना किसी असमंजस के अपनी उपज का मूल्य समय पर प्राप्त हुआ। उपार्जन केंद्र पर किसानों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया, जहां बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, छायादार स्थान और व्यवस्थित कतार प्रणाली से किसानों को सम्मानजनक वातावरण मिला।

दयाराम गोंड ने बताया कि पूर्व वर्षों में धान विक्रय के दौरान लंबा इंतजार, जानकारी का अभाव और भुगतान में देरी जैसी समस्याओं के कारण किसानों को परेशान होना पड़ता था। किंतु इस वर्ष डिजिटल और अनुशासित व्यवस्था ने इन सभी कठिनाइयों को समाप्त कर दिया है। समयबद्ध भुगतान से अब किसान मानसिक रूप से निश्चिंत हैं और अपनी मेहनत का पूरा लाभ पा रहे हैं।

समय पर भुगतान मिलने से दयाराम गोंड अब आगामी फसल की तैयारी बेहतर ढंग से कर पा रहे हैं। कृषि निवेश, बच्चों की शिक्षा और पारिवारिक जरूरतों की योजना वे आत्मविश्वास के साथ बना रहे हैं। उनके अनुसार यह व्यवस्था किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सार्थक पहल है, जिसने खेती को फिर से सम्मान और स्थायित्व प्रदान किया है।

न्यूज गैलरी

प्रशासन के प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण को मिल रहा बढ़ावा

बलरामपुर/नवप्रदेश। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली बिल योजना अंतर्गत संजय यादव को बिजली बिल से राहत मिली है। परसागुड़ी ग्राम निवासी संजय यादव के लिए बिजली का बिल लंबे समय से चिंता का विषय था। सीमित आय के बीच हर महीने आने वाला बिजली बिल परिवार के घरेलू बजट को प्रभावित करता था। ऐसे में केंद्र सरकार की पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली बिल योजना से बिजली बिल के लिए निश्चिंत हुए हैं। योजना के तहत श्री यादव ने अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगाने के लिए आवेदन किया। शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया को पूरा करने के बाद उनके घर पर सोलर सिस्टम स्थापित किया गया। सोलर पैनल लगने के बाद न केवल उनका बिजली बिल काफी कम हुआ बल्कि वे स्वच्छ और हरित ऊर्जा का उपयोग भी करने लगे। उन्होंने कहा कि अब बिजली खर्च की चिंता लगभग समाप्त हो गई है।

सरल धान खरीदी व्यवस्था से किसानों को मिली बड़ी राहत

बलरामपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में धान खरीदी सरल और व्यवस्थित तरीके से किया जा रहा है। धान खरीदी के साथ-साथ धान उठाव का काम भी लगातार हो रहा है। सरल प्रक्रिया और समय पर भुगतान से किसानों का भरोसा शासन पर और ज्यादा बढ़ा है। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के ग्राम सरगड़ी के किसान करूवा मिंज ने बताया कि उन्होंने इस साल 67 क्विंटल 60 किलो धान बेचा है। उन्होंने कहा कि अब धान बेचने में ज्यादा समय नहीं लगता। पहले पूरे दिन केंद्र में बैठना पड़ता था, लेकिन अब सभी काम समय पर और आसानी से हो जाते हैं। बारदाना समय पर मिल जाता है और तौल भी सही तरीके से होती है। धान बेचने के बाद राशि सीधे खाते में आ जाती है, जिससे किसी तरह की चिंता नहीं रहती। करूवा मिंज ने यह भी बताया कि इस बार खाद समय पर और पर्याप्त मात्रा में मिली, जिससे फसल अच्छी हुई है।

पुलिस लाइन ग्राउंड में होगा जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह

बलरामपुर/नवप्रदेश। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस समारोह का गरिमामय आयोजन पुलिस लाइन ग्राउंड में किया जाएगा, जिसके लिए तैयारियां जोरों पर है। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए कलेक्टर के द्वारा जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर को कार्यक्रम नोडल अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी बलरामपुर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही मुख्य समारोह के लिए संबंधित विभागों को दायित्व सौंपा गया है। जिसके अंतर्गत ग्राउंड की साफ-सफाई, मंच, टेन्ट, साउंड सिस्टम, बैठक व्यवस्था, बैरिकेटिंग, लाइट, परेड, रिहर्सल, प्रभात फेरी सहित विभिन्न कार्य के लिए संबंधित विभागों को जिम्मेदारी दी गई है।

सरगुजा ओलंपिक में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने निर्देश

अवैध धान में संलिप्त व्यक्तियों पर होगी कठोर कार्रवाई : कलेक्टर

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर कटारा ने सरगुजा ओलंपिक, गणतंत्र दिवस, धान खरीदी, स्वास्थ्य, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं, राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कर प्रगति लाने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने सरगुजा ओलंपिक के सफल आयोजन के लिए अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में महिलाओं, युवाओं, महाविद्यालयीन एवं स्कूली विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। समाज के सभी वर्गों को जोड़ते हुए कार्यक्रम को सफल बनाएं। कलेक्टर श्री कटारा ने कहा कि शासन एवं प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराया जा रहा है। सरगुजा ओलंपिक के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की छिपी हुई प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलेगा।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अधिक से अधिक पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को खेलों के प्रति प्रेरित करें, ताकि अधिक-अधिक संख्या में प्रतिभागी इस आयोजन से जुड़ सकें। कलेक्टर ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध

में चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने-अपने दायित्वों का कर्तव्यनिष्ठा एवं समन्वय से निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयोजन की सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित रूप से पूर्ण कर लें, ताकि गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामय एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। कलेक्टर कटारा ने धान खरीदी एवं उठाव के संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन पंजीकृत किसानों द्वारा टोकन जारी नहीं कराया गया है वे समिति के माध्यम से टोकन हेतु आवेदन करा लें। भौतिक सत्यापन अनुसार टोकन जारी कर खरीदी की जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर श्री कटारा ने संबंधित अधिकारियों को मुनादी के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। ताकि सभी पंजीकृत किसानों से निर्धारित सीमा के भीतर धान खरीदी सुनिश्चित हो सके और कोई भी पात्र किसान वंचित न रहे। साथ ही उन्होंने अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन पर सतत निगरानी रखने के साथ संलिप्तता पाए जाने वाले व्यक्तियों पर वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा कर आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदन कार्ड की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वय वंदन कार्ड निर्माण में गति लाने के लिए डोर-टू-डोर भ्रमण कर पात्र हितग्राहियों का पंजीयन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड निर्माण की धीमी प्रगति वाले क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर कटारा ने एएनसी पंजीयन की विकासखंडवार प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को पंजीयन बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने संस्थागत प्रसव की स्थिति की समीक्षा कर सुरक्षित मातृत्व को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। कलेक्टर कटारा ने जनशिकायत, पीजी पोर्टल एवं समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की भी जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर कटारा ने प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और अनुशासन लाने के लिए ई-ऑफिस के पूर्ण क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी आधार बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करें।

जिम्मेदार अधिकारी जानकारी से अनभिज्ञ, जांच और कार्रवाई का दिया आश्वासन

धान खरीदी में नियमों की अनदेखी, किसानों से प्रति बोरा अधिक धान भरवाने का आरोप

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जारी है, लेकिन एम सी बी जिले के भरतपुर विधानसभा क्षेत्र के किसानों से अधिक धान लिया जा रहा है हमाली का काम किसान अपने लेबर लगा कर करवा रहे है। धान खरीदी केंद्र चैनपूर में शासन के नियमानुसार अधिक धान भरवाया जा रहा है। किसानों ने बताया धान में नमी के नाम से 40 किलो 800 की भर्ती की जा रही, जबकि नियमानुसार 40 किलो और बोरे का वजन ग्राम में प्रति बोरा धान की तौलाई होनी चाहिए। इसी तरह कठोतीया केंद्र में भी किसानों से ज्यादा धान लिया जा रहा है।

केंद्र में 40 किलो 800 ग्राम और 41 किलो के हिसाब से धान की भर्ती कराई जा रही है। किसान सुकाल सिंह निवासी शंकरगड़ नें बताया 135 बोरी धान लाया हूँ 41 किलो प्रति बोरी भर्ती समिति वालो के बताए अनुसार दिया है बोरा भरने-सिलने का काम हमारे 7 लेबर कर रहे है 300 रु प्रतिकुल

2100 लेबर पेमेंट देना है किसान प्रताप सिंह निवासी नवगाई नें बताया 54 बोरी धान लाए है 41 किलो भर्ती दे रहे है जो समिति वाले भरने-सिलने का काम चार लोगों को लाए है उनसे करवा रहे है। किसान पारस नाथ के बेटे अनिल कुमार नें बताया 100 क्विंटल 40 किलो धान लाए है 40 किलो 700-800 भर्ती ले रहे है।

चैनपुर धान खरीदी केंद्र: किसान धर्म पाल बोरीडांन्ड नें बताया 176 बोरी लेकर आए है 7 लेबर 300 रोजी के हिसाब से कुल 2100 रु मजदूरी दूंगा भरने सिलने के लिए, 40 किलो 800 भर्ती दिया हूँ। किसान राम सिंह परसगढ़ी नें बताया 100 किविंटल धान लाया हु 40 किलो 800 भर्ती दे रहा हु समिति वाले बताए है 6 लेबर लाया हु 300 रु मजदूरी के हिसाब से जो भरने सिलने का काम कर रहे है। किसान समारु के नाती अजय कुमार निवासी बिछ्ली नें बताया 335 बोरी धान बेचने के लिए लाया है। 40 किलो 800 भर्ती दिया हूँ 10 लेबर काम कर रहे है भरने सिलने का 300 रु मजदूरी दूंगा एक लेबर को कुल 3000 देना होगा और गाड़ी भाड़ा 2400 लग गया है। अधिकारियों को नियम और धान खरीदी से संबंधित जानकारी और समिति को दिए जाने वाले कमीशन की जानकारी ही नहीं है कलेक्ट्रेट कार्यालय में खाद्य विभाग से बताया गया जानकारी सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाए बजरंग राम पैकरा से मिलेगी वहां बलराम राम नें बताया जिला विपणन अधिकारी से जानकारी मिलेगी।

ओरसा घाट में बस हादसा के घायलों से मिले संभागायुक्त

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा संभागायुक्त नरेंद्र दुग्गा सोमवार को अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती छत्तीसगढ़-झारखंड सीमा पर महुआडांड़ के ओरसा घाट में हुए बस हादसे में घायल मरीजों से मिले। उन्होंने मरीजों एवं उनके परिवारजनों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना तथा संवाद कर उनका मनोबल बढ़ाया। चिकित्सकों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी घायलों को समुचित एवं उत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही ना बरतें। उन्होंने चिकित्सालय के डीन एवं अस्पताल अधीक्षक को व्यक्तिगत रूप से उपचार की निगरानी करने एवं आवश्यक चिकित्सा प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ठंड को देखते हुए मरीजों हेतु अतिरिक्त कम्बल एवं कपड़ो की व्यवस्था करने निर्देशित किया। अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि सभी घायलों की स्वास्थ्य स्थिति स्थिर है, इनकी लगातार मॉनिटरिंग भी की जा रही है। संभागायुक्त श्री दुग्गा ने इस दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया तथा मरीजों हेतु सुविधाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

दिव्यांगजनों को अब नहीं भटकना पड़ेगा, जिले में ही मिलेगा मेडिकल बोर्ड का लाभ

एमसीबी/नवप्रदेश। जिले के नागरिकों–खासतौर पर दिव्यांगजनों और जरूरतमंद परिवारों–के लिए एक बेहद राहत भरी और उपयोगी पहल सामने आई है। शासन के निर्देशानुसार अब मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले में जिला मेडिकल बोर्ड का नियमित संचालन शुरू होने जा रहा है। इससे लोगों को मेडिकल प्रमाण-पत्र, दिव्यांगता आकलन और संबंधित प्रक्रियाओं के लिए अब दूर-दराज के जिलों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

मेडिकल बोर्ड का संचालन तय कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। यह बोर्ड हर माह चार दिन कार्य करेगा। मेडिकल बोर्ड का समय प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित किया गया है। यदि किसी कारणवश निर्धारित तिथि पर शासकीय अवकाश रहता है, तो बोर्ड की बैठक अगले कार्य दिवस में आयोजित की जाएगी। स्थानीय विधायक और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि यह निर्णय समय, धन और परेशानियों की बचत करने वाला है। पहले जहां मेडिकल बोर्ड के लिए दूसरे जिलों की यात्रा करनी पड़ती थी, वहीं अब जिले में ही विशेषज्ञ डॉक्टरों की मौजूदगी में कार्य संपादित होगा।

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोरबा
संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-31
(प्रथम बार)

क्रमांक / 218 / टेण्डर / ग्रायांसेवा/2026 — कोरबा, दिनांक 16.01.20.26

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत् पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित सिविल कार्यों हेतु मुख्य अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा रायपुर, द्वारा जारी **दिनांक 01.11.2021** एवं, प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर, द्वारा जारी **दिनांक 01.01.2015** (सिविल) से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची मुद्रित एवं अद्यतन संशोधित दरों पर ऑनलाईन (Online) प्रतिशत दर पर निविदा **दिनांक 31.01.2026** समय 17.30 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है-

1. कार्य का नाम - जोनल टेण्डर - जिला कोरबा के विकासखण्ड कोरबा, पाली, एवं पोड़ीउपरोडा अंतर्गत विभिन्न मदो से स्वीकृत भवन एवं अन्य प्रकार के सिविल कार्य हेतु (रू. 30.00 लाख तक के कार्य हेतु)
2. ठेके की अनुमानित लागत - रू. 40.00 लाख (प्रत्येक जोनल हेतु)
3. निविदा की धरोहर राशि - रु. 30000.00 (प्रत्येक जोनल हेतु)
4. निविदा प्रपत्र का मूल्य - रू. 1500.00 (प्रत्येक जोनल हेतु)
5. निविदा प्रपत्र Download/Submitt करने की अंतिम तिथि व समय - 31.01.2026 समय 17.30 बजे तक
6. निविदा स्पीड पोस्ट के माध्यम से पहुंचने की अंतिम तिथि व समय - 05.02.2026 समय 17.30 बजे तक
7. निविदा खोलने की तिथि - 06.02.2026 समय 11.00 बजे से

2/ निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट 2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट-2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर **दिनांक 16.01.2026 समय 15.30 बजे** से देखी जा सकती है।

(ए0के0 जोगी)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
कोरबा, जिला - कोरबा (छ.ग.)

जी - 252606150/2

उत्कर्ष योजना दस्तावेज सत्यापन 27 एवं 28 जनवरी को

बलरामपुर/नवप्रदेश। सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग ने जानकारी दी है कि राजीव युवा उत्थान उत्कर्ष योजना के तहत लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा के परीक्षा के तैयारी हेतु प्राक्चयन परीक्षा आयोजित की गई थी। प्राक्चयन परीक्षा के मेरिट सूची के आधार पर अभ्यर्थियों का वर्गवार दस्तावेजों का सत्यापन किया जाना है।

22 को प्लेसमेंट कैम्प का होगा आयोजन

अंबिकापुर/नवप्रदेश। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अम्बिकापुर के प्राचार्य से प्राप्त जानकारी अनुसार शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अम्बिकापुर में श्री क्वालिटी सर्विसेस द्वारा 22 जनवरी 2026 को कैम्पस प्लेसमेंट आयोजित किया जा रहा है। जिसकी योग्यता किसी भी टेक्निकल ट्रेड से आई.टी.आई. उत्तीर्ण है।

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल / कुस / क्षेत्र / भू.रा. / 2025 / 1288 — दिनांक 18.11.2025

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र की बरौद (विस्तार) खुली खदान हेतु भूमि का अर्जन सी.बी.ए. (ए एंड डी) अधिनियम 1957 के तहत किया गया है, जिसमें ग्राम-बरौद, तहसील-घरघोड़ा, जिला-रायगढ़ के निम्नलिखित भू-स्वामी ने अपने खाते में सृजित 04 नौकरी हेतु अपने प्रत्यक्ष आश्रितों को नामांकित कर एसईसीएल में रोजगार उपलब्ध कराने हेतु आवेदन पत्र एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र में जमा किया है। आवेदन में भूमि के खातेदार/नामित आश्रितों द्वारा संलग्न किये गये भूमि एवं अन्य व्यक्तिगत दस्तावेजों में नाम में भिन्नता पाई गयी है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

स. क्र.	स्टे. V&IA के अनुसार भू-स्वामी का नाम	भूमि संबंधी एवं अन्य दस्तावेजों में भू-स्वामियों का नाम	खसरा क्रमांक	रकबा (हे. में)	नामांकन पत्र के अनुसार आश्रित उम्मीदवार का वास्तविक नाम	रोजगार हेतु नामांकित उम्मीदवार के व्यक्तिगत दस्तावेजों में नाम	टिप्पणी
1	मुनुदाई जौजे ननकीराम	1. नामांकन पत्र तथा वंश वृक्ष में नाम- मुनुदाई जौजे ननकीराम 2. राजस्व दस्तावेजों में नाम- मुनुदाई उर्फ मुनुदाई कंवट उर्फ मुनुदाई कंवर जौजे ननकीराम उर्फ मुनुदाई पि. ननकी उर्फ मु. मुनुदाई पति ननकीराम कंवट 3. राजस्व आदेश में नाम- मुनुदाई उर्फ मुनुदाई कंवट जौजे ननकी राम 4. आधार कार्ड में नाम- मुनुदाइ पति ननकिराम निषाद 6. वोटर आईडी में नाम- मुनुदाई निषाद पति ननकी राम निषाद 7. राशनकार्ड में नाम- मुनुदाई पति ननकिराम निषाद 8. चेक तथा बैंक पासबुक में नाम- मुनुदाई पति ननकीराम उर्फ मुनुदाई निषाद उर्फ MUNUODAL NISHAD WO NANKI RAM NISHAD	125/2 126 314/3 316/3 318/2 355 358/3 637 716/2 350/3 कुल-10	0.032 0.129 0.243 0.202 0.202 0.462 0.607 0.870 0.182 0.531 3.46 हे. = 8.55 एकड़	1) पुरुषोत्तम पिता हेमसागर 2) राजकुमारी पिता हेमसागर 3) गौतम निषाद पिता शौकीलाल निषाद 4) विवेक निषाद पिता शौकीलाल निषाद	1. नामांकन-वंश वृक्ष में नाम- पुरुषोत्तम पिता हेमसागर, राजकुमारी पिता हेमसागर, गौतम निषाद पिता शौकीलाल निषाद, विवेक निषाद पिता शौकीलाल निषाद 2. शैक्षणिक दस्तावेजों में नाम- पुरुषोत्तम पिता हेमसागर उर्फ पुरुषोत्तम पिता हेमसागर निषाद, राज कुमारी पिता हेम सागर, गौतम निषाद पिता शौकी लाल निषाद, विवेक निषाद पिता शौकी लाल निषाद 3. आधार कार्ड में नाम- पुरुषोत्तम निषाद आ. हेम सागर निषाद, राज कुमारी आ. हेमसागर, गौतम निषाद आ. शौकी लाल निषाद, विवेक निषाद आ. शौकी लाल निषाद 4. राशन कार्ड में नाम- पुरुषोत्तम, राजकुमारी, गौतम, विवेक 5. वोटर आई.डी. में नाम- पुरुषोत्तम पिता हेमसागर, राजकुमारी पिता हेमसागर, गौतम निषाद पिता शौकीलाल निषाद 6. जाति प्रमाण पत्र में नाम- पुरुषोत्तम निषाद पिता हेमसागर निषाद, राजकुमारी पिता हेमसागर, गौतम निषाद पिता शौकीलाल निषाद, विवेक निषाद पिता शौकी लाल निषाद 7. निवास प्रमाण पत्र में नाम- पुरुषोत्तम निषाद पिता हेमसागर निषाद, राजकुमारी पिता हेमसागर, गौतम निषाद पिता शौकीलाल निषाद, विवेक निषाद पिता शौकी लाल निषाद	भिन्न-भिन्न दस्तावेजों में एक ही व्यक्ति का भिन्न भिन्न नाम होने के संबंध में दावा आपत्ति बाबत्।

उपरोक्त तालिका में दर्शित व्यक्तियों के नाम एवं नामांकित व्यक्तियों के नौकरी के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजी प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत कार्यालय महाप्रबंधक एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र के समक्ष उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के अंदर प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

SECL/25-26/296 — प्रभारी अधिकारी (भू.रा.), एसईसीएल,रायगढ़ क्षेत्र

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)

नियंत्रण वर्ष 2026-27 से वर्ष 2029-30 हेतु पूंजी निवेश योजना के अनुमोदन हेतु दायर याचिका पर आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित करने हेतु सूचना

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के (बहुवर्षीय टैरिफ के निर्धारण हेतु निबंधन एवं शर्तें) विनियम-2025 के सुसंगत प्रावधानों के अनुपालन में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 से वित्त वर्ष 2029-30 के नियंत्रण अवधि के लिए पूंजी निवेश योजना (**CIP**) के अनुमोदन हेतु माननीय छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष याचिका प्रस्तुत की गई है। यह याचिका, याचिका क्रमांक 104/2025 के रूप में पंजीकृत किया गया है। इस याचिका में वितरण कंपनी द्वारा लोड ग्रोथ हासिल करने हेतु सब-ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम को बेहतर और मजबूत बनाने, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बिलिंग सहित उपभोक्ता सेवाओं में स्वचालन, स्मार्ट मीटरिंग और उत्पन्न के साथ मौजूदा वितरण नेटवर्क में सुधार, मजबूती और नये कनेक्शन देने हेतु बुनियादी ढांचे में विस्तार करने, स्मार्ट मीटरिंग, आईटी सिस्टम को अपग्रेड करने और डिस्ट्रीब्यूशन लॉस को कम करने पर फोकस वाली योजनाओं हेतु पूंजीगत व्यय का प्रस्ताव दिया गया है। जिसका सारांश नीचे तालिका में दर्शित है:-

वित्त वर्ष 2026-27 से वित्त वर्ष 2029-30 के लिए पूंजीगत निवेश योजना (CIP)

(रू. करोड़ में)

स. क्र.	योजना का नाम	वर्ष 2026-27	वर्ष 2027-28	वर्ष 2028-29	वर्ष 2029-30	कुल योग	कुल का प्रतिशत
अ	सरकारी वित्तपोषित योजनाएं	1139.00	300.00	400.00	300.00	2139.00	28.43
1	कृषि पम्प ऊर्जीकरण एवं आरजीजीवीवाई के अलावा अन्य ग्रामीण ऊर्जीकरण कार्य	50.00	100.00	200.00	100.00	450.00	5.98
2	मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना	100.00	100.00	100.00	100.00	400.00	5.32
3	मुख्यमंत्री मजराटोला विद्युतीकरण	100.00	100.00	100.00	100.00	400.00	5.32
4	रिवेम्पड योजना	889.00	0	0	0	889.00	11.82
ब	आंशिक या पूर्णरूप से छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि. द्वारा वित्तपोषित योजनाएं	1330.55	1328.94	1215.76	1108.54	4983.79	66.25
1	सामान्य विकास Normal Development (ऑब्लिगेटरी)	725.00	725.00	725.00	725.00	2900.00	38.55
2	सब-ट्रांसमिशन और सिस्टम इम्प्रुवमेंट योजना	248.20	248.20	248.20	248.20	992.80	13.20
3	ईआईटीसी सेप और आईटी परियोजना	177.43	168.12	185.29	93.22	624.06	8.30
4	सिविल कार्य	178.99	187.62	57.27	42.12	466.00	6.19
5	केबल टेस्टिंग लेबोरेटरी के लिए विभिन्न उपकरणों की खरीद और इंस्टॉलेशन	0.93	0.00	0.00	0.00	0.93	0.01
स	पूर्णरूप से उपभोक्ता योगदान द्वारा वित्तपोषित योजनाएं	100.00	100.00	100.00	100.00	400.00	5.32
1	सामान्य विकास (कन्ट्रीब्यूटरी)	100.00	100.00	100.00	100.00	400.00	5.32
द	कुल	2569.55	1728.94	1715.76	1508.54	7522.79	100.00

वित्त वर्ष 2026-27 से वित्त वर्ष 2029-30 के लिए पूंजीगत निवेश की प्रस्तावित संरचना

(रू. करोड़ में)

विवरण	वर्ष 2026-27	वर्ष 2027-28	वर्ष 2028-29	वर्ष 2029-30	कुल योग
ऋण/अन्य	1,057.90	1,063.15	972.61	886.83	3,980.49
उपभोक्ता योगदान	100.00	100.00	100.00	100.00	400.00
इक्विटी	532.11	265.79	243.15	221.71	1,262.75
केन्द्रीय/राज्य अनुदान	879.54	300.00	400.00	300.00	1,879.54
कुल	2,569.55	1,728.94	1,715.76	1,508.54	7,522.79

उपरोक्त याचिका पर इच्छुक व्यक्ति/संस्था अपने आपत्तियां/सुझाव, निम्नलिखित पते पर इस आम सूचना के प्रकाशित होने की तिथि से 21 दिनों की समयसीमा के भीतर व्यक्तिगत रूप से अथवा डाक द्वारा सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग, सिंचाई कॉलोनी, शांति नगर, रायपुर, पिन-492001 (**E-mail: cserc.sec.cg@nic.in**) एवं/या कार्यपालक निदेशक (नि.का. एवं ऊ.प्र.), छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लि., 4थ मंजिल, विद्युत सेवा भवन, डंगनिया, रायपुर, पिन-492013 (**E-mail: cecomcseb@rediffmail.com**) पते पर प्रेषित कर सकते हैं।

उपरोक्त याचिका की प्रति आयोग की वेबसाइट **www.cserc.gov.in** एवं छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लि. की वेबसाईट **www.cspdcl.co.in** पर भी उपलब्ध है। याचिका की हार्डकापी माननीय सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग, सिंचाई कॉलोनी, शांति नगर, रायपुर, पिन-492001 एवं कार्यपालक निदेशक (नि.का. एवं ऊ.प्र.), छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, चतुर्थ तल, विद्युत सेवा भवन, डंगनिया, रायपुर, पिन-492013 स्थित मुख्यालय में भी उपलब्ध हैं, जिन्हें रू. 100/- के भुगतान के साथ किसी भी कार्यालयीन दिवस पर प्राप्त किया जा सकता है। उक्त भुगतान के अतिरिक्त डाक व्यय हेतु रू. 50/- के साथ याचिका की प्रति उक्त कार्यालय से डाक के माध्यम से भी प्राप्त किया जा सकता है।

माननीय विद्युत नियामक आयोग द्वारा उपरोक्त याचिका पर जनसुनवाई हेतु स्थान, दिनांक एवं समय पृथक से समाचार पत्र के माध्यम से प्रकाशित किया जाएगा।

कार्यपालक निदेशक (निकाएवंऊप्र)
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लि., रायपुर

S-

नॉन इंटरलॉकिंग की वजह से 14 ट्रेनें रद्द, रेल यात्रियों की बढ़ेगी परेशानी

6 ट्रेनें 24 से 31 जनवरी तक और 8 ट्रेनें 28 से 31 जनवरी के बीच नहीं चलेंगी, पैसेंजर ट्रेनें ज्यादातर रहेंगी रद्द

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अधोसंरचना विकास के तहत कई परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। इसी कड़ी में राजनांदगांव-नागपुर तीसरी लाइन परियोजना से जुड़े कार्य के लिए तुमसर रोड यार्ड में 24 से 31 जनवरी तक नॉन-इंटरलॉकिंग का काम किया जाएगा। इस ब्लॉक के कारण 14 ट्रेनें रद्द रहेंगी, इनमें से 6 ट्रेनें 24 से 31 जनवरी तक, जबकि 8 ट्रेनें 28 से 31 जनवरी के बीच नहीं चलेंगी। रद्द होने वाली गाड़ियों में अधिकतर पैसेंजर ट्रेनें शामिल हैं, जो रायपुर से नागपुर के बीच चलती हैं। इस कारण दैनिक यात्रियों को इस दौरान यात्रा में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

रद्द ट्रेनों में 24 से 31 जनवरी तक तुमसर रोड से छूटने वाली 58817 तुमसर रोड-पैसेंजर नहीं चलेगी। 24 से 31 जनवरी तक तिरोडी से छूटने वाली 58816 तिरोडी-तुमसर रोड पैसेंजर नहीं चलेगी। 24 से 31 जनवरी तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) जंक्शन से छूटने वाली 58815 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) - तिरोडी पैसेंजर नहीं चलेगी। 24 से 31 जनवरी तक तिरोडी से छूटने वाली 58818 तिरोडी-तुमसर रोड पैसेंजर नहीं चलेगी। 24 से 31जनवरी तक बालाघाट से छूटने वाली 68715 बालाघाट-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-तिरोडी मेमू नहीं चलेगी। 24 से 31जनवरी तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से छूटने वाली 68714 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-बालाघाट मेमू नहीं चलेगी। 28 से 31 जनवरी तक दुर्ग से छूटने वाली 68741 दुर्ग-गोंदिया मेमू नहीं चलेगी। 28 से 31 जनवरी तक गोंदिया से छूटने वाली 68743 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू नहीं चलेगी। 28 से 31 जनवरी तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से छूटने वाली 68744 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-गोंदिया मेमू नहीं चलेगी। 28 से 31 जनवरी तक गोंदिया से छूटने वाली 68742 गोंदिया-दुर्ग मेमू नहीं चलेगी। 28 से 31 जनवरी तक डोंगरगढ़ से छूटने वाली 68711 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू नहीं चलेगी। 28 से 31 जनवरी तक गोंदिया से छूटने वाली 68713 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेम नहीं चलेगी। 28 से 31 जनवरी तक इतवारी से छूटने वाली 68716 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-गोंदिया मेमू नहीं चलेगी। 28 से 31 जनवरी तक गोंदिया से छूटने वाली 68712 गोंदिया-डोंगरगढ़ मेमू नहीं चलेगी। बीच में नियंत्रित होने वाली गाड़ियां में 29 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली गाड़ी 18240 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) - कोरबा शिवनाथ एक्स्प्रेस को नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) एवं तुमसार रोड के बीच 30 मिनट नियंत्रित होगी। 31 जनवरी को अहमदाबाद से चलने वाली गाड़ी 12833 अहमदाबाद - हावड़ा एक्स्प्रेस को नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) एवं गोंडिया के बीच 40 मिनट नियंत्रित होगी।

बीच में समाप्त होने वाली गाड़ियां

24 से 31 जनवरी तक तुमसर रोड के स्थान पर यह गाड़ी गोबरवाही से तिरोडी के लिए रखाना होगी 78811 तुमसर रोड-तिरोडी डेमू गोबरवाही तक चलेगी अर्थात यह गाड़ी गोबरवाही एवं तुमसर रोड नहीं चलेगी। 24 से 31 जनवरी तक तिरोडी से छूटने वाली 78812 तिरोडी-तुमसर रोड डेमू गोबरवाही तक चलेगी अर्थात यह गाड़ी गोबरवाही एवं तुमसर रोड नहीं चलेगी। 24 से 31 जनवरी तक तिरोडी के स्थान पर यह गाड़ी गोबरवाही से बालाघाट के लिए रवाना होगी 78813 तिरोडी-बालाघाट डेमू अर्थात यह गाड़ी गोबरवाही एवं तुमसर रोड के बीच नहीं चलेगी। 24 से 31 जनवरी तक बालाघाट से छूटने वाली 78814 बालाघाट-तिरोडी डेमू गोबरवाही तक चलेगी अर्थात यह गाड़ी गोबरवाही एवं तुमसर रोड नहीं चलेगी।

■ न्यूज गैलरी

कमिश्नर और महापौर ने निगम अफसरों के साथ किया निरीक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज सुबह नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे और महापौर पूजा विधानी नवनिर्मित अटल परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान जो भी दिक्कतें दिखाई दी उसमें बदलाव करते हुए व्यवस्थित तरीके से निर्माण कार्य पूरा करने के लिए निर्देश दिए गए। इसके बाद बृहस्पतिबाजार और शनिचरी बाजार में बनने वाले मछली बाजार का निरीक्षण करने के लिए निगम कमिश्नर और महापौर पहुंचे। लोगों से बातचीत कर उनके सुझाव जाने, जिससे निर्माण और व्यापारियों को स्थानांतरित करने पर किसी तरह की असुविधा न हो।

राज्य सरकार का दावा- 46 शेल्टर होम में 4160 मवेशी, पीआईएल पर हाईकोर्ट में सुनवाई

36 गौधाम बनाने मिली प्रशासनिक स्वीकृति शेड-पानी, बिजली जैसी होंगी सुविधाएं

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में बढ़ते सड़क हादसों और फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले आवारा पशुओं की समस्या को लेकर राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में जवाब पेश किया है। शासन ने शपथपत्र के साथ जवाब दाखिल करते हुए बताया कि प्रदेश के अलग-अलग जिलों में 46 अस्थायी मवेशी शेल्टर होम संचालित हैं। इस शेल्टर होम में 4,160 मवेशियों को रखा गया है।

दरअसल, राज्य शासन ने आवारा पशुओं के स्थायी संरक्षण के लिए 36 गौधाम के निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति दी है। इन गौधामों में मवेशियों के लिए शेड, पेयजल और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। शासन के इस जवाब के बाद चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने इस

जनहित याचिका पर अगली सुनवाई की तिथि 23 मार्च निर्धारित की है। सोमवार को जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान पशुधन विकास विभाग के प्रमुख सचिव ने हाईकोर्ट को बताया कि राज्य में फसलों को आवारा और पालतू पशुओं से बचाने के लिए ग्रामीणों की ओर से ग्राम पंचायत स्तर पर अस्थायी शेल्टर बनाए गए हैं। फसल कटाई के बाद इन मवेशियों को उनके मालिकों को सौंप दिया जाता है या इच्छुक ग्रामीणों में वितरित कर दिया जाता है। बेलतरा और सुकुलकारी ग्राम पंचायतों में इसी मॉडल के तहत मवेशियों का प्रबंधन किया गया है। सरकार ने यह भी बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में गृह विभाग, एनएचएआई और सड़क सुरक्षा एजेंसी के साथ समन्वय बनाकर काम किया जा रहा है, ताकि सड़कों पर मवेशियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। शासन की ओर से बताया कि हाईकोर्ट के निर्देशों के बाद शासन ने निगरानी व्यवस्था भी सुदृढ़ की है।

स्थिति सुधारने लाया गया गौधाम योजना

स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने गौधाम योजना शुरू की है। प्रत्येक गौधाम में 200 मवेशियों को रखने की क्षमता होगी। अब तक 36 गौधामों की स्थापना के लिए प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। जिनमें से 3 गौधाम वर्तमान में संचालित हो रहे हैं, जबकि 8 गौधामों में मरम्मत और आवश्यक सुविधाओं का कार्य प्रगति पर है। इन गौधामों का संचालन स्वयंसेवी संस्थाओं, गौशाला समितियों और किसानों के समूहों की ओर से किया जाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिले में करेंगे ध्वजारोहण

■ टीएल बैठक में कलेक्टर ने की तैयारियों व लंबित प्रकरणों की समीक्षा

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने समय-सीमा की बैठक लेकर जिले में संचालित शासन की फ्लैगशीप योजनाओं, आगामी गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों एवं जनदर्शन के लंबित मामलों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले में पहली बार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा ध्वजारोहण किया जाना संभावित है। कलेक्टर ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं भव्य स्वरूप में मनाया जाएगा। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की। बैठक में एसएसपी रजनेश सिंह, नगर निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, एडीएम कलेक्टर शिवकुमार बनर्जी, सहायक कलेक्टर अरविंथ कुमारन मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस पर जिले के विकास कार्यों एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित आकर्षक झांकियां तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे आम नागरिकों को जिले की उपलब्धियों की जानकारी मिल सके।

12 हजार फीट की ऊंचाई पर आतंकियों का ठिकाना ध्वस्त

कुछ आतंकियों की छिपे होने की आशंका

सेना की व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बताया कि 'ऑपरेशन त्राशी-1' जारी है और इलाके की घेराबंदी और सख्त कर दी गई है। सेना, पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीमें ड्रोन और स्निफर डॉग्स की मदद से दुर्गम और घने जंगलों वाले इलाके में तलाशी अभियान चला रही हैं। अधिकारियों के मुताबिक, दो से तीन आतंकी, जिनका संबंध पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद संगठन से बताया जा रहा है, इलाके में छिपे होने की आशंका है।

हवलदार गजेंद्र सिंह को श्रद्धांजलि देने के लिए पुष्पचक्र अर्पित करने का समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह का नेतृत्व व्हाइट नाइट कोर के कार्यवाहक चीफ ऑफस्टाफब्रिगेडियर युधवीर सिंह सेखों ने किया। बाद में बलिदानी का पार्थिव शरीर अंतिम संस्कार के लिए उनके पैतृक गांव उत्तराखंड भेजा गया। सोमवार दोपहर को आतंकियों के ठिकाने के संबंध में कई स्थानीय लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। सुरक्षा एजेंसियां उन ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) की पहचान करने में जुटी हैं, जिन्होंने आतंकियों को राशन और अन्य जरूरी सामान उपलब्ध कराने में मदद की थी।

■ किश्तवाड़ में तीसरे दिन भी ऑपरेशन जारी

किश्तवाड़। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के ऊपरी इलाकों में आतंकियों को पकड़ने के लिए चलाया जा रहा बड़ा तलाशी अभियान मंगलवार को तीसरे दिन भी जारी है। इस दौरान सुरक्षाबलों ने कई लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। यह अभियान रविवार को छात्रु क्षेत्र के सिंहपोरा के पास स्थित सोनार गांव में शुरू किया गया था। इसी दौरान आतंकियों के साथ मुठभेड़ हुई, जिसमें एक पैरा कमांडो बलिदान हो गया, जबकि सात अन्य जवान घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, आतंकियों द्वारा अचानक फेंके गए ग्रेनेड के छर्रे लगने से जवान घायल हुए। इसके बाद आतंकी घने जंगलों की ओर फरार हो गए।

इस बीच, मंगलवार सुबह जम्मू के सतवारी में बलिदानी स्पेशल फोर्स कमांडो

आतंकियों के एक मजबूत ठिकाने का भंडाफोड़

हालांकि, सुरक्षाबलों ने आतंकियों के एक मजबूत ठिकाने का भंडाफोड़ किया है, जो 12,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर स्थित था। इस ठिकाने से बड़ी मात्रा में सर्दियों का सामान बरामद किया गया, जिसमें खाने-पीने का सामान, कंबल और बर्तन शामिल हैं। अभियान की निगरानी के लिए आईजीपी जम्मू जोन भीम सेन टूटी और आईजी सीआरपीएफ आर. गोपालकृष्ण राव सहित कई वरिष्ठ पुलिस और सेना अधिकारी मौके पर डेरा डाले हुए हैं।

'शहरीकरण से बढ़ा कूड़ा और उससे आवारा कुत्ते होते हैं इकट्ठा'

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को आवारा कुत्तों के मामले पर सुनवाई की। इस दौरान एक वकील ने दलील देते हुए कहा कि नगर पालिका के अधिकारी कूड़ा नहीं उठाते हैं, जिसकी वजह से वहां कुत्ते इकट्ठा हो जाते हैं। वकील ने कहा कि शहरीकरण की वजह से कूड़ा बढ़ा है। शीर्ष अदालत में न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ के समक्ष आवारा कुत्तों के मामले की सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के दौरान पीठ ने मुख्य रूप से संस्थागत परिसरों में आवारा कुत्तों के मुद्दे और नगर निगम अधिकारियों की विफलता पर ध्यान दिया। मेनका गांधी के वकील से सुप्रीम कोर्ट ने पूछा क्या सवाल?

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/महाप्र./महामाया-637 | दिनांक 08.01.2026

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एस.ई.सी.एल. भटगांव क्षेत्र के अन्तर्गत संचालित महामाया खुली खदान परियोजना हेतु ग्राम बरौधी की भूमि का अर्जन किया गया है, जिसमें 32 भूमिस्वामी की भूमि का मूल्यांकन छत्तीसगढ़ राज्य मूल्यांकन बोर्ड द्वारा निर्धारित दर पर किया गया है। राज्य शासन द्वारा मूल्यांकन किये जाने के पश्चात् एस.ई.सी.एल. मुख्यालय द्वारा अनुमोदन किया गया है। उक्त भूमिस्वामियों का पुनः सलाह दी जाती है, कि अपनी भूमि का स्वीकृत मुआवजा एस.ई.सी.एल. भटगांव क्षेत्र के अन्तर्गत संचालित महामाया खुली कोयला खदान परियोजना के कार्यालय में आकर वांछित दस्तावेज के साथ अपना आवेदन प्रस्तुत कर 15 दिनों में अपनी सम्पूर्ण मुआवजा राशि प्राप्त कर सकते है। संबंधित भूस्वामियों द्वारा उपरोक्त समयावधि में मुआवजा हेतु आवेदन नहीं करने की स्थिति में उपरोक्त स्वीकृत मुआवजा राशि पार्ट टाइम ट्रिब्यूनल, बिलासपुर में जमा कराने की कार्यवाही कि जावेगी। जिसके लिए भूस्वामी स्वयं जिम्मेदार होंगे। यह अवगत कराना आवश्यक है कि उक्त मुआवजा माह फरवरी 2020 में एस.ई.सी.एल. मुख्यालय द्वारा अनुमोदित किया गया है। ग्राम बरौधी की अधिग्रहित भूमि के भूमिस्वामियों का विवरण निम्नलिखित तालिका में दर्शायी गयी है -

(अ)- निजी भूमि

S.N.	Name Fathers/Husband Name/Caste	Plot No.	Total Area of plot (In Hact)	Total area acquired (In Hact)	Class of land
1	2	3	4	5	6
1	आगर साय आ. पुरेलाल जाति, रजवार	142/2 P	0.05	0.04	एक फसली
2	अनुबाई पुत्री मानकी जाति रजवार	117	0.35	0.35	एक फसली
3	किरन सिंह पति प्रवीण कुमार सिंह जाति सामान्य	60/9 P	0.95	0.04	एक फसली
		60/6	1.64	1.64	एक फसली
	योग -	02	2.59	1.68	
4	किशुन आ0 अपनू, पतियारो बेवा अपनू जाति बरगाह	119 P	0.42	0.18	एक फसली
5	गेन्दी पुत्री महंगु जाति बरगाह	118/1	0.17	0.17	एक फसली
6	जयलाल आ0 गोविन्द जाति रजवार	50/2 P	0.30	0.08	एक फसली
7	जुगेन पुत्री महंगु जाति बरगाह	118/9 P	0.24	0.04	एक फसली
8	तारकेश्वर आ0 सुखदयाल जाति रजवार	50/3 P	0.41	0.01	एक फसली
9	दीपेन्द्र सिंह आ0 सुरेश प्रताप सिंह जाति सामान्य	60/7	0.20	0.20	एक फसली
10	दुलेर पुत्री महंगु जाति बरगाह	118/8	0.17	0.17	एक फसली
11	धरमपाल आ0 मोहन जाति बरगाह	118/4	0.10	0.10	एक फसली
12	निलु सिंह पति लालेन्द्र प्रताप सिंह	60/2 P	0.46	0.01	एक फसली
13	पुरन आ0 शिवचरण जाति रजवार	115/1	0.32	0.32	एक फसली
14	बाबी पति पुरेलाल जाति रजवार	113/2 P	0.18	0.02	एक फसली
		140/3 P	0.18	0.03	एक फसली
	योग -	02	0.36	0.05	
15	भैयालाल आ0 जगन्नाथ जाति बरगाह	118/3	0.10	0.10	एक फसली
16	मुलेर पुत्री महंगु जाति बरगाह	118/7	0.17	0.17	एक फसली
17	रामबरन आ0 मोतीलाल जाति बरगाह	118/6 P	0.30	0.15	एक फसली
18	रामकेली पति परसराम	118/2	0.17	0.17	एक फसली
19	रामभरोस आ0 बंधन जाति रजवार	120 P	0.21	0.04	एक फसली
20	रामपाल आ0 परषोत्तम घुमार	55	0.30	0.30	एक फसली
21	लालेन्द्र प्रताप सिंह आ0 चन्द्रमौलेश्वर सिंह सुशीला पति, चन्द्रमौलेश्वर सिंह, जाति सामान्य	56/2	0.68	0.68	एक फसली
22	श्यामदेई पुत्री लक्ष्मण जाति रजवार	123/2 P	0.19	0.01	एक फसली
23	सुरेश प्रताप सिंह पिता ब्रिजलाल सिंह जाति सामान्य	54	0.06	0.06	एक फसली
		57	0.40	0.40	एक फसली
		60/1	0.10	0.10	एक फसली
		60/3	0.21	0.21	एक फसली
	योग -	04	0.77	0.77	
24	शिवचरण आ0 रनसाय जाति रजवार	121/1 P	0.12	0.11	एक फसली
25	शिवेन्द्र सिंह आ0 सुरेश प्रताप सिंह जाति सामान्य	60/8 P	0.20	0.14	एक फसली
26	शिवप्रसाद आ0 शिवचरण जाति रजवार	115/2	0.13	0.13	एक फसली
27	सोनार साय, रामधन, रामभरोस, धर्मसाय आ0 मोहना	48/1	0.11	0.11	एक फसली
		50/5 P	0.61	0.04	एक फसली
		139 P	0.47	0.02	एक फसली
		116	0.38	0.38	एक फसली
	योग -	04	1.57	0.55	
28	सुखदयाल आ0 रामा रजवार	113/1 P	0.20	0.02	एक फसली
		144/1	0.06	0.06	एक फसली
	योग -	02	0.26	0.08	
29	सुरेश प्रताप सिंह आ0 बृजराज सिंह जाति सामान्य	60/10 P	0.60	0.08	एक फसली
30	सुशीला सिंह पुत्री विजय बहादुर सिंह जाति सामान्य	56/1 P	0.81	0.37	एक फसली
31	श्रीप्रसाद आ0 मोतीलाल जाति बरगाह	118/5	0.20	0.20	एक फसली
32	हीरालाल आ0 जीतन	68 P	0.25	0.08	एक फसली
	कुल योग -	41	13.17	7.53	

खान प्रबंधक,
महामाया भूमिगत खदान,
एसईसीएल, भटगांव क्षेत्र

SECL/25-26/298

बिल्डर गिरफ्तार, सीईओ को राज्य सरकार ने हटाया

■ इंजीनियर की मौत मामले की जांच में जुटी एसआईटी

नोएडा। मॉल के बेसमेंट के लिए नोएडा में खोदे गए गड्ढे में भरे पानी में डूबकर युवा सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत पर बढ़ते आक्रोश के बीच राज्य सरकार ने नोएडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) लोकेश एम को हटा दिया है। इस घटना की निष्पक्ष और गहन जांच के लिए मुख्यमंत्री के आदेश पर तीन सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया गया है। एसआईटी ने अपना काम शुरू कर दिया है और नोएडा प्राधिकरण पहुंचकर जांच में जुट गई है। करीब 2 घंटे नोएडा प्राधिकरण दफ्तर में रहने के बाद, एसआईटी घटनास्थल के लिए रवाना हुई। एसआईटी से पांच दिन में जांच रिपोर्ट तलब की गई है। उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एडीजी जोन मेरठ करेंगे एसआईटी का नेतृत्व

एसआईटी का नेतृत्व एडीजी जोन मेरठ करेंगे। उनके साथ मंडलायुक्त मेरठ और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के चीफ इंजीनियर को भी टीम में शामिल किया गया है। जांच टीम को हादसे के कारणों, संबंधित विभागों की भूमिका, लापरवाही की जिम्मेदारी और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के उपायों की विस्तृत पड़ताल करने के निर्देश दिए गए हैं।

उधर, मामले में नॉलेज पार्क कोतवाली पुलिस ने एमजेड विजटाउन के मालिक बिल्डर अभय कुमार को गिरफ्तार किया है। सेक्टर-150 क्षेत्र में भारी जलभराव के दौरान सॉफ्टवेयर इंजीनियर की कार पानी से भरे गड्ढे/अंडरपास में फंस गई थी, जिससे कार समेत व्यक्ति की

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/क्षेमप्र (हसदेव)/भू.रा./25-26/144 | दिनांक 10.10.2026

सूचना

इस प्रकाशन के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि एसईसीएल हसदेव क्षेत्रान्तर्गत शीतलधारा कुरजा यूजी माईन कालरी के डिपलरिंग हेतु ग्राम-रेउन्दा के निम्नलिखित भू-विस्थापितों एवं उनके द्वारा नामित, आश्रित उम्मीदवार को एसईसीएल में रोजगार प्रदान करने हेतु एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से स्वीकृति प्राप्त किये जाने बाबत् औपचारिकताएँ यथाशीघ्र प्रारम्भ की जावेगी।

S N	Name as per Land Owner on date of sanction 9 (i)	Name as per P-II & B-I Statement 1-A [Landowner on date of compensation assessment]	Name of PAP proposed for employment		Document	Name
1	सुमेर सिंह पिता परमेश्वर भैना जाति - भैना ग्राम- रेउन्दा खसरा नं. 421, 425 रकबा- 0.587 है. 0.581 है. (2.88 एकड़)	सुमेर सिंह पिता परमेश्वर भैना जाति - भैना ग्राम- रेउन्दा खसरा नं. 421, 425 रकबा- 0.587 है. 0.581 है. (2.88 एकड़)	सुमेर सिंह पिता परमेश्वर भैना	1	वंशवृक्ष	सुमेर सिंह भैना पिता स्व. परमेश्वर भैना
				2	निवास प्रमाण पत्र	सुमेर सिंह पिता परमेश्वर सिंह
				3	समग्र / राशन कार्ड	SUMER SINGH BHAINA
				4	मतदाता परिचयपत्र	निरंक
				5	आधार कार्ड	सुमेर सिंह पिता स्व. परमेश्वर भैना
				6	शिक्षा प्रमाण पत्र	निरंक
				7	रोजगार पंजीयन	SUMER SINGH BHAINA
				8	पेनकार्ड	SUMER SINGH S/O PERMESHWAR
				9	जाति प्रमाण पत्र	सुमेर सिंह पिता स्व. परमेश्वर सिंह

उपरोक्त तालिका में दर्शाये गये भू-स्वामी एवं आश्रित रोजगार बाबत् प्रस्तावित सदस्य के संबंध में किसी भी संबंधित व्यक्ति को इस पर आपत्ति हो, तो अपना पूरा नाम हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजो/प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि के पश्चात् या दस्तावेजी प्रमाण नहीं होने की स्थिति में दावा-आपत्ति मान्य नही होगा।

क्षेत्रीय महाप्रबंधक, एसईसीएल, हसदेव क्षेत्र

SECL/25-26/294

0 सनी देओल की फिल्म 'बॉर्डर 2' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वाली है। यह युद्ध वाली ड्रामा फिल्म इस वीकेंड में बहुत अच्छी शुरुआत कर सकती है। 'बॉर्डर 2' की रिलीज से पहले जानिए इसका एडवांस बुकिंग कलेक्शन। 'बॉर्डर 2' की एडवांस बुकिंग सोमवार से शुरू हुई। सिर्फ 24 घंटे में ही फिल्म को बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिला है।

असम में आदिवासी समुदायों के बीच झड़प, एक की मौत

गुवाहाटी। असम के कोकराझार जिले में मंगलवार को भीड़ हिंसा के बाद आदिवासियों के बीच कथित तौर पर झड़पें हुई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि त्वरित कार्रवाई बल तैनात किया गया है और इंटरनेट/मोबाइल डेटा सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गई हैं। दरअसल, मवेशी चोरी के संदेह में सोमवार को भीड़ ने पांच लोग पर हमला कर दिया था। गृह विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को स्थिति तब और बिगड़ गई जब आदिवासी समुदायों ने करीगांव चौकी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया, टायर और कुछ घरों को जला दिया, एक सरकारी कार्यालय में आग लगा दी और करीगांव पुलिस चौकी पर हमला कर दिया। कानून-व्यवस्था की स्थिति को बिगड़ने से रोकने और उसे नियंत्रित करने के लिए त्वरित कार्रवाई बल को तैनात किया गया है।

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क./202601140400014/अ-6/2025-26
(उद्‌घोषणा)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक समीर कुमार मिश्रा पिता स्व. प्रकाश चन्द्र मिश्रा निवासी सुभाष वार्ड कांकेर के द्वारा मोहल्ला मांझापारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 12 बी, प्लाट नं. 121, 122/2, क्षेत्रफल 104 व.मी., पक्का मकान, भू भाटक 26.97 रु. विमला बाई पति प्रकाश चन्द्र, समीर पिता प्रकाश चन्द्र नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। पट्टेदार विमला बाई पति प्रकाश चन्द की मृत्यु दिनांक 29.05.2024 को होने का उल्लेख करते हुये मृतक पट्टेदार का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर शेष पट्टेदार का नाम यथावत् रखे जाने मेन्टेनेंस खसरा, नक्शा, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार, शपथ पत्र, तलवाना सहित छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत् इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्‌घोषणा के नगर/ मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नही की जावेगी।

आज दिनांक 20/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

नजूल अधिकारी,
उत्तर बस्तर कांकेर

न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)
-:: ईश्तहार ::-
क्रमांक क/वा/नजूल / 2026
मुंगेली, दिनांक 08.01.2026

श्री सनत यादव पिता स्व.श्री गंगाचरण यादव, निवासी मोहल्ला तिलक वार्ड मजगांवपारा मुंगेली, तहसील मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)....... .... आवेदक
बनाम
छ.ग.शासन .... अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक **श्री सनत यादव पिता स्व.श्री गंगाचरण यादव,** निवासी मोहल्ला तिलक वार्ड मजगांवपारा मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा नगर मुंगेली के मोहल्ला मजगांवपारा मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 36, प्लाट **नं. 73, क्षेत्रफल 100 वर्गमीटर** का नजूल कर निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालो को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक **27.01.2026** को दिन के 11:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार / अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नही होगा।

आज दिनांक **08.01.2026** को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नजूल अधिकारी,
मुंगेली (छ.ग.)

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

अनुलग्न-अ

कार्य विवरणः 'रेलवे भूमि के प्रबंधन के लिए नीति' पर मास्टर परिपत्र के तहत रेलवे भूमि के अनुमत उपयोग लाइसेंस के आवंटन के लिए ई-नीलामी।

रेलवे भूमि के प्रबंधन के लिए नीति पर मास्टर परिपत्र के तहत रेलवे भूमि के अनुमत उपयोग के लिए लाइसेंस के कार्य हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की गई है। कैटेलॉग पहले ही IREPS वेबसाइट (https://ireps.gov.in) पर प्रकाशित की जा चुकी है। विवरण निम्नानुसार है:-

कैटेलॉग क्र.	श्रेणी	नीलामी दिनांक एवं समय	लॉट क्रमांक	लॉट विवरण	अनुबंध अवधि
BSP-Halting Bay2	Misc-Static-Services	30.01.2026 15:30	MSS-BSP-BSP-STGen-134-25-1	BSP स्टेशन की हॉल्ट सड़कों के पास संबद्ध सेवाओं के साथ हॉल्टिंग बे को विकसित करने, संचालित करने और प्रबंधित करने का लाइसेंस।	03 वर्ष

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक
द.पू.म.रेलवे, बिलासपुर

सीपीआरओ/10/634

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/जीएम/भट/एसएम/जगन्नाथपुर/2025/1836

सूचना

जगन्नाथपुर खुली खदान परियोजना हेतु भू-अधिग्रहण के एवज में नियमानुसार रोजगार देने की प्रक्रिया चल रही है। इस प्रक्रिया में ग्राम जगन्नाथपुर की भूस्वामी एवं उनके आश्रित द्वारा रोजगार हेतु प्रस्तुत किये गये दस्तावेजों में उनके स्वंय/माता पिता/आश्रितों के नाम में अंतर है तथा दस्तावेजो जैसे- बी 1, पंचशाला, ऋण पुस्तिका, योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पत्रक-5, पत्रक-6 में विभिन्न नाम दर्ज है। तत्संबंध में भूस्वामी एवं प्रस्तावित व्यक्ति द्वारा सही नाम का शपथ पत्र कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। अतः जन साधारण के लिए निम्न तालिका में जानकारी प्रकाशित की जा रही है :-

ग्राम-जगन्नाथपुर

क्र.	9 (1) के समय भू-स्वामी का नाम एवं प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार सही नाम	भूमि संबंधी एवं अन्य दस्तावेजों में भू-स्वामी का नाम	खसरा न.	रकबा (हे.)	उम्मीदवार का वास्तविक नाम प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार	रोजगार हेतु नामांकित उम्मीदवार व्यक्तिगत के दस्तावेजो में नाम
01	9 (1) के अनुसार भूमि स्वामी का नाम - प्यारे लाल सिंह आ. स्व. जग्गू राम, तिवारी संडिल्य आ. स्व. जग्गू राम, बेसाहू आ. धोधी, गिरधारी आ. सोबरन (फौत)	राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2008-2009 में नाम - प्यारेलाल आ. जग्गू राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2016-2017 में नाम - प्यारेलाल आ. जग्गू नामांकन में नाम - प्यारे लाल सिंह आ. स्व. जग्गू राम वंशवृक्ष मे नाम - प्यारे लाल सिंह आ. जग्गू राम रोजगार सूची मे नाम - प्यारेलाल आ. जग्गू मुआवजा प्रपत्र मे नाम - प्यारेलाल आ. जग्गू ऋण पुस्तिका मे नाम - प्यारे लाल पि. जग्गू आधार कार्ड में नाम - प्यारे लाल सिंह आ. जग्गू राम वोटर कार्ड मे नाम - प्यारे लाल सिंह आ. जग्गू राम बैंक पासबुक मे नाम - PYARELAL S/O JAGGU	1241 1254 कुल 02	0.54 0.16 0.70 है 1.73 ए	1. शैनाथ सिंह आ. बाबूलाल सिंह	नामांकन मे नाम - शैनाथ सिंह आ. बाबूलाल सिंह वंश वृक्ष मे नाम - शैनाथ सिंह आ. बाबू लाल आधार कार्ड मे नाम - शैनाथ सिंह आ. बाबूलाल (Shainath Singh S/o Babulal) वोटर कार्ड मे नाम - शैनाथ सिंह आ. बाबूलाल सिंह (Shainath Singh S/O Babulal Singh) जाति प्रमाण पत्र मे नाम - शैनाथ सिंह आ. बाबूलाल सिंह निवास प्रमाण पत्र मे नाम - शैनाथ सिंह आ. बाबूलाल राशन कार्ड मे नाम - शैयनाथ सिंह आ. बाबूलाल रोजगार पंजीयन मे नाम- SHAINATH SINGH S/O BABULAL SINGH 12th की अंकसूची- SHAINATH SINGH S/O BABULAL SINGH
	1. शपथ पत्र के अनुसार भूमि स्वामी का सही नाम-प्यारे लाल सिंह आ. स्व. जग्गू राम 2. शपथ पत्र के अनुसार भूमि स्वामी का सही नाम-तिवारी संडिल्य आ. स्व. जग्गू राम 3. शपथ पत्र के अनुसार भूमि स्वामी का सही नाम- बेसाहू आ. धोधी गिरधारी आ. सोबरन के फौत हो जाने के कारण विधिक वारिसो का नाम निम्न है- सुखराम सिंह आ. स्व. गिरधारी, बाबूलाल आ. स्व. गिरधारी, फूल कुमारी पत्नी स्व. मोतीलाल संडिल्य, सिंगारो पोर्ते आ. स्व. गिरधारी, पत्नी गिरधारी पोर्ते	राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2008-2009 मे नाम - तिवारी आ. जग्गू राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2016-2017 मे नाम - तिवारी आ. जग्गू नामांकन मे नाम - तिवारी संडिल्या आ. स्व. जग्गू राम वंशवृक्ष मे नाम -तिवारी संडिल्या आ. स्व. जग्गू राम रोजगार सूची मे नाम - तिवारी आ. जग्गू मुआवजा प्रपत्र मे नाम - तिवारी आ. जग्गू ऋण पुस्तिका मे नाम - तिवारी पि. जग्गू आधार कार्ड मे नाम - तिवारी संडिल्या आ. जग्गू राम संडिल्या वोटर कार्ड मे नाम - तिवारी संडिल्या आ. जग्गू राम संडिल्या बैंक पासबुक मे नाम - TIWARI राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2008-2009 मे नाम - बेसाहू आ. धोधी राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2016-2017 मे नाम - बेसाहू आ. धोधी नामांकन मे नाम - बेसाहू आ. धोधी वंशवृक्ष मे नाम - बेसाहू आ. धोधी रोजगार सूची मे नाम - बेसाहू आ. धोधी मुआवजा प्रपत्र मे नाम - बेसाहू आ. धोधी ऋण पुस्तिका मे नाम - बेसाहू पि. धोधी आधार कार्ड मे नाम - Besahu S/O Dhodhi वोटर कार्ड मे नाम - बेसाहू मरकाम आ. धोधी बैंक पासबुक मे नाम - BAISAKHU गिरधारी आ. सोबरन के फौत हो जाने के कारण उनके वारिस के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार भूमि स्वामी का विभिन्न दस्तावेज मे नाम निम्न है :- राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2008-2009 मे नाम - गिरधारी आ. सोबरन राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2016-2017 मे नाम - गिरधारी आ. सोबरन वंशवृक्ष मे नाम - गिरधारी आ. सोबरन रोजगार सूची मे नाम - गिरधारी आ. सोबरन मुआवजा प्रपत्र मे नाम - गिरधारी आ. सोबरन ऋण पुस्तिका मे नाम - गिरधारी पि. सोबरन मृत्यु प्रमाण पत्र मे नाम - गिरधारी आ. सोबरन				
	1. शपथ पत्र के अनुसार भूमि स्वामी का सही नाम - सुखराम सिंह आ. गिरधारी 2. शपथ पत्र के अनुसार भूमि स्वामी का सही नाम - बाबूलाल आ. स्व. गिरधारी 3. शपथ पत्र के अनुसार भूमि स्वामी का सही नाम- फूल कुमारी पत्नी स्व. मोतीलाल संडिल्य, 4. शपथ पत्र के अनुसार भूमि स्वामी का सही नाम -सिंगारो पोर्ते आ. स्व. गिरधारी पत्नी गिरधारी पोर्ते	आधार कार्ड मे नाम - सुखराम सिंह आ. गिरधारी सिंह वोटर कार्ड मे नाम - सुखराम सिंह आ. गिरधारी वंशवृक्ष मे नाम- सुखराम सिंह आ. गिरधारी आधार कार्ड मे नाम - बाबु लाल आ. गिरधारी वोटर कार्ड मे नाम - बाबू लाल आ. गिरधारी वंशवृक्ष मे नाम- बाबू लाल आ. गिरधारी आधार कार्ड मे नाम - फूल कुमारी पत्नी स्व. मोतीलाल संडिल्य वोटर कार्ड मे नाम - फूल कुंवारी संडिल्य पत्नी मोतीलाल संडिल्य वंशवृक्ष मे नाम- फूल कुमारी पत्नी मोतीलाल संडिल्य आधार कार्ड मे नाम - सिंगारो पोर्ते पत्नी गिरधारी पोर्ते वोटर कार्ड मे नाम - सिंगारो पोर्ते पत्नी गिरधारी पोर्ते वंशवृक्ष मे नाम- - सिंगारो पोर्ते आ. गिरधारी				

उपरोक्त दर्शाये गये भूमि खसरा नम्बर के सामने दर्शाये गये व्यक्तियों को रोजगार दिया जाना है। जिसमें यदि किसी भी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति है, तो समाचार पत्र मे प्रकाशन के एक सप्ताह के भीतर निम्न पते पर लिखित शिकायत दर्ज कर सूचित करें:- पताः- उपक्षेत्रीय प्रबंधक, जगन्नाथपुर उपक्षेत्र, कार्यालय-जगन्नाथपुर उपक्षेत्र, एसईसीएल भटगाँव क्षेत्र, धरमपुर, तहसील-प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर छ.ग.।

उपक्षेत्रीय प्रबंधक,
जगन्नाथपुर उपक्षेत्र, एसईसीएल, भटगांव क्षेत्र

SECL/25-26/299

आज बिलासपुर में एसईसीएल के नये अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) श्री हरीश दुहन जी से भेंट कर उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं देते दैनिक नव प्रदेश के प्रधान संपादक यशवंत धोटे।

बदला मौसम का मिजाज, दिन में बढ़ी गर्मी, रात की ठंड बरकरार

रायपुर में अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मौसम अब धीरे-धीरे करवट बदलने लगा है। दिन और रात के तापमान में बढ़ते अंतर से लोगों को मौसम के बदलाव का साफ अहसास हो रहा है। बीते 24 घंटों में राजधानी रायपुर में न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि दिन चढ़ते-चढ़ते अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री तक पहुंच गया। यानी रात की तुलना में दिन का पारा लगभग दोगुना हो गया, जिससे दोपहर में गर्मी का असर साफ नजर आने लगा है।

दुर्ग और राजनांदगांव में अधिकतम तापमान 32 डिग्री: राज्य के अन्य हिस्सों में भी यही स्थिति बनी हुई है। दुर्ग और राजनांदगांव में अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया, जबकि उत्तर छत्तीसगढ़ में अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों में न्यूनतम तापमान सामान्य के आसपास रहा, लेकिन अधिकतम तापमान सामान्य से करीब तीन डिग्री अधिक दर्ज किया गया है। अगले दो दिनों तक दिन के तापमान में और बढ़ोतरी की संभावना जताई गई है, हालांकि इसके बाद तापमान में दो से तीन डिग्री तक की गिरावट भी हो सकती है।

ठंड का मौसम अब ढलान पर: मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि ठंड का मौसम अब ढलान पर है। सुबह और रात के समय ठंड का असर अभी बना हुआ है, लेकिन दिन निकलते ही धूप की तेज़ी गर्मी का एहसास कराने लगी है। पिछले कुछ दिनों से सुबह सातङ्कआठ बजे तक हल्की ठंड महसूस हो रही है, इसके बाद धूप तेज हो जाती है और वातावरण में गर्माहट बढ़ने लगती है। विशेषज्ञों के अनुसार, सबसे पहले मैदानी इलाकों में ठंड का प्रभाव कम होगा, फिर बस्तर और सरगुजा संभाग में भी धीरे-धीरे तापमान बढ़ेगा। हालांकि फरवरी और मार्च के दौरान रात की हल्की ठंड बने रहने की संभावना है।

संक्रमण से बचाव के लिए सतर्क रहना जरूरी

मौसम के इस बदलाव का असर जनजीवन पर भी दिखने लगा है। दोपहर में लोग हल्के कपड़ों में नजर आ रहे हैं, वहीं सुबह और देर रात अब भी स्वेटर और जैकेट की जरूरत महसूस हो रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि इस समय तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण सर्दी-जुकाम और वायरल संक्रमण से बचाव के लिए सतर्क रहना जरूरी है।

सुबह हल्की धुंध छाए रहने की संभावना

राजधानी रायपुर की बात करें तो आज सुबह हल्की धुंध छाए रहने की संभावना है। दिन में मौसम साफ़ रहेगा और धूप तेज रह सकती है। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक आज रायपुर में अधिकतम तापमान करीब 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया जा सकता है। आने वाले दिनों में गर्मी का असर और बढ़ने के संकेत हैं, जिससे प्रदेश में धीरे-धीरे बसंत के बाद गर्म मौसम की दस्तक महसूस होने लगेगी।

न्यूज गैलरी

छत्तीसगढ़ को मिला देश के सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य घोषित किया गया है। उद्यानिकी एवं कृषि विभाग को संयुक्त रूप से प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री ने विभाग के अधिकारियों को बधाई दी है। यह पुरस्कार राज्य के किसानों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और राज्य सरकार की कृषि नीतियों की सफलता को दर्शाता है। यह पुरस्कार बेंगलुरु, कर्नाटक में 18-19 जनवरी 2026 को आयोजित 13वे नेशनल रिव्यू कांफ्रेंस में दिया गया। उद्यानिकी विभाग की ओर से प्रभारी संयुक्त संचालक नीरज शाहा ने यह पुरस्कार प्राप्त किया।

कबाड़ी के ठिकाने पर पुलिस का छापा तीन गाड़ी जब्त, गोदाम सील

कोरबा/नवप्रदेश। जिले में कबाड़ का अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है। बताया जाता है कि प्रातःकाल स्थित तो कबाड़ियों को ठिकाने पर पुलिस ने छापेमारी के कार्रवाई की। जहां बड़े पैमाने पर अवैध कबाड़ से भरी हुई गाड़ी को जप्त कर गोदाम को सील करने की कार्यवाही की गई है। उल्लेखनीय है कि कबाड़ का अवैध कारोबार जिले में एक बार फिर से जमकर फलने फुलने लगा है बताया जाता है कि लगातार बढ़ती चोरी पर पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल व उनकी टीम ने राताखार स्थित मुकेश कबाड़ी व राजेश कबाड़ी के ठिकाने पर छापेमारी की कार्रवाई की है जहां कबाड़ से भरे हुए दो गाड़ियों को पुलिस ने जप्त किया है। संभवतः जब्त कबाड़ी जिसमें एसईसीएल का माल बताया जा रहा है। पुलिस ने दोनों वाहनों को जप्त कर लिया है वहीं दूसरी ओर मामले में प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी और मुकेश कबाड़ी के गोदाम को सील किया गया है।

शादी समारोह में जाने निकला था युवक, नाले के समीप मिली लाश

कोरबा/नवप्रदेश। एक 20 वर्षीय युवक अपने मोटरसाइकिल में सवार होकर शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहा था जहां बीच रास्ते में वह हादसे का शिकार हो गया। जहां डायल 112 की मदद से उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। हादसा कैसे और किन स्थिति में हुआ यह स्पष्ट नहीं हो पाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसारदर्शी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेमीपाली निवासी योगेश्वर कुमार 20 वर्ष पिता माखन कंवर अपने मोटरसाइकिल में सवार होकर बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रुकबहरी शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर से निकला था बताया जाता है कि सेमीपाली हाउसिंग बोर्ड नाला के समीप योगेश्वर बाइक सहित गिरा हुआ था।

खोखसा फाटक में चलेगा गर्डर डि-लांचिंग का काम, कई गाड़ियां रहेंगी प्रभावित

रायगढ़/नवप्रदेश। मंडल के जांजगीर नैला. चांपा सेक्शनों के मध्य किमी 672/27.673/02 में स्थित समपार फाटक संख्या 343 खोखसा फाटक में गर्डर डि-लांचिंग का कार्य ट्रैफिक सह पावर ब्लॉक लेकर कार्य किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने गुजरने वाली कुछ गाड़ियां प्रभावित रहेंगी। 23 एवं 25 जनवरी को रायगढ़ से चलने वाली 68737 रायगढ़, बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 23 एवं 25 जनवरी को बिलासपुर से चलने वाली 68738 बिलासपुर. रायगढ़ मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 23 एवं 25 जनवरी 2026 को रायगढ़ से चलने वाली 68735 रायगढ़. बिलासपुर मेमू पैसेंजर रह रहेगी। 22 एवं 24 जनवरी 2026 को बिलासपुर से चलने वाली 68736 बिलासपुर. रायगढ़ मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 23 एवं 25 जनवरी 2026 को गोंदिया से चलने वाली गाड़ी संख्या 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन में समाप्त होगी तथा बिलासपुर-झारसुगुड़ा मध्य रद्द रहेगी। इसी प्रकार 23 एवं 25 जनवरी को झारसुगुड़ा से चलने वाली गाड़ी संख्या 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा झारसुगड़ा-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी।

धान खरीदी केंद्रों में नहीं कट रहा टोकन, किसानों ने घेरा कलेक्टोरेट

रायगढ़/नवप्रदेश। जिले के कई धान खरीदी केन्द्रों में टोकन नहीं कट रहा है। इससे किसान परेशान है। जिसे लेकर प्रभावित किसानों ने सोमवार को कलेक्टोरेट का घेराव कर दिया। इस दौरान पूर्व मंत्री व खरसिया विधायक उमेश पटेल और कई कांग्रेस नेता भी मौजूद रहे। प्रभावितों और कांग्रेसियों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर धान बेचने के लिए टोकन जारी करवाने की मांग की है। प्रभावितों ने बताया कि कई किसानों का धान अभी भी खलिहानों में पड़ा हुआ है। जिससे धान खराब होने का डर है। धान खरीदी केन्द्रों में किसानों का धान बेचने में समस्या आ रही है। जिसमें किसानों को पटवारी तहसीलदार व सोसायटी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इससे किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें धान नहीं बेच पाने की वजह से धान सही सलामत रखने में भी जगहों की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रभावितों ने बताया कि धान बेचने के लिये सत्यापन फॉर्म को जमा करने के बाद भी किसानों को धान बेचने के लिए टोकन जारी नहीं किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ को सोलर एनर्जी में अग्रणी राज्य बनाने की योजना पर काम कर रहा शासन

नवा रायपुर बनेगी सोलर सिटी, 18 विभागों के लिए 2370 किलोवाट की बनी योजना

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में भी सोलर से बिजली का उत्पादन करने का काम अब तेजी से करने की तैयारी चल रही है। क्रेडा कई योजनाओं पर काम कर रहा है। नया रायपुर को सोलर सिटी भी बनाने की तैयारी है। इसके लिए क्रेडा ने अब 18 विभागों के लिए 2370 किलोवाट की योजना तैयार की है।

इस योजना को प्रदेश सरकार से मंजूरी के बाद इस पर काम प्रारंभ होगा। पहले 10 मेगावाट बिजली के उत्पादन का 65 करोड़ का प्रस्ताव प्रदेश सरकार के पास भेजा था, लेकिन इसको नामंजूर करके क्रेडा को हर विभाग के लिए अलग-अलग योजना बनाकर देने के लिए कहा गया है।अब क्रेडा ने हर विभाग के लिए अलग-अलग योजना तैयार करके प्रस्ताव भेजा है।

देश में लगातार बढ़ती बिजली की मांग को देखते हुए अब केंद्र सरकार ने सोलर बिजली की तरफ रुख किया है। इसके लिए देश के कई राज्यों में भी काम हो रहा है। जहां एक तरफ केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना पर काम चल रहा है, वहीं राज्यों में बड़े-बड़े सरकारी और निजी सोलर प्लांट भी लगाने का काम हो रहा है। आवासीय कॉलोनियों के लिए भी रेस्को मॉडल में काम हो रहा है।

सरकार को मंजूरी के लिए भेजा प्रस्ताव: क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने बताया कि, नया रायपुर को सोलर सिटी बनाने लिए अलग-अलग विभागों की योजना बनाकर प्रदेश सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है, वहां से मंजूरी के बाद काम प्रारंभ होगा।

किस विभाग के लिए कितने किलोवाट की योजनाः नया रायपुर में अभी पूरी बसाहट नहीं हुई है। लेकिन यहां पर मंत्रालय, सरकारी और कई निजी संस्थानों के साथ मुख्यमंत्री, मंत्रियों के बंगले भी हैं।

क्रेडा ने अब 18 विभागों के लिए अलग-अलग योजना तैयार की है। इसमें सबसे ज्यादा 500 किलोवाट की योजना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की है। इसी के साथ रिटेल कांप्लेक्स के लिए 400 किलोवाट, सीएसआईडीसी मेला स्थल के लिए 250 किलोवाट, ऑफिस कांप्लेक्स के लिए 200 किलोवाट, आदिवासी संग्रहालय के लिए 200 किलोवाट, कमर्शियल कांप्लेक्स के लिए 100 किलोवाट, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के लिए 90 किलोवाट, राज्य योजना आयोग के लिए 90 किलोवाट, इंस्टीट्यूट होटल मैनेजमेंट के लिए 80 किलोवाट, लोक निर्माण विभाग डिवीजन 3 के लिए 70 किलोवाट, छत्तीसगढ़ चुनाव आयोग के लिए 60 किलोवाट, डेवलपमेंट कमिश्नर ऑफिस के लिए 55 किलोवाट, सचिव स्टेट इनफॉर्मेशन कमीशन के लिए 50 किलोवाट, सचिव राज्य चुनाव आयोग के लिए 45 किलोवाट सहित अन्य विभागों में 30-30 किलोवाट की योजना तैयार की है।

लंबे समय से फरार 61 वारंटियों को पुलिस ने दबोचा

कोरबा/नवप्रदेश। जिला पुलिस द्वारा वारंटियों के धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया जहां पुलिस ने एक दिन में ही 61 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में 18 जनवरी को जिलेभर में स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटों की तामिली हेतु विशेष एवं सघन अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक थाना एवं चौकी स्तर पर पृथक-पृथक पुलिस टीमों का गठन कर संभावित ठिकानों पर योजनाबद्ध दबिश दी गई। स्थानीय मुखबिर तंत्र, बीट सिस्टम एवं तकनीकी सूचनाओं के प्रभावी उपयोग से लंबे समय से फरार एवं न्यायालय में अनुपस्थित वारंटी आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अभियान की सतत मॉनिटरिंग अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले और नीतीश ठाकुर द्वारा की गई तथा नगर पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारियों के पर्यवेक्षण में कुल 42 गिरफ्तारी वारंट एवं 19 स्थाई वारंट सहित कुल 61 वारंटों की तामिली की गई। सभी वारंटी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

सीएएफ कैंडिडेट्स और पुलिस अधिकारियों के बीच झड़प

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ आर्म्स फोर्ड के लिए 2018 में 1786 पदों पर भर्ती निकाली गई थी। इनमें लगभग 417 कैंडिडेट वेटिंग लिस्ट में थे। जिन्हें 7 साल बाद भी नौकरी नहीं मिल पाई है। जबकि सीएएफ में 3 हजार से ज्यादा पोस्ट खाली है। इनमें से कुछ उम्मीद हारकर दूसरा करियर ऑप्शन देख चुके हैं।

कुछ 7 साल से लगातार दफ्तरों और मंत्री बंगलों के चक्कर काट रहे हैं। पिछले एक महीने से परिवार-बच्चों सहित तूता धरना स्थल पर बैठे हैं। मंगलवार को चौथी बार पर गृहमंत्री सदन अपनी मांग लेकर पहुंचे। इस दौरान कैंडिडेट्स और पुलिस के अधिकारियों के बीच तीखी नोंक-झोंक हो गई। बता दें कैंडिडेट्स ने गृहमंत्री विजय शर्मा का बंगला घेराव किया। मुलाकात और चर्चा की मांग पर कैंडिडेट्स अड़े हुए रहे। उनका आरोप है कि पुलिस महिलाओं और बच्चों पर जोर आजमाइश कर रही है। हालांकि, बाद में पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए प्रदर्शनकारियों को खदेड़ दिया।

मिलरों के धान उठाव पर रोक, रि-साइक्लिंग का शक

खरीदी बंद होने के बाद होगा उठाव, समिति प्रबंधकों ने कहा- धान रखने की जगह नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी अभियान के अंतिम चरण में मार्कफेड ने धान के उठाव पर आगामी आदेश तक रोक लगा दी है। बताया जा रहा है कि जिलों में राइस मिलरों के यहां मारे गए छापे में धान का स्टॉक कम पाए जाने पर रि-साइक्लिंग के शक पर मार्कफेड ने सभी जिलों से डीओ काटने रोक लगा दी। अब मिलरों को धान खरीदी बंद होने के बाद उठाव करने दिया जाएगा। खरीदी केंद्र प्रभारियों का कहना है कि इससे धान रखने के लिए जगह तक नहीं बचेगी। उल्लेखनीय है कि, किसानों से खरीदा गया धान कस्टम मिलिंग उपार्जन नीति के तहत प्रदेशभर में संचालित राइस मिलों को दिया जाता है, जो धान की मिलिंग करके निश्चित मात्रा में चावल सरकार को वापस करते हैं। पुरानी व्यवस्था के तहत धान की खरीदी के साथ ही राइस मिलरों को धान का उठाव करने के लिए डीओ जारी किया जा रहा था। खरीदी के अंतिम चरण में धान के उठाव पर रोक लगाते हुए अब खरीदी समाप्त होने के बाद ही उठाव कराने का आदेश मार्कफेड द्वारा जारी किया गया है।

सरकार के नए आदेश के बाद अब किसी भी जिले में ऑनलाइन गेट पास जारी नहीं हो रहा है। वर्तमान में प्रदेश भर के धान खरीदी केंद्रों में कई लाख क्विंटल धान का स्टॉक पड़ा हुआ है। चूंकि राइस मिलों के लिए नियमित रूप से धान का उठाव हो रहा था, इसलिए खरीदी केंद्रों में जगह की कमी नहीं हो रही थी, मगर उठाव के बंद होते ही धान का विशाल स्टॉक खड़ा हो जायेगा, और इसका असर खरीदी पर पड़ेगा।

हालांकि ऐसी नौबत हर साल आ रही है और ज्यादा मात्रा में धान की खरीदी के चलते धान महीनों तक केंद्रों में पड़ा रहता है। दरअसल हाल के दिनों में जब प्रदेश के कई जिलों में राइस मिलों पर छापा मारा गया तब वहां धान का स्टॉक निर्धारित मात्रा से कम मिला। आशंका है कि इन मिलरों द्वारा धान की रि-साइक्लिंग की जा रही थी।

इंडिया-न्यूजीलैंड टी20 रायपुर में : होटल कोर्टयार्ड में रुकेगी टीम इंडिया

आम लोगों के लिए किराए में तीन गुना तक की बढ़ोत्तरी, 23 जनवरी को अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में होगा रोमांचक मैच

रायपुर/नवप्रदेश। शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 23 जनवरी को होने वाले टी-20 मैच को लेकर तैयारियां तेज हो चुकी हैं। टीम इंडिया पहले मैच के लिए नागपुर पहुंच चुकी है और 22 जनवरी को रायपुर पहुंचेगी। इस बार टीम इंडिया ने होटल कोर्टयार्ड में रुकने का फैसला लिया है। वही दूसरी ओर न्यूजीलैंड टीम के होटल मायरा में ठहरने की संभावना है।

छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के अनुसार टीम इंडिया का होटल तय हो चुका है। यही वजह है कि होटलों ने 22 और 23 जनवरी के लिए अपना किराया बढ़ा दिया है। खास बात यह है कि टीम इंडिया के लिए खाना होटल कोर्टयार्ड के शेफ ही बनाएंगे। बीसीसीआई के डाइट मेन्यू के हिसाब से खाना तैयार होगा। बता दें कि टीम मैनेजमेंट को यह छूट रहती है कि वह अपनी पसंद का शेफ चुन सके। मैच के दिन खाना होटल से मैदान जाएगा। स्टार खिलाड़ियों को करीब से देखने के लिए फैंस होटल में भी ठरहते हैं।

22-23 जनवरी को होटलों का किराया 30 हजार तक पहुंचा: जिस होटल में टीमें रुकेंगी, वहां आम लोग भी ठहर तो सकते हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें भारी-भरकम किराया चुकाना होगा। टीम इंडिया होटल कोर्टयार्ड में ठहरेगी। सामान्य दिनों में इस होटल का किराया करीब 13 हजार रुपये होता है, जो मैच के दिनों में 30 हजार रुपये तक पहुंच गया है। मैच की तारीख नजदीक आते ही ये रेट और भी बढ़ सकते हैं। दूसरी ओर, मायरा ने भी अपनी कीमतें बढ़ा दी हैं। यहां 22 से 23 जनवरी के बीच किराया 30 हजार रुपये तक पहुंच गया है। नवा रायपुर के होटलों की कीमतों में भी भारी उछाल देखा जा रहा है। मैच के दिन मेफेयर होटल का किराया भी 13 हजार से बढ़कर 23 हजार रुपये तक पहुंच गया है। अन्य होटलों में भी किराया 5 से 10 हजार तक अंतर देखा जा रहा है।

नेट प्रैक्टिस में लोकल बॉलर्स को मिलेगा मौका

टीम इंडिया 22 जनवरी को रायपुर पहुंच जाएगी। चूंकि मैच अगले ही दिन है, इसलिए यदि टीम शाम को नेट प्रैक्टिस करती है, तो पिछली बार की तरह इस बार भी छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को टीम इंडिया और न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों के लिए बॉलिंग करने का मौका मिलेगा। इसमें केवल छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ से जुड़े खिलाड़ियों को ही शामिल किया जाएगा। गौरतलब है कि पिछले वनडे मैच के दौरान भी प्रदेश के खिलाड़ियों ने विराट कोहली और रोहित शर्मा को नेट प्रैक्टिस में बॉलिंग की थी। उस समय इन दिग्गज खिलाड़ियों ने स्थानीय गेंदबाजों का मनोबल भी बढ़ाया था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com